CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

हल्द्वानी, रविवार 5 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 218 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 16 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन, लखनऊ में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी पेज 2



आरसीबी के खिलाफ सीएसके को करनी होगी वापसी खेल टाइम्स




होर्मुज स्ट्रेट को तीन श्रेणी में बांटेगा ईरान पेज 11



ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी रश्मिका मंदाना बॉलीवुड

# ईरान की अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सख्त चेतावनी

## कहा: किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई का जवाब पहले से कहीं ज्यादा करारा और विनाशकारी होगा

**तेहरान, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके खिलाफ किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई की गई, तो उसका जवाब पहले से कहीं ज्यादा करारा और विनाशकारी होगा।

ईरानी सशस्त्र बलों के केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम ज़ोल्फाघारी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि अमेरिका के हालिया बयानों और धमकियों को हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ईरान ने सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों ही नहीं, बल्कि उन देशों को भी चेतावनी दी है जो अपने यहां अमेरिकी सैन्य बेस की अनुमति देते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका को अपने क्षेत्र से बाहर करने के लिए कदम उठाने चाहिए, अन्यथा उन्हें भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। ईरानी सेना ने संकेत दिए हैं कि जवाबी कार्रवाई केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं होगी। इसमें ऊर्जा संयंत्र, ईंधन केंद्र और आर्थिक ढांचे भी निशाने पर हो सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्रवाई पहले से कहीं ज्यादा व्यापक और कठोर होगी। यह पूरा विवाद उस समय और बढ़ गया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बुनियादी ढांचे जैसे पुल, बिजली संयंत्र और ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाने की बात कही थी।



■ **अमेरिकी ठिकानों और सहयोगियों पर साधेंगे निशाना, ऊर्जा और आर्थिक ढांचे पर हमलों का किया ऐलान**

### अमेरिका एसी-130 गनशिप के जरिये कर रहा अपने पायलट की तलाश

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में गिराए गए अपने लड़ाकू विमान के पायलट की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया है और इसके लिए वह एसी-130 गनशिप का इस्तेमाल कर रहा है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। बीबीसी के अमेरिकी साझेदार सीबीएस न्यूज से बात करते हुए अमेरिका के एक पूर्व कमांडर ने बताया कि अगर बचाव अभियान का लक्ष्य ऐसे इलाके में है, जहां हेलीकॉप्टर नहीं पहुंच सकता, तो एसी-130 गनशिप के स्क्वाड्रन उस विमान से छलांग लगाएंगे और पैदल ही तलाश अभियान शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि जमीन पर पहुंचने के बाद स्क्वाड्रन का मकसद लापता क्रू मेंबर से संपर्क करना, जरूरत पड़ने पर मेडिकल मदद देना, दुश्मन से बचना या उसे रोकना और ऐसी जगह पहुंचना होता है, जहां से उन्हें बचाया जा सके।

### ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला, एक की मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजरायल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया।

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी, यूपी में बिजली गिरने से पांच मौतें

**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया है। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। उत्तर प्रदेश की कोसीकला अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। इससे पहले राज्य में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली, पंजाब सहित 11 राज्यों में शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट था।

## संक्षिप्त समाचार

### नासिक में कुएं में गिरी कार, एक ही परिवार के नौ मरे

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहा था, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

### केरलम में 38 प्रतिशत उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस, 339 करोड़पति

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम विधानसभा चुनाव में 38 प्रतिशत उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें सबसे ज्यादा 72 उम्मीदवार कांग्रेस से हैं। भाजपा के 59 और सीपीआई एम के 51 उम्मीदवार हैं। वहीं, 23 प्रतिशत पर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर केस दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने विधानसभा चुनाव लड़ रहे कुल 883 में से 863 उम्मीदवारों के एफिडेविट का एनालिसिस कर शनिवार को यह रिपोर्ट जारी की। 339 करोड़पति प्रत्याशी हैं। यानी हर 5 में से 2 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 2021 में राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में 27 प्रतिशत उम्मीदवार ही करोड़पति थे, लेकिन 2026 में ये नंबर बढ़कर 39प्रतिशत हो गया। यानी 5 साल में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या 48 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 54 प्रतिशत उम्मीदवार ग्रेजुएट नहीं हैं।

### कमलनाथ, आनंद शर्मा व थरूर का सरकार को समर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के 3 बड़े नेताओं ने मिडिल ईस्ट जंग और एलपीजी संकट पर पार्टी लाइन से हटकर बात की। इनमें कमलनाथ, आनंद शर्मा और शशि थरूर शामिल हैं। उधर, राहुल गांधी इन मुद्दों पर सीधे प्रधानमंत्री का नाम लेकर निशाना साध रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भारत के डिप्लोमैटिक तरीके की तारीफ करते हुए इसे मैच्योर और स्किलफुल बताया। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गैस संकट पर कहा था कि ऐसी कोई कमी नहीं है। यह बस माहौल बनाया जा रहा है। आनंद शर्मा ने 2 अप्रैल को एक्स पर लिखा कि संकट से निपटने में भारत का डिप्लोमैटिक तरीका समझदारी भरा रहा है। इससे संभावित मुश्किलों से बचा गया है। सरकार ने एक अप्रत्याशित और अस्थिर स्थिति में राजनीतिक नेताओं को पॉलिसी फैसलों के बारे में बताने के लिए एक आल-पार्टी मीटिंग भी की।

# खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

## कांग्रेस चुनावी फायदे व मुझे गाली देने के लिए 1 करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार

**तिरुवल्ला, वार्ता**

**केरल में** चुनावी बिगुल बज चुका है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सूबे के तिरुवल्ला में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर प्रहार किए। पीएम ने कांग्रेस पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनावी फायदे और मुझे गाली देने के लिए एक करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके। प्रधानमंत्री ने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि मैं कांग्रेस और एलडीएफ-यूडीएफ के लोगों से साफ कह देना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह है और चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के जो लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। प्रधानमंत्री ने केरल की संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सीधा निशाना केरल की महान संस्कृति और आस्था पर है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों ने सबरीमाला तीर्थ को बदनाम करने की साजिश रची और अब यह इनकी लूट का अड्डा बन गया है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सबरीमाला में जो कुछ भी हुआ वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह चोरी एलडीएफ सरकार में हुई और इसके तार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े पाए गए हैं। यही वजह है कि एलडीएफ सरकार इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर चीज में झूठ बोलना इनका स्वभाव बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम सीएए लेकर आए, तब इन्होंने खूब झूठ फैलाया। आज कानून लागू हो चुका है और देश का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने द केरल फाइल्स और कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि सच सामने आते ही विपक्ष इसे झूठ का पुलिंदा बताने लगता है। आजकल ये लोग यूसीसी को लेकर भी ऐसा ही भ्रम फैला रहे हैं।



■ **मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर किए प्रहार**

### केरलम में एलडीएफ जाएगी, एनडीए आएगी: मोदी

**तिरुवल्ला।** केरलम के तिरुवल्ला पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के चुनाव में केरलम में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।

# ईरानी तेल टैंकर को भुगतान मुद्दों के कारण चीन मोड़े जाने की रिपोर्ट गलत: पेट्रोलियम मंत्रालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों को गलत बताया है जिनमें कहा गया है कि ईरान से कच्चा तेल लेकर आ रहे तेल टैंकर को 'भुगतान मुद्दों' के कारण भारत के बजाय चीन की ओर मोड़ दिया गया है।

मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में किया गया यह दावा कि ईरानी कच्चे तेल का एक कार्गो भुगतान मुद्दों के कारण वाडिनार, भारत से चीन की ओर मोड़ दिया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित कर लिया है, जिसमें ईरान से भी आपूर्ति शामिल है और अफवाहों के विपरीत, ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए कोई भुगतान बाधा नहीं है। गुरुवार को शिप ट्रैकिंग साइट के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि करीब छह लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस्वातिनी के ध्वज वाला टैंकर भारत के वाडिनार बंदरगाह पर आ रहा है। हालांकि जहाजरानी मंत्रालय ने कहा था कि उसे इस टैंकर के बारे में विशेष जानकारी नहीं है। शुक्रवार को इस साइट के हवाले से खबरों में कहा गया कि पिग शुन नामका यह टैंकर चीन के बंदरगाह डोंगयिग की ओर बढ़ रहा है। इसके बाद मीडिया की रिपोर्टों में कहा गया कि यह इस टैंकर को 'भुगतान मुद्दों' के कारण चीन मोड़ दिया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा कि ईरानी कच्चे तेल का एक कार्गो भुगतान मुद्दों के कारण वाडिनार, भारत से चीन की ओर मोड़ दिया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है, और कंपनियों को वाणिज्यिक विचारों के आधार पर विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूरा लचीलापन प्राप्त है।

■ **कहा: भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित किया**

# 200 करोड़ की ठगी मामले में लीना मारिया की जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े मामले में आरोपी और सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी फिल्म अभिनेत्री लीना मारिया की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दाखिल जमानत याचिका पर शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है।

अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने लीना मारिया की मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ आर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) के तहत दायर जमानत याचिका पर बहस पूरी कर ली थी।

■ **कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल निर्धारित की**

### प. बंगाल में 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश दिए हैं। सहायक मतदान केंद्र उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे, जहां मतदाताओं की संख्या प्रति मतदान केंद्र 1200 से अधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य में 321 मतदान केंद्रों को मतदाताओं की सुविधा के लिए उनके पहले निर्धारित स्थानों से दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा।

# हजारों हमलों के बाद भी ईरान की ताकत बरकरार

## अमेरिकी खुफिया आकलन: 50 प्रतिशत लॉन्चर अभी भी सुरक्षित, मिसाइलें गुफाओं में छिपाई

**वाशिंगटन, वार्ता**

**लगातार पांच** हफ्तों से जारी अमेरिका और इजरायल के हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। अमेरिकी खुफिया आकलन, जिसका हवाला सीएनएन ने तीन सूत्रों के जरिये बताता है कि ईरान के करीब आधे मिसाइल लॉन्चर अब भी सुरक्षित हैं और उसके पास हजारों आत्मघाती ड्रोन मौजूद हैं।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, कुछ लॉन्चर ऐसे हैं, जो हमलों के बाद जमीन के नीचे दब गए हैं या पहुंच से बाहर हो गए हैं, लेकिन नष्ट नहीं हुए। एक सूत्र का कहना है कि ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। ड्रोन ताकत भी काफी हद तक बची हुई है। अनुमान है कि ईरान की लगभग आधी ड्रोन क्षमता अब भी सक्रिय है। इसके अलावा तटीय रक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाली क्रूज मिसाइलें भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जो होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों के लिए खतरा बनी हुई हैं। व्हाइट हाउस ने इन खुफिया आकलनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गुमनाम सूत्र ट्रम्प की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार का दावा है कि ईरान की नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है, दो-तिहाई सैन्य उत्पादन क्षमता नष्ट हो गई है और अमेरिका तथा इजरायल को हवाई बढ़त हासिल है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों में करीब 90 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि जमीनी स्थिति इससे अलग संकेत देती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार 12,300 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद ईरान की क्षमताएं पूरी तरह खत्म नहीं हुईं। इजरायल का अनुमान है कि केवल 20 से 25 प्रतिशत लॉन्चर सक्रिय हैं, हालांकि इसमें वे सिस्टम शामिल नहीं हैं जो सुरंगों और गुफाओं में छिपे हुए हैं। ईरान की रणनीति का अहम हिस्सा उसके भूमिगत ठिकाने हैं। उसने मिसाइल और लॉन्च सिस्टम को सुरंगों और गुफाओं में छिपाकर रखा है, जिससे उन्हें ढूंढ़ना और नष्ट करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा मोबाइल लॉन्चर तेजी से जगह बदलते हैं, जिससे उन पर निशाना साधना और भी कठिन हो जाता है।



■ **ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है**

# चीनी CCTV कैमरों से लोगों को जोखिम में डाल रही सरकार: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चीनी सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रही है और जिन पर खुद उसने प्रतिबंध लगाया उन्हीं से निगरानी करवाकर जनता की जान जोखिम में डाल रही है।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार से जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल पूछा तो ठोस जवाब नहीं दिया गया। उनका कहना था कि सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे अब भी लगे हुए हैं। प्रतिबंधित चीनी एप्स बदले हुए नामों के साथ फिर से सामने आ रहे हैं। विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सबके बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछा। जवाब में बहुत कुछ कहा गया लेकिन जो पूछा गया था उसका कोई जवाब नहीं मिला। हमारे कैमरे किन देशों से आए। उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने यहां आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री सबसे पहले बाबा काल भैरव के दरबार पहुंचे। उन्होंने वहां माथा टेका और आरती उतारकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। दर्शन के बाद निकलते समय योगी ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से बातचीत की। सभी ने प्रणाम कर अपने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार को देखकर लोग प्रसन्न नजर आए। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे।

### सपा ढोंगी पार्टी 2027 में फिर आएगी भाजपा: जयवीर

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने समाजवादी पार्टी को ढोंगी पार्टी करार देते हुए आरोप लगाया कि सपा सरकार के कार्यकाल में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं सबसे अधिक हुईं। सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि सपा अब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयाई बनने का दिखावा कर रही है, जबकि पहले उनके खिलाफ बयानबाजी करती रही है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे पीडीए की परिभाषा बार-बार बदल रहे हैं और उन्हें स्वयं इसका अर्थ स्पष्ट नहीं है। मंत्री ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता सपा को नकारते हुए फिर भाजपा की सरकार बनाएगी। जयवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## काशी से सीएम योगी का बड़ा ऐलान, इसी महीने से मिलेगा मानदेय

# शिक्षा मित्रों को 18 व अनुदेशकों को 17 हजार मिलेंगे

**वाराणसी, वार्ता**



- शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सीएम ने किया 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य शुभारंभ
- स्कूलों के प्रधानाचार्य गांव मोहल्लों में निकलें व अभिभावको से संवाद करें

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अनुदेशकों को 17,000 तथा शिक्षामित्रों को 18,000 का मानदेय इसी महीने से लागू करने की घोषणा की है। वे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को और सशक्त बनाने तथा हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य शुभारंभ करने शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचे थे।

सीएम ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सीएम योगी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और स्कूल चलो अभियान की सार्थकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 9 वर्ष में लगभग 60 लाख नए बच्चों को बेसिक शिक्षा के स्कूलों से जोड़ा गया है। उन्होंने शिक्षा मित्र अनुदेशक, रसोइयों के लिए भी बड़ी घोषणा की। सीएम ने बताया कि शिक्षक, अनुदेशक, रसोइयों के लिए पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आप काम करिए, सरकार आपके साथ है। सीएम ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि 1 से 15 अप्रैल तक हर शिक्षक को स्कूल चलो अभियान से जुड़ना चाहिए। सीएम ने कहा कि प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ संवाद करें और शिक्षक स्कूल खुलने से थोड़ा पहले निकलकर गांव-मोहल्ले के घरों पर दस्तक दें। अभिभावकों से पूछें कि स्कूल जाने से कोई बच्चा वंचित तो नहीं है। उन्हें बताएं कि सरकार सब नि:शुल्क दे रही है।

### अब खर्च होते हैं 80 हजार करोड़ रुपये

सीएम ने पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी में अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। इस पैसे का परिणाम आना चाहिए। शिक्षक व अधिकारियों ने मेहनत की है, इसलिए सरकार भी आपके साथ खड़ी है। जहां कस्तूरबा गांधी विद्यालय नहीं थे, इस बजट में वहां के लिए भी पैसा दे दिया गया। वहां आठवीं तक की शिक्षा थी, हमने इसे 12वीं तक प्रारंभ कर दिया। श्रमिकों के तथा निराश्रित बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए।

### सीएम ने परोसा खाना, खिलखिलाए बच्चे

इस दौरान मुख्यमंत्रे योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ पर बच्चों को मिड-डे मील परोसा। उन्हें स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकों के साथ उपहार व चॉकलेट भी दी। सीएम ने निपुण विद्यालयों व बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर बच्चों ने भी खिलखिलाकर सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी और न ही गरीब व सामान्य बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी। हालांकि उस समय नकल की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता था। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया।

# अखिलेश यादव ने दी पीडीए फॉर्मूले को धार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- युवाओं से जुड़ने का किया आह्वान

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को अभी से धार देना शुरू कर दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए के उत्थान के लिए हमें खुद आगे आना होगा और अपना वक्त बदलना होगा। अखिलेश यादव ने पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे का नारा दिया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लंबी पोस्ट लिखी और पीडीए को लेकर अहम संदेश दिया। उन्होंने लिखा- प्रिय पीडीए युवक-युवतियों, हर 'पीडीए' को जोड़े है, पीड़ा की एक डोर.. चलो चलें 'अनुशासन से शासन' की ओर! पीडीए के संकल्पबद्ध युवाओं को हर बूथ को मजबूत करने का जो निर्देश दिया गया है, उसको लेकर उनका अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। इस बार बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का प्रयास मिलकर अपनी 'पीडीए सरकार बनाने' और 'संविधान बचाने' के लिए कटिबद्ध-प्रतिबद्ध है। सच तो यही है कि जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा, जब संविधान बचेगा, तभी अधिकार और आरक्षण बचेगा, तभी युवाओं को भेदभाव के बिना काम-कारोबार-रोजगार के बराबर मौके मिलेंगे, नौकरी मिलेगी। वो अपने घर-परिवार के सपने पूरे कर पाएंगे और सम्मान से जीवन जी पाएंगे। आज से पीडीए के युवाओं का यही नया नारा है- पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे!'

# यूपी बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड के लिए अंतिम मौका दिया

**प्रयागराज, वार्ता**

- 652 प्रायोगिक केंद्रों पर अब तक नहीं किए अपलोड

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा 2026 के अंकों के अपलोड को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान किया है।

परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कई विद्यालयों में आंतरिक परीक्षकों द्वारा प्रैक्टिकल अंकों को समय पर ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया, जिससे हजारों छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है। बोर्ड के मुताबिक, इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की गई थीं। पहला चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक तथा दूसरा चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी 2026 तक संपन्न हुआ था। इसके बाद भी जिन विद्यालयों में अंक अपलोड नहीं हो सके थे, उन्हें 13 फरवरी 2026 तक अतिरिक्त समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कई परीक्षा केंद्रों पर लापरवाही बरती गई। ऑनलाइन डेटा की समीक्षा में सामने आया है कि प्रदेश के 652 प्रायोगिक परीक्षा केंद्रों पर अब तक अंक अपलोड नहीं किए गए हैं, जिससे लगभग 34,637 परीक्षार्थियों का परिणाम प्रभावित हुआ है। परिषद ने छात्रहित में एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 6 और 7 अप्रैल 2026 को प्रैक्टिकल अंकों का पोर्टल पुन: खोला जाएगा। निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों के भीतर सभी विद्यालय अपने शेष प्रैक्टिकल अंक अनिवार्य रूप से अपलोड करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि इस अंतिम अवसर के बावजूद अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित परीक्षार्थियों को अनुत्तीर्ण घोषित किया जा सकता है। इसके लिए संबंधित परीक्षक, प्रधानाचार्य और जिला विद्यालय निरीक्षक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# सरकारी इमारतों पर अभी तक चीनी सीसीटीवी क्यों: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



बैन के बाद कांग्रेस नेता का सरकार से सवाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार ने आम लोगों के लिए चीनी सीसीटीवी कैमरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है, लेकिन सरकारी इमारतों में अभी भी ऐसे कैमरे लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा को प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछे थे। जवाब में बहुत कुछ कहा गया, लेकिन जो पूछा गया था, उसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने सरकार से पूछा था कि हमारे कैमरे किन देशों से आए? उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं? कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं? कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ अब भी चल रहे हैं? राहुल ने कहा कि मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब, एक भी प्लेटफार्म का नाम तक नहीं। राहुल गांधी ने सरकार के जवाब का पत्र सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि पांच साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं, आज भी सरकार ने ये नहीं बताया कि आज जो कैमरे हम पर नजर रख रहे हैं, वे सुरक्षित हैं या नहीं।

दिल्ली के सीसीटीवी सर्विलांस नेटवर्क का आधे से ज्यादा हिस्सा चीन में बने कैमरों का है, जिसके चलते राज्य सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए इन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम शुरू कर दिया है।

### सैफई में खेत में गिरा ड्रोन, अखिलेश यादव ने की जांच व मुआवजे की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में गेहूं के खेत में ड्रोन गिरने की घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया, ग्रामीणों को आशंका हुई कि कहीं कोई मिसाइल तो नहीं गिर गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था, तो स्थानीय लोगों को पहले से सूचित किया जाना चाहिए था। बिना भरोसे और पर्याप्त तैयारी के आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास ऐसे परीक्षण करना गंभीर जोखिम पैदा करता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि ड्रोन खेत के बजाय किसी बस्ती में गिरता, तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। अखिलेश यादव ने राज्य सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रभावित किसान के नुकसान और मानसिक आघात का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण निर्जन क्षेत्रों में ही कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सैफई की जनता सवाल उठा रही है कि जब ड्रोन संचालन ही सही ढंग से नहीं हो पा रहा है, तो वहां की हवाई पट्टी से विमान संचालन कैसे संभव होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से सैफई के रनवे को उपेक्षित छोड़ दिया गया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 151090
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 249900
प्रति किलो



# एलपीजी कालाबाजारी पर नकेल अब तक 3700 से ज्यादा छापेमारी

### एक हजार एलपीजी एजेंसियों को नोटिस जारी, 27 सस्पेंड

**नई दिल्ली, वार्ता**

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, नागरिक सुरक्षा और जरूरी सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

सरकार ने घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए एलपीजी और पीएनजी की सप्लाई मजबूत की है। शुक्रवार को ही 51 लाख एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए, जबकि 23 मार्च से अब तक 5.7 लाख छोटे (5 किलो) सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं। 5 किलो वाला एफटीएल एलपीजी सिलेंडर अब सिर्फ वैध आईडी दिखाकर बिना एड्रेस प्रूफ के भी लिया जा सकता है। मार्च 2026 से अब तक 3.5 लाख से ज्यादा नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं और पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड, गेल और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियां सक्रिय हैं। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। अब तक 3700 से ज्यादा छापे मारे गए हैं, 1000 एलपीजी एजेंसियों को नोटिस जारी हुआ है और 27 एजेंसियों को सस्पेंड किया गया है। उद्योगों को फिलहाल 80 प्रतिशत गैस सप्लाई दी जा रही है, जबकि उर्वरक संयंत्रों को 6 अप्रैल से 90 प्रतिशत तक गैस सप्लाई बढ़ाई जाएगी। कमर्शियल एलपीजी सप्लाई भी अब सामान्य स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।



### सोने में तेजी लौटी, चांदी की चमक अभी भी फीकी

**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत में तेजी लौट आई है। शनिवार की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 151090 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। मुंबई में भाव 150940 रुपये प्रति 10 ग्राम है। एक दिन पहले दिल्ली का सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में कोई उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया। कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने का भाव वर्तमान में 4,591.52 डॉलर प्रति औंस है। दूसरी कीमती धातु चांदी की कीमत में गिरावट बरकरार है। 4 अप्रैल की सुबह भाव 249900 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

# पूर्व महिला उपनिरीक्षक दोषी

### अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर व धमकी मामले में फैसला

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रीय राजधानी की द्वारका अदालत ने दिल्ली पुलिस की पूर्व उपनिरीक्षक कविता माथुर को चार्जशीट पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करने और एक वरिष्ठ अधिकारी को धमकी भरा एसएमएस भेजने का दोषी करार दिया है।

यह मामला साल 2015 में किए गए अपराधों से संबंधित है, जब कविता पालम गांव पुलिस थाने में तैनात थीं। अदालत के फैसले के अनुसार, जांच अधिकारी के रूप में काम करते हुए कविता ने पालम गांव थाने की कई प्राथमिकियों की अंतिम रिपोर्ट या चार्जशीट पर तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त एम हर्ष वर्धन के फर्जी हस्ताक्षर किए थे। उन पर प्राथमिकी नंबर 224/14 और 276/14 की अंतिम रिपोर्ट पर तत्कालीन थाना प्रभारी निवती एम कश्यप के हस्ताक्षर भी जाली तरीके से करने और बाद में उन दस्तावेजों को संबंधित अदालत में पेश करने का आरोप था। इसके अलावा 23 जुलाई 2015 को कविता ने अपने मोबाइल फोन से एसीपी हर्षवर्धन के सरकारी मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस भेजा था, जिसमें लिखा था, सर, मैंने बहुत कोशिश की कि मैं सब बातों का सामना करूं, लेकिन ये मेरे लिए बहुत मुश्किल रहा। मैं किसी को फेस नहीं कर पा रही हूं, मैंने आपका साइन कर कोई मामला रद्द नहीं करवाया। सब लोग मुझे अजीब तरीके से देख रहे हैं। मैं अदालत के समक्ष नहीं कर पा रही। मेरा सारा करियर आपकी एफआईआर ने खत्म कर दिया। मैं सुसाइड कर रही हूं। अदालत ने माना कि यह संदेश डराने के इरादे से दी गई 'आपराधिक धमकी' थी। इसका उद्देश्य अधिकारी को डराना और उन्हें मामले की पैरवी करने से रोकना था। अदालत ने देखा कि जब निरीक्षक मीना यादव ने आरोपी से फर्जी हस्ताक्षरों के बारे में पूछताछ की, तो उसने चार्जशीट का आखिरी पन्ना फाड़ दिया, जिस पर जांच अधिकारी (आईओ), एसएचओ और एसीपी के हस्ताक्षर थे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अजमेर की दुष्कर्म पीड़िता और परिजनों को न्याय दे सरकार

### कांग्रेस ने की राजस्थान सरकार से मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने राजस्थान के अजमेर में दुष्कर्म पीड़ित युवती के साथ न्याय नहीं होने तथा परि. जनों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से पीध्तिा को न्याय और परिवार जनों को सुरक्षा देकर दोषियों को तत्काल सजा देने की मांग की है।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेद्र पाल गौतम ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित राजस्थान में 15 साल की दलित बच्ची के साथ 2024 में तीन दबंग युवकों ने दुष्कर्म किया। बच्ची के गर्भवती होने पर उसे दिल्ली लाया गत और फिर अजमेर जाकर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के बयान न्यायाधीश के सामने दर्ज कराए जाते हैं लेकिन 8 महीने तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया। बाद में एक गिरफ्तारी हुई और उनमे 2 को छोड़ दिया गया जबकि न्यायाधीश के सामने तीनों लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का बयान दिया गया था। उन्होंने बताया कि दबंगों ने परिवार पर मामला वापस लेने का दबाव डाला, नहीं माने तो कुल्हाड़ियों से उन पर हमला किया गया। परिजनों को घायल किया गया, लेकिन प्रशासन की तरफ से शिकायत होने पर भी उन्हें किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी गई, उल्टे पुलिस अधिकारियों ने मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया है। श्री गौतम ने आरोप लगाया कि दलितों के खिलाफ अत्याचार के मामले सबसे ज्यादा भाजपा शासित राज्यों में हो रहे हैं। उनका कहना था कि पूरे देश में भाजपा शासित राज्यों में जिस तरह से दलित उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं, वह चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में हो रहे है जबकि दूसरे नम्बर पर मध्य प्रदेश और तीसरे स्थान पर राजस्थान है और फिर बिहार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमाल की बात यह है कि अजमेर पुलिस दलित युवती के साथ दुष्कर्म करने वालों को छोड़ देती है। बलात्कारी उनके परिवार के लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उनकी फसलों को भी काट कर ले गए हैं।

# गाजीपुर में पकड़े गए तीन साइबर ठग, 76 करोड़ ठगे

### 25 राज्य, 75 मुकदमे दर्ज: साइबर पुलिस

**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर साइबर पुलिस ने 67 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को लालच देकर फर्जी अकाउंट खुलवाते थे, फिर उन अकाउंट्स में फर्जीवाड़े की रकम मंगवाई जाती है। इनके पास से पुलिस ने कई सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाइल सहित कई अन्य सामान बरामद किया है।

गाजीपुर पुलिस ने देशभर में फर्जी खातों के जरिए करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले 3 अंतर्राज्यीय अपराधियों ऋषिराज, रोहन कुमार और सचिन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लोगों को लालच देकर उनके नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद वह उन खातों के जरिए साइबर फ्रॉड से कमाए गए पैसे मंग. वाते थे। ये रकम क्रिप्टोकरेंसी या डॉलर के जरिए ट्रांसफर की जाती थी। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल की जांच में देशभर के 25 राज्यों में दर्ज 75 से ज्यादा शिकायत में इनकी संलिप्तता सामने आई हैं, जिनमें करीब 67 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनके पास 700 से ज्यादा फर्जी खाते थे, जिसमें वह साइबर फ्रॉड के पैसे को मंगाकर उसको ठिकाने लगाते थे। पुलिस अधीक्षक डा. इरज ने बताया कि यदि इनके पास मौजूद खातों की जांच की जाए, तो घोटाले का मामला और भी लंबा हो सकता है। यह सभी लोग फ्रॉड किए गए पैसों को डॉलर और क्रिप्टो करेंसी में कन्वर्ट कर पैसों को अन्य खातों या फिर विदेश तक भेजा करते थे। पुलिस ने ऋषिराज, रोहन कुमार और सचिन सिंह नाम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# अंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन लखनऊ में भीड़ जुटाने की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- मायावती के निर्देश पर 14 अप्रैल को प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती लगातार संगठन की बैठकें ले रही हैं। बसपा के पदाधिकारियों की मानें तो मायावती के निर्देश पर 14 अप्रैल को राजधानी लखनऊ में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। पार्टी अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है।

पार्टी के एक पूर्व सांसद ने कहा कि पार्टी 14 अप्रैल को भीम राव अंबेडकर की जयंती पर बड़े आयोजन की तैयारी में जुटी है। यह रैली अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी । यह विरोधी पार्टियों के लिए एक बड़ा संदेश होगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बसपा के नेता ने बताया कि हाल ही में लखनऊ में आयोजित पार्टी की बैठक में मायावती ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक पर एकत्र होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि खास बात यह है कि इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता भी लखनऊ में ही जुटेंगे, क्योंकि दलित प्रेरणा स्थल फिलहाल नवीनीकरण कार्य चल रहा है। ऐसे में इस बार रिकॉर्ड भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। हालाकि मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हों, जिससे आयोजन को और व्यापक बनाया जा सके। इससे पहले 9 अक्टूबर 2025 को बसपा ने अपने संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर भी लखनऊ में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता जुटे थे। इस कार्यक्रम को 2016 के बाद बसपा का सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन माना गया था, जहां मायावती ने एक दशक बाद कांशीराम स्मारक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था।

# सीएम ने किया दून बुक फेस्टिवल-2026 का शुभारंभ

## पुस्तकें केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान का स्थायी स्रोत: धामी

■ मुख्यमंत्री ने किया देशभर से आए साहित्यकारों, कलाकारों एवं साहित्य प्रेमियों का स्वागत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून में आयोजित "दून बुक, फेस्टिवल-2026" का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशकों द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन और गढ़वाली एवं कुमांऊनी पुस्तकों का विमोचन भी किया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने देशभर से आए साहित्यकारों, कलाकारों एवं साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह महोत्सव साहित्य, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम है, जो समाज में ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान को नई दिशा प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस 9 दिवसीय महोत्सव में विभिन्न सत्रों, संवाद कार्यक्रमों, पुस्तक परिचर्चाओं तथा "लेखक से मिलिए" जैसे आयोजनों के माध्यम से साहित्यिक विमर्श को समृद्ध किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के लिए स्थापित "चिल्ड्रेन पवेलियन" को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी में पठन-पाठन की रुचि विकसित होगी।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की समृद्ध साहित्यिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि की इस पावन भूमि ने अनेक महान साहित्यकारों को जन्म दिया है और यह प्रदेश सदैव ज्ञान, संस्कृति एवं सृजन का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। "उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान", "साहित्य भूषण" तथा अन्य पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन हेतु अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में साहित्य ग्रामों की स्थापना की जा रही है, जिससे साहित्यकारों को सृजन के लिए अनुकूल वातावरण मिल सकेगा तथा उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान का स्थायी स्रोत हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे विभिन्न अवसरों पर उपहार स्वरूप पुस्तकों एवं पौधों को प्रोत्साहित करें, जिससे समाज में ज्ञान और पर्यावरण दोनों के प्रति जागरूकता बढ़े।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, आचार्य बालकृष्ण, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिन्द मराठी, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक, देवभूमि उत्तराखण्ड यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष अमन बंसल आदि मौजूद थे।

### महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को पुनः प्रतिष्ठित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड की साहित्यिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन प्रदेश की साहित्यिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

### मुख्यमंत्री ने किया 26 गढ़वाली एवं कुमाउंनी पुस्तकों का लोकार्पण

राजधानी के ऐतिहासिक परेड ग्राउंड में आज से नौ दिवसीय श्दून पुस्तक महोत्सवश का शानदार आगाज हो गया है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा प्रकाशित गढ़वाली-कुमाउनी भाषा की पुस्तकों का लोकार्पण किया। गढ़वाली में अनूदित पुस्तकें जैसे - चौरी-चौरा जनक्रांति को नयो सबेरो, नन्ना हैरा चखुला, उम्मीदै किरण, गैरा सागरा अजूबा, आदमी अर छैल अर हौरी कहानि आदि, और कुमाउनी भाषा में अनूदित पुस्तकें जैसे - माटि म्यर देशे कि, अभिमानै हार, बढ़नै जाणी कान, खाटू श्यामक अणसुणि कहाणि, गुलाब क दगड़ू आदि कुल 26 पुस्तकों का लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री ने किया बाल मंडप का निरीक्षण

मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथिगणों ने महोत्सव में स्थापित बाल मंडप का निरीक्षण किया । बाल मंडप में बच्चों हेतु स्थापित इंटरेक्टिव लर्निंग कॉर्नर का उन्होंने निरीक्षण किया। बाल मंडप में पेंटिंग गतिविधि में प्रतिभाग करने वाले बच्चों से मुख्य अतिथि द्वारा बातचीत की गयी। उत्कृष्ट कला प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपहार स्वरूप पुस्तकें श्एग्जाम वॉरियर्स एवं चंद्रयानश भेंट किया।

### दून पुस्तक महोत्सव ज्ञान और संस्कृति के आदान-प्रदान का मंच : आचार्य बालकृष्ण

विशिष्ट अतिथि आचार्य बालकृष्ण ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति के आदान-प्रदान का मंच है। उन्होंने आधुनिक तकनीक पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एआई अपने आप में चौतन्य चीज नहीं है, वह केवल डेटा सर्च करने का काम करता है, अतः वास्तविक सूचना और ज्ञान के लिए मूल लेखकों को पढ़ना जरूरी है। समारोह के अंत में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेश युवराज मलिक ने धन्यवाद ज्ञापन के दौरान मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य स्थापना के 26 वर्षों बाद पहली बार आध्यात्म के इस बड़े केंद्र में साहित्य, कला और संस्कृति का ऐसा अनूठा संगम हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए रोडमैप के अनुसार यह देश का सर्वोत्तम पुस्तक मेला बनेगा और उत्तराखंड साहित्य के मानचित्र पर वैश्विक स्तर पर चमकेगा।

# डोईवाला व विकासनगर में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से 9 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में जनपद में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) द्वारा सतत प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज डोईवाला एवं विकासनगर क्षेत्र में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण करते हुए कुल 09 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

जिलाधिकारी के निर्देशन में क्यूआरटी टीम द्वारा जनपद स्थित गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल द्वारा आज शहर क्षेत्र में विभिन्न गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बडोवाला स्थित बालाजी रिटेल आउटलेट पेट्रोल पंप का भी जायजा लिया गया।

इस दौरान हीरा गैस एजेंसी से अन्य एजेंसियों पर गैस कनेक्शन ट्रांसफर किए जाने की प्रक्रिया के संबंध में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अधिकारियों से वार्ता की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की संख्या के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# जिलाधिकारी के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

■ बोले, तबादला नहीं होने तक सभी न्यायिक कार्य रहेंगे बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बार एसोसिएशन देहरादून की आम सभा में शनिवार को अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा निर्णय लिया। पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद शर्मा के लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति के विरोध में आयोजित इस आम सभा में वकीलों ने चेतावनी दी कि जब तक जिलाधिकारी का जिले से स्थानांतरण नहीं हो जाता, तब तक कोई भी अधिवक्ता राजस्व न्यायालयों में कार्य नहीं करेगा।

विधि भवन में आयोजित आम सभा में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया और जिलाधिकारी के कथित निर्णय की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि एक सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई न केवल अनुचित है, बल्कि अधिवक्ता समुदाय की गरिमा पर भी आघात है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ये लड़ाई एक व्यक्ति की नहीं बार की लड़ाई है। आम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राजस्व न्यायालयों के पूर्ण बहिष्कार का एलान किया गया। आम सभा के चलते शनिवार को अधिवक्ताओं ने न्यायालयों एवं कार्यालयों में पूर्ण रूप से कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इसके चलते बस्ते, टाइपिंग कार्य, स्टांप वेंडर आदि भी पूरी तरह बंद रहे, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ।

# असम चुनाव में भाजपा नया रिकॉर्ड करेगी कायम: जोशी



■ कैबिनेट मंत्री ने किया असम चुनाव प्रचार के दौरान रंगानदी विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा को संबोधित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून / असम ।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने असम विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान आज युवा नगर में रंगानदी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ऋषिराज हजारिका के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा प्रत्याशी ऋषिराज हजारिका के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस विशाल जनसभा में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी भाजपा प्रत्याशी ऋषिराज हजारिका के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा को मजबूत करने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए पूर्वोत्तर राज्यों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के सहयोग से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और रोजगार के नए अवसरों का तेजी से विस्तार हुआ है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि रंगानदी विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि असम चुनाव में भाजपा एक नया रिकॉर्ड कायम करेगी। उन्होंने आगे कहा कि लंबे समय से लंबित असम,अरुणाचल सीमा विवादों का समाधान कर क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी ऋषिराज हजारिका सहित पार्टी पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# गंगोत्री धाम में दर्शन समय बदला, अब शाम 4 बजे तक होंगे मां गंगा के दर्शन



■ तीर्थ पुरोहितों की वार्षिक बैठक में लिया गया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री धाम में मां गंगा के दर्शन समय में बदलाव किया गया है। अब श्रद्धालु सुबह से शाम 4 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद मंदिर कपाट शाम 7:45 बजे तक बंद रहेंगे और गंगा आरती के बाद रात 10 बजे तक दोबारा दर्शन होंगे।

शनिवार को यह निर्णय गंगोत्री मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहितों की वार्षिक बैठक में लिया गया। समिति के अनुसार इस बदलाव से यात्रियों को धाम में अधिक समय बिताने, घाटों पर पूजा करने और शाम की आरती में शामिल होने का अवसर मिलेगा। साथ ही मंदिर परिसर में पुजारियों और कर्मचारियों के मोबाइल ले जाने पर भी रोक लगाने का फैसला किया गया है। इस मौके पर धर्मानन्द सेमवाल अध्यक्ष श्री गंगोत्री मंदिर समिति, सुरेश सेमवाल सचिव, पं० अरुण सेमवाल संयोजक, अभिषेक उपाध्यक्ष, चण्डी प्रसाद सेमवाल कोषाध्यक्ष, सुशील सेमवाल, प्रदीप सेमवाल सेमवाल, आदि मौजूद रहे है।

### एलपीजी गैस की आपूर्ति की बीस शिकायत दर्ज

**देहरादून।** एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा शतप्रतिशत् होमडिलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है। क्यूआरटी टीम आज क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति आदि सभी गतिविधियों देखी। जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित फोन नंबर और व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से कुल 20 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोलरूम में मौजूद जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में एलपीजी गैस की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता या अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# हरिद्वार गंगा कॉरिडोर के लिए 325 करोड़ की सहायता का अनुरोध



■ मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर की चर्चा

■ कुंभ-2027 के सफल आयोजन के लिए हरिद्वार में विद्युत लाइनों को भूमिगत किए जाने के साथ बुनियादी ढांचे और यातायात सुधार के लिए सहयोग की गुजारिश

■ आरआरटीएस और मेट्रो विस्तार का दिया प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली /देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हरिद्वार शहर में गंगा कॉरिडोर क्षेत्र से संबंधित लगभग 325 करोड़ की परियोजना के लिए धनराशि स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ-2027 के दृष्टिगत इस परियोजना के अंतर्गत विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण एवं प्रणाली के स्वचालन हेतु भी प्रथम चरण में ष्325 करोड़ की धनराशि शीघ्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया, साथ ही द्वितीय चरण के अंतर्गत शेष लगभग 425 करोड़ की धनरा. शि भी अनुमोदित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार एवं ऋषिकेश में आगामी कुंभ-2027 की तैयारियों के संदर्भ में हरिद्वार में घाटों के सौंदर्यीकरण, आवासीय सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं शहरी अवसंरचना के विकास के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय यातायात को सुदृढ़ करने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना को मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक विस्तारित करने के साथ ही देहराद. ून-हरिद्वार-ऋषिकेश मेट्रो कॉरिडोर के विकास का भी अनुरोध किया, ताकि इन शहरों के मध्य आवागमन को सुगम बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में सड़क यातायात पर निर्भरता कम होगी, यातायात जाम की समस्या में कमी आएगी तथा पर्यावरणीय दृष्टि से भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल उत्तराखण्ड के प्रमुख तीर्थस्थलों को आधुनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ते हुए क्षेत्रीय आर्थिक गति. विधियों, पर्यटन एवं समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगी।

केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# भूस्खलन प्रभावित स्थलों के सुधार के लिए 461 करोड़ स्वीकृत

**उत्तराखंड को मिली बड़ी सौगात**

● चारधाम यात्रा मार्ग होगा और सुरक्षित, एनएच-134 पर व्यापक कार्यों को मंजूरी ● सीमांत क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने के लिए एनएच-09 पर भी विशेष फोकस ● मुख्यमंत्री धामी ने केंद्र सरकार का जताया आभार ● यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को मिलेगा नया मजबूती



उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत के लिए 461 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह निर्णय राज्य में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, चारधाम यात्रा को सुगम बनाने तथा सीमांत क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारी सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

**पुष्कर सिंह धामी ,मुख्यमंत्री**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत कार्यों के लिए 461 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्र सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया है, जिससे प्रदेश की सड़क अवसंरचना को नई मजबूती मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस स्वीकृति के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-134 पर भूस्खलन से प्रभावित 17 स्थलों के उपचार के लिए 233 करोड़ तथा पिथौरागढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के तवाघाट-घटियाबागड़ खंड पर 3 संवेदनशील स्थलों के लिए 228 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। यह पहल न केवल आपदा जोखिम को कम करने में सहायक होगी, बल्कि प्रदेश के दुर्गम एवं सीमांत क्षेत्रों में आवागमन को भी सुगम बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-134, जो चारधाम यात्रा का एक प्रमुख मार्ग है, उत्तराखंड में धरासू एवं कुठनोरी से यमुनोत्री धाम को जोड़ता है। यह मार्ग भूस्खलन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील रहा है, जिसके कारण कई बार यातायात बाधित होता है और यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने से इस मार्ग की स्थिरता बढ़ेगी, जिससे चारधाम यात्रा अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगी। साथ ही धार्मिक पर्यटकों, पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर तवाघाट-घटियाबागड़ खंड में भूस्खलन संभावित स्थलों के उपचार से सीमांत क्षेत्रों तक निर्बाध संपर्क स्थापित होगा। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से उत्तराखंड में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। यह स्वीकृति प्रदेश के समग्र विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अग्निवीरों के लिए डिप्लोमा कोर्स के लिए पंजीकरण शुरू

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में जल्द ही सेना के जवान अध्ययन करते हुए दिखाई देगें। पूर्व में गढ़वाल विवि और गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर (जीआरसीसी) लैंसडाउन के बीच हुए समझौत हस्ताक्षर अब धरातल स्तर पर दिखने को मिलेगा।

जीआरसीसी लैंसडाउन के अग्निवीर अब गढ़वाल विवि से अपना डिप्लोमा कोर्स प्राप्त कर सकते है।

इसको लेकर गढ़वाल विवि ने अग्निवीरों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। जीआरसीसी लैंसडाउन के अग्निवीर 25 अप्रैल तक अपना पंजीकरण कर सकते है। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओमप्रकाश गुसांई ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए गढ़वाल विवि और जीआरसीसी लैंसडाउन के बीच हुए समझौते के तहत अग्निवीर अब अपना डिप्लोमा कोर्स में पंजीकरण कर सकते है।

# प्रधानमंत्री के आगमन से पहले देहरादून में तैयारियां तेज

■ डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, हर व्यवस्था की बारीकी से जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित देहरादून भ्रमण एवं दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सविन बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ आशारोड़ी से गढ़ी कैंट स्थित महेन्द्र ग्राउंड तक सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सड़क मार्ग पर सभी आवश्यक सुधार कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएं। उन्होंने क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत, पैचवर्क, दीवारों के रंगरा. ेगन तथा चौक-चौराहों पर सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। साथ ही सड़क किनारे फैले मलवे की सफाई कर पूरे मार्ग को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने को कहा। सड़क किनारे क्षतिग्रस्त होर्डिंग्स को भी ठीक कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूरे मार्ग पर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, अपूर्वा सिंह, कुमकुम जोशी, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता ओपी सिंह, एनएचआई की प्रबंधक शालू चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

# रोस्टर के अनुसार सिलेंडर आपूर्ति

## आंदोलन स्थगित, फ्री होम डिलीवरी पर भी जल्द होगा निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर उठे विवाद के बीच जिला पूर्ति विभाग ने कई अहम फैसले लिए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पांडे द्वारा संघर्ष वाहिनी बागेश्वर को लिखित आश्वासन देने के बाद प्रस्तावित ताला बंदी और उग्र जन आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।



विभाग द्वारा बताया गया कि अब बागेश्वर जनपद में पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुसार सभी क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही प्रत्येक वाहन में 20 से 30 अतिरिक्त सिलेंडर भी भेजे जाएंगे ताकि आपूर्ति में कमी न रहे। फ्री होम डिलीवरी के मुद्दे पर संघर्ष वाहिनी ने मण्डलीय प्रबंधक, गैस कुमायूं मण्डल विकास निगम लिमिटेड नैनीताल को ज्ञापन भेजा है। इस पर जल्द कार्यवाही होने की उम्मीद जताई गई है। वहीं, पिछले एक महीने से व्यवसायिक सिलेंडर नहीं मिलने की समस्या पर भी विभाग ने कदम उठाए हैं। शनिवार को नगर में इंडेन गैस के 63 और भारत गैस के 12 सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। गरुड़ में इंडेन के 36 और एचपी के 23, कपकोट में इंडेन के 31 तथा कांडा में इंडेन के 20 व्यवसायिक सिलेंडर वितरण के लिए भेजे गए हैं। संघर्ष वाहिनी को सिलेंडरों में गैस की मात्रा कम होने की शिकायतें भी मिली थीं, जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए सभी सिलेंडरों को तौलकर ही उपभोक्ताओं को देने के निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा कई उपभोक्ताओं को ओटीपी या डेक नंबर न मिलने की समस्या पर भी विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था लागू की है। अब उपभोक्ता अपने क्षेत्र में गैस गाड़ी आने से एक दिन पहले गैस कार्यालय बागेश्वर से ओटीपी प्राप्त कर सकेंगे। संघर्ष वाहिनी बागेश्वर ने विभाग की कार्यवाही पर संतोष जताते हुए आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की है, लेकिन चेतावनी दी है कि भविष्य में लापरवाही दोहराई गई तो संगठन फिर से उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान आंदोलन में संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी, जिला प्रवक्ता अंकुर उपाध्याय, जिला महामंत्री विजय परिहार, जिला संरक्षक रमेश कृषक, जिला उपाध्यक्ष पंकज परिहार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय, महामंत्री नवनीत बिष्ट, सचिव महेश नगरकोटि, सोशल मीडिया प्रभारी विनोद थापा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेत्र चिकित्सालयों पर औषधि विभाग की सघन छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने निजी नेत्र चिकित्सालयों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। औषधि निरीक्षक पूजा रानी के नेतृत्व में यह कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम, 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत की गई, जिसमें अनुसूची 'ज्ञ' के प्रावधानों का विशेष रूप से पालन जांचा गया। निरीक्षण टीम ने चिकित्सा संस्थानों में पंजीकृत चिकित्सकों के वैध प्रमाणपत्रों की जांच की। साथ ही दवाओं के क्रय से जुड़े बिल और अभिलेखों का सत्यापन किया गया। तापमान-संवेदनशील औषधियों के भंडारण की स्थिति, नेत्र रोग से संबंधित दवाओं की स्टॉक और लेबलिंग, तथा दवाओं के उपयोग को केवल आंतरिक रोगियों तक सीमित रखने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को भी परखा गया। निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सालयों में अनियमितताएं पाई गईं। मुख्य रूप से अभिलेखों का समुचित संधारण नहीं किया जा रहा था। दवाओं के भंडारण की व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इसके अलावा, औषधियों के क्रय से संबंधित आवश्यक दस्तावेज कई स्थानों पर उपलब्ध नहीं थे। टीम ने संबंधित संस्थानों को सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि समय पर सुधार नहीं होने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस संयुक्त निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावशीलता सुनिश्चित करना है, ताकि आम जनता को बेहतर और सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

## एक नजर

### मौसम: बूंदाबांदी से ठंड, किसानों को चिंता

**बागेश्वर।** जिले में लगातार चार दिनों तक तेज धूप रहने के बाद शनिवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर कई बार हल्की बूंदाबांदी होती रही। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिसके चलते लोगों को एक बार फिर ठंड का एहसास होने लगा और उन्होंने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए। वहीं, जिले में गेहूं, जौ, मसूर और सरसों की फसल अब पककर तैयार होने लगी है। ऐसे में मौसम के अचानक बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश या खराब मौसम से फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार हल्की बारिश बागवानी और साग-सब्जी की फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है, जिससे इन फसलों को अच्छा फायदा मिल सकता है।

### किताबों में बदलाव से अभिभावक परेशान

**बागेश्वर।** जिले में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। इस वर्ष एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 4, 5, 7, 8 और 9 वीं की पुस्तकों में बदलाव किया गया है, जिससे अभिभावकों को नई किताबें खरीदनी पड़ रही हैं। जिले के बुक सेलरों के पास कक्षा 9वीं को छोड़कर लगभग सभी कक्षाओं की किताबें उपलब्ध हो गई हैं। किताबों की खरीदारी के लिए दुकानों पर अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से लेकर शाम तक दुकानदारों को फुर्सत नहीं मिल रही है और लगातार बिक्री जारी है। इधर, कई दुकानदार कॉपियों पर 30 प्रतिशत तक की छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं, जिससे कुछ हद तक राहत जरूर मिल रही है। हालांकि, अभिभावकों का कहना है कि इस बार किताबों और कॉपियों के दाम बढ़ गए हैं, जिससे उनका बजट बिगड़ गया है और आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। अभिभावकों ने सरकार से शिक्षा सामग्री के दाम नियंत्रित करने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### भाजपाइयों का प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

**काशीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा काशीपुर के भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में श्री अग्रवाल सभा भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान का शनिवार को समापन हो गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनके व्यापक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में राम मेहरोत्रा, खिंलेंद्र चौधरी, आशीष गुप्ता, उषा चौधरी, मानवेंद्र सिंह मानस, अभिषेक गोयल, गुरविंदर सिंह चंडोक, लवीश अरोरा, सृष्टि आहूजा, मोहन बिष्ट, पार्षद वैशाली गुप्ता, पार्षद सुरेश सैनी, पार्षद अनिता काम्बोज, रवि प्रजापति, अनीता कंबोज, धीरज वर्मा, कविता यादव, राजकुमार यादव, राजीव ठकराल व मंजू यादव समेत पार्टी के सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पत्नी व पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने अन्य व्यक्ति पर उसके, उसकी पत्नी व पुत्र के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रतापपुर धनौरी पट्टी निवासी महावीर प्रताप पुत्र स्व. सीता राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 2 अप्रैल की सुबह के 8.30 बजे के आसपास स्कूटी से प्रतापपुर मार्किट जा रहा था। वहीं मोहल्ले वालो ने रास्ते पर टेंट लगाया हुआ था। जब उसके लिये वहां पर खड़े लड़के के द्वारा टेंट को खोला गया तो वहां पहले से मौजूद धर्मवीर पुत्र सोमपाल ने टेंट खोलने से मना कर दिया तथा उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। हल्ला सुनकर मौके पर उसका पुत्र व पत्नी पर आ गये तथा वह स्कूटी मोड़ कर जैसे ही अपने घर पर खड़ा करने के लिये गया तो धर्मवीर ने उसके पुत्र व पत्नी के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने उसकी पत्नी के कपड़े भी फाड़ दिये। पीड़ित ने आरोपी से जान व माल का खतरा बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

**काशीपुर।** पैदल जा रहे पति-पत्नी को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली आईटीआई की पैगा चौकी क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी जागन सिंह अपनी पत्नी लीलावती के साथ शुक्रवार शाम सड़क किनारे पैदल ही जा रहे थे कि हिमालय फूड पार्क के सामने तेज गति से आ रहे एक बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे लीलावती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा जागन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने लीलावती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** डीएम अंशुल सिंह ने शनिवार को स्यालीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं नियमित जांच पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने सुरक्षाकर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए उनकी सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

# बिना इंजन के चला ट्रेन का कोच, बड़ी अनहोनी टली

## मरम्मत के दौरान डिब्बा अचानक डेढ़ सौ मीटर चला गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** रेलवे स्टेशन में पिट लाइन में मरम्मत कार्य के दौरान एक अप्रत्याशित घटना हुई। प्रातः 8.30 बजे एक जनरेटर एंड गार्ड डिब्बा अचानक अपनी जगह से खिसक कर लगभग डेढ़ सौ मीटर तक बिना इंजन के रनिंग रूम की ओर बढ़ गया। सौभाग्य से बड़ी घटना होने से पहले ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिट लाइन में कोच की मरम्मत का कार्य चल रहा था, तभी डिब्बा धीरे-धीरे पीछे की ओर खिसकने लगा। रेलवे कर्मियों ने तुरंत उसे रोकने का प्रयास किया और गुटका लगाने की कोशिश भी की, लेकिन डिब्बा नियंत्रित नहीं हो सका। वह पॉइंट (टर्नआउट) के पास पटरी से उतर गया, जिससे रेलवे परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। घटना के बाद प्रशिक्षित रेल कर्मियों ने डिब्बे को उठाकर पुनः पटरी में रखने का कार्य शुरू किया। लगभग चार घंटे तक रेलकर्मी उक्त कोच को पटरी में लगाने में लगे रहे। रेल अधिकारियों ने बताया कि यदि डिब्बे की रफ्तार अधिक होती या वह किसी सक्रिय लाइन की ओर बढ़ जाता, तो इससे रेलवे लाइनों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था। रेलवे अधिकारियों ने इस घटना को लेकर कहा कि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

## पुत्री को भगा ले जाने का आरोप, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। ग्राम परमानन्दपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 31 मार्च को उसकी 14 वर्षीय पुत्री को चाऊपुरा, मस्वासी, तहसील स्वार निवासी अंकुश पुत्र गजराम बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। आरोप लगाया कि इस सब में अंकुश का साथ पड़ोसी शिवा पुत्र बन्टी ने दिया। कहा कि जब उसने अंकुश के घर पर जाकर अपनी पुत्री के बारे में पूछताछ की तो अंकुश की माता ने हमसे कहा कि तुम्हारी लड़की हमारे पास है परन्तु हम तुम्हारी लड़की को वापस नहीं करेंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बागेश्वर में सरयू-गोमती पर अवैध खनन

## जीवनदायिनी में प्रशासन की नाक के नीचे 'रेता माफिया' सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले की जीवनदायिनी सरयू और गोमती नदियां इन दिनों अवैध खनन की मार झेल रही हैं। विदेशी मजदूरों द्वारा नदियों को कमाई का जरिया बना लिया गया है और उनके हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पहले जहां नेपाली मजदूर नदी के कोने-कोने से रेत निकालकर तस्करी करते थे, वहीं अब उन्होंने खुलेआम बाबा बागनाथ मंदिर के ठीक सामने, श्मशान घाट के पास से रेत खनन शुरू कर दिया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार इस अवैध खनन से नदियों का जल स्तर लगातार घट रहा है, जिससे पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब जिला मुख्यालय के सामने हो रहा है, लेकिन प्रशासन की नजरें इस ओर नहीं पड़ रही हैं। नदियों को बचाने के नाम पर समय-समय पर कई सामाजिक संगठन आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन अवैध खनन के मुद्दे पर सभी ने चुप्पी साध ली है। खासकर ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले के दौरान ये संगठन नदी किनारे अस्थायी दुकानों का विरोध करते आए हैं, लेकिन अब जब नदियों से लगातार रेत निकाली जा रही है, तो कोई भी खुलकर सामने नहीं आ रहा। वहीं, जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन रोकने के लिए बैठकों का दौर जारी रहता है और अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए जाते हैं। बावजूद इसके, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिला मुख्यालय के सामने ही हो रहे इस खुलेआम खनन पर प्रशासन की निष्क्रियता कई सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस पर सख्त कार्रवाई करे और सरयू-गोमती नदियों को अवैध खनन से बचाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इनका अस्तित्व सुरक्षित रह सके।

# सीमा चौहान बनीं राज्यमंत्री

## मेयर दीपक ने सीमा चौहान के आवास पर पहुंचकर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड सरकार द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेत्री सीमा चौहान को मत्स्य पालन विकास अभिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महापौर दीपक बाली ने आज विभिन्न पार्षदगणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दर्जा राज्य मंत्री बनी सीमा चौहान के आवास पर पहुंचकर उनको बधाई दी और उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि सीमा चौहान पार्टी की जुझारु और कर्मठ कार्यकर्ता है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें जिम्मेदारी सौंप कर एक अच्छा काम किया है और इससे पार्टी को और



मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मंजू यादव, सुधा शर्मा, मुकेश चावला, चौधरी समरपाल सिंह, पार्षद अनीता कंबोज, सीमा सागर, पुष्कर बिष्ट, सौरभ शर्मा, हर्ष बाली, अक्षत अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, इशांत शर्मा, मुकेश पाहवा, संजय भाटिया, मनीष चावला, घनश्याम सैनी, संतोष देवी, संजय शर्मा, सीमा सागर, सतीश कुमार, अनूप प्रताप सिंह, कुलदीप शर्मा, ममता कुमारी, प्रिंस बाली, मनोज जग्गा, सीमा टंडन, दीपा पाठक, वैशाली गुप्ता, अशोक सैनी, अनिल कंबोज, रवि सैनी, जहूर खान सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** नशे के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर चले अभियान के तहत पुलिस ने लमगड़ा में नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम धौलकड़िया तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान बिना नंबर की नई स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 920 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 1.84 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी बलवंत सिंह निवासी ग्राम कोटला थाना मुक्तेश्वर नैनीताल को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाना लमगड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और शव वाहन खरीदने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में रेडक्रॉस सोसाइटी अल्मोड़ा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में जिलाधिकारी अंशुल सिंह के साथ हुई बैठक पर चर्चा की गई और विभिन्न कार्यों में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी। नगर के कचहरी बाजार स्थित स्व. जनरल बीसी जोशी सभागार में आयोजित बैठक में रेडक्रॉस के कार्यों में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और टैक्सी चालकों को सीपीआर प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। साथ ही संस्था द्वारा 15 स्ट्रेचर, 2 व्हीलचेयर और सीपीआर प्रशिक्षण के लिए एक डमी खरीदने का प्रस्ताव



भी पारित किया गया। नगर में शव वाहनों की कमी को देखते हुए रेड क्रॉस द्वारा एक शव वाहन खरीदने तथा इसके लिए बैंकों और दानदाताओं से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया। आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रत्येक खंड में रेडक्रॉस की स्वयंसेवी आपदा टीम गठित करने पर सहमति बनी, जो स्थानीय आपदा प्रबंधन टीम के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज स्थित ऑक्सीजन प्लांट से मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। साथ ही भविष्य में रक्तदान, चिकित्सा और प्रशिक्षण शिविरों की संख्या बढ़ाने तथा दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले सहायता प्रस्तावों पर प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सोसाइटी के चेयरमैन आशीष वर्मा, राज्य उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, कोषाध्यक्ष दीप जोशी, युवा रेडक्रॉस अध्यक्ष अमित साह मोनू, सचिव मनोज भंडारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# पार्किंग कर्मचारियों पर भाजपा से मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चैती मेले में पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारियों की एक भाजपा नेता से वाहन की पर्ची को लेकर कहासुनी हो गई और उसके बाद भाजपा नेता की जबरदस्त पिटाई कर दी गई। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता ने राजकीय चिकित्सालय में अपना मेडिकल कराकर पुलिस में तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बीती रात पार्किंग स्टैण्ड पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में कार्यालय मंत्री धर्मवीर पासी जब पार्किंग से अपना टू-व्हीलर लेने गये तो पार्किंग के कर्मचारियों व वहां मौजूद बाउंसरों ने उनसे डबल पर्ची मांगी जिसका भाजपा नेता पासी द्वारा डबल पर्ची औचित्यहीन बताते हुए इसका विरोध किया गया, जिस पर आरोप है कि वहां मौजूद 10-15 कर्मचारियों व बाउंसर उन्हें जबरिया उठाकर पार्किंग के पीछे अंधेरे में ले गये जहां उन्होंने लात-घूसों व डंडों से बुरी तरह पिटाई कर डाली। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता ने राजकीय चिकित्सालय में अपना मेडिकल करवाकर उपचार कराया। इधर भाजपा नेता के साथ मारपीट की घटना जैसे ही अन्य भाजपा नेताओं व बजरंग दल नेता सतेंद्र शर्मा को मिली तो उन्होंने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ चैती मेला पहुंच बैरिकेंटिग लगाकर ठेकेदार के कर्मचारियों व बाउंसरों की तानाशाही एवं गुंडागर्दी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन व पुलिस से इस मामले में हस्तक्षेप पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। उधर, भाजपा नेता धर्मवीर पासी ने अपने मेडिकल के साथ आईटीआई पुलिस में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही पड़ सकती है भारी

## शरीर को हाइड्रेट रखें, संतुलित आहार लें और ताजे फल खाएं: डा. परमजीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मौसम में अचानक बदलाव और बढ़ते प्रदूषण के चलते इन दिनों विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर सर्दी-खांसी, बुखार, एलर्जी और श्वसन संबंधी रोगों के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के जनरल मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. परमजीत सिंह ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डा. सिंह ने सुझाव दिया कि लोग मौसम के अनुरूप कपड़े पहनें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और शरीर को हाइड्रेट रखें। इसके साथ ही



संतुलित आहार लें और ताजे फल व सब्जियों का नियमित सेवन करें, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। बिना डाक्टर की सलाह के दवा लेने से बचना जरूरी है। प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने बताया कि सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मेडिसिन ओपीडी समेत विभिन्न विभागों में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उचित परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना है। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने भी लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के लक्षण नजर आने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## निमोनिक दा ग्लोबल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** शनिवार को कालाढूंगी विधानसभा के गेबुआ स्थित निमोनिक दा ग्लोबल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आगमन निर्धारित था, लेकिन




खराब मौसम के कारण उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। इसके बाद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कैलाश भगत ने मुख्य अतिथि बंशीधर भगत का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने विविध रंगारंग और देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी सभी ने सराहना की। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्कूलों के खुलने से शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। कार्यक्रम में प्रबंधक कैलाश भगत ने उपस्थित सभी अतिथियों और परिजनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, भगीरथ चौधरी, महेश शर्मा, भगवान तिवारी, कैलाश बुधलाकोटी मौजूद थे।

# गोविंद पिलख्वाल को राज्यमंत्री बनाने पर कार्यकर्ताओं में जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा की ओर से शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल को राज्य सरकार में हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यकत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस नियुक्ति से अल्मोड़ा का मान बढ़ा है और यह संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि गोविन्द



पिलख्वाल का वर्षों का संघर्ष और समर्पण इस जिम्मेदारी के रूप में सामने आया है। वहीं विधायक मोहन सिंह मेहरा ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलने से संगठन और अधिक मजबूत होता है, जिसका लाभ आगामी चुनावों में मिलेगा। मेयर अजय वर्मा ने पिलख्वाल को कर्मठ नेता बताते हुए कहा कि उनकी नई भूमिका क्षेत्र के विकास को गति देगी। पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने इसे अल्मोड़ा के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि उनके अनुभव का लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा। कार्यक्रम में मेयर अजय वर्मा, दर्जा मंत्री गंगा बिष्ट, दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया, बिट्टू कर्नाटक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, राजीव गुरुरानी, जिला महामंत्री प्रकाश भट्ट, दर्शन रावत, लता बोहरा, चंद्रा जोशी, मनोज जोशी, सुनील बिष्ट, विनीत बिष्ट, नवीन बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, भीमा पवार, पीयूष कुमार, रजा अली, वीरेंद्र आर्य, आशीष कुमार, जगदीश नगरकोटी, किशन बिष्ट, शरद गुरुरानी, इंदर भंडारी, पूरन सिंह रावत, आनंद भोज, देवेंद्र भट्ट, अर्जुन बिष्ट सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गेबुआ बैलपड़ाव में होने वाले कार्यक्रम का कांग्रेसियों ने विरोध किया। जब उन्हें जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं, तो गुस्साए



कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बन्नाखेड़ा चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता नीरज तिवारी ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को लेकर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लागू प्राधिकरण को तुरंत समाप्त किया जाए, सरकारी अस्पतालों में बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं, और सरकारी विद्यालयों की हालत सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आगे भी इन मुद्दों पर प्रदर्शन करती रहेगी। पूर्व प्रधान पीयूष बिष्ट ने सरकार के हठधर्मी रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि चाहे इसके लिए उन्हें जेल क्यों न जाना पड़े, वे इसका विरोध जारी रखेंगे। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें नीरज तिवारी, पियूष बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य अर्णव कम्बोज, पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख कुलदीप तड़ियाल, सभासद रोहित बुड़लाकोटी, कमल अधिकारी, सरताज फारूकी, रवि माथुर समेत अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# मुखानी में हुई चोरी का खुलासा

## अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार, हिमाचल, हरियाणा, यूपी-उत्तराखंड में कर चुका है चोरियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर चोर मुखानी थानाक्षेत्र में दो चोरी की

### 9 लाख से अधिक के आभूषण व हजारों की नगदी बरामद



घटनाओं को अंजाम देने के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस आरोपी ने अपनी शातिराना चोरियों को अकेले ही अंजाम दिया और पुलिस की पकड़ से दूर रहने के लिए उसने कभी किसी से मदद नहीं ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की कड़ी से कड़ी जोड़ कर अंतरराज्यीय चोर के घर तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से करीब 9 लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी मिली है। शनिवार को बहुद्देशीय भवन में चोरी का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि बीती 14 मार्च को ललित सिंह पुत्र नंदन सिंह निवासी सत्यानंद कॉलोनी बिठोरिया अज्ञात चोरों ने उनके घर से 50 हजार की नगदी चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी ओर 1 अप्रैल को घनश्याम चन्द्र पुत्र विशन राम निवासी हरि शिव बिहार हिम्मतपुर मल्ला मुखानी ने भी तहरीर सौंपी की अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने व चांदी के जेवरातों के साथ नगदी चोर कर ले गए। एसएसपी ने बताया कि दोनो मामलों को गंभीरता से लेते हुए चोरों की तलाश के लिए मुखानी थानाध्यक्ष सुशीला जोशी व एसओजी प्रभारी राजेश जोशी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। चोरी के खुलासे के लिए टीम लगातार दबिश, पूछताछ, सर्विलांस तथा मैनुअल इंटेलिजेंस के साथ ही आस-पास लगे 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले के बाद पुलिस ने बीते शुक्रवार की रात्रि गुसाईपुर तिराहे के पास मुंशी राम उर्फ सोनू पुत्र दीपचंद निवासी कस्बा बेहट मोहल्ला महाजनान थाना व कोतवाली बेहट जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया और उससे जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसके पास से चोरी किए गए साने व चांदी के जेवरातों के साथ 22460 रूपये की नगदी भी बरामद की है। एसएसपी ने बताया कि पकड़ा गया चोर एक अन्तर्राज्यीय शातिर चोर है। जिसने उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को डेढ़ हजार ईनाम की घोषणा की है। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अमित कुमार सैनी मौजूद रहे। टीम में मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी, एसआई वीरेंद्र चंद, एसआई राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार नबी (सीसीटीवी), हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत एसओजी, कॉस्टेबल धीरज सुगड़ा, बलवंत सिंह, रविंद्र खाती, अरविंद बिष्ट व अनिल गिरी (सर्विलांस) शामिल रहे।

### डिलीवरी बॉय को डंपर ने मारी टक्कर

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार की रात पंचायत घर चौराहे के पास एक डिलीवरी बॉय को तेज गति से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम हरिपुर लालमंडी निवासी त्रिलोक सिंह रौतेला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका 31 वर्षीय बेटा कुलदीप सिंह रौतेला एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। उन्होंने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम वह अपने काम से वापस घर लौट रहा था तभी उसकी स्कूटी के पीछे से आरटीओ रोड के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने तुरंत उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पिता की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गड्ढे में बाइक गिरने से महिला की मौत

**हल्द्वानी।** सड़क पर बने गड्ढे ने उस समय महिला की जान ले ली, जब महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर पीलीभीत जा रही थी। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिससे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर डहरिया निवासी संतोष कुमार यहां अपनी पत्नी मीना व बेटा विकास के साथ रहते हैं। बीते शुक्रवार को संतोष और मीना को पीलीभीत जाना था। दोनों बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। विकास ने बताया कि खमरिया पुल के पास सड़क पर एक गड्डर था। बाइक गड्डे में जाते ही अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार उसके माता-पिता सड़क पर गिर गए। गिरने की वजह से मीना के सिर पर गंभीर चोट आई। आनन-फानन में पास ही एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें डाक्टरों ने उन्हें सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मीना ने दम तोड़ दिया।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** राजपुरा पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां व नगदी बरामद हुई। जानकारी के अनुसार राजपुरा चौकी प्रभारी कृष्ण गिरी मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। जैसे ही टीम श्मशान घाट के पास एक गली में पहुंची तो वहां पर लोगों की भीड़ एकत्र देखी। टीम को आता देख लोग वहां से भाग निकले तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए राजू पुत्र दयाल राम निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 12 राजपुरा को रंगेहाथ सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां व 1200 रुपये की नगदी बरामद की।

# झपटमार गैंग: दिन में मजदूरी रात में वारदात

## गैंग का सरगना दो नाबालिग गुर्गों के साथ गिरफ्तार, दो लाख के मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में मोबाइल लूट की कई वारदातों को अंजाम देने वाला एक झपटमार गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा है। इस गैंग का सरगना तीसरी कक्षा तक पढ़ा एक युवक था, जो अपने नाबालिग गुर्गों के साथ मिलकर लोगों को लूटता था। ये सभी दिन में मजदूरी करते थे और रात में तेज रफ्तार केटीएम बाइक पर सवार होकर लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। शनिवार को बहुउद्देशीय भवन में लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि बीती 3 अप्रैल को लाइन-17 लाल मस्जिद क्षेत्र निवासी टैक्सी चालक जुबैर



आलम से बाइक सवार तीन युवकों ने मोबाइल लूट लिया था। हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे के पास भी एक का मोबाइल लूटने का मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। जिसके बाद 4 अप्रैल को गौला पार्किंग से दो नाबालिगों सहित तीन आरोपियों को दबोच लिया गया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम फैजान अली निवासी गौला गेट, जवाहर नगर बताया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया आरोपी फैजान तीसरी फेल है और दिन में एल्युमिनियम का काम करता है। जबकि अन्य दो नाबालिग युवक भी इस वारदात में शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए रात सूनसान इलाकों में राहगीरों को निशाना बनाते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से करीब दो लाख रुपये के लूटे गए छह मोबाइल फोन और लूट में इस्तेमाल होने वाली एक केटीएम बाइक भी बरामद की है। टीम में बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल, एसआई जगवीर सिंह, एएसआई हेमंत प्रसाद, कांस्टेबल हरीश रावत और दिलशाद अहमद शामिल रहे।

### ध्रुव रौतेला बने उपाध्यक्ष

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार ने वरिष्ठ पत्रकार ध्रुव रौतेला को मीडिया सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में शासन की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय ध्रुव रौतेला को उनकी कार्यशैली और अनुभव के चलते यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। ध्रुव रौतेला का जीवन संघर्ष, संकल्प और मेहनत की प्रेरक कहानी है। ध्रुव रौतेला इससे पहले भगत सिंह कोश्यारी (पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र) के ओएसडी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इसके साथ ही उनका संबंध भारतीय जनता पार्टी से भी रहा है। उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का करीबी माना जाता है, जिसके चलते उनकी यह नियुक्ति और भी खास मानी जा रही है। कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाना है।

# गोरखपुर-लालकुआँ के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 10 अप्रैल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए गोरखपुर लालकुआँ रेल मार्ग पर 05009/05010 गोरखपुर लालकुआँ गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार तथा 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक लालकुआँ से प्रत्येक शनिवार को कुल 14 फेरों के लिए संचालित होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 05009 गोरखपुर लालकुआँ विशेष गाड़ी प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से शाम 5 बजकर 5 मिनट में प्रस्थान कर बस्ती, गोंडा, सीतापुर जंक्शन, लखीमपुर, गोला गोकरननाथ,

### यात्रियों की सुविधा के लिए 14 फेरों तक चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा और किच्छा होते हुए अगले दिन सुबह 8 बजे लालकुआँ पहुंचेगी। वापसी में 05010 लालकुआँ गोरखपुर विशेष गाड़ी प्रत्येक शनिवार को लालकुआँ से सुबह 10 बजे चलकर किच्छा, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा और बस्ती स्टेशनों पर ठहराव करते हुए अगले दिन तड़के 1 बजकर 15 मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें एक जनरेटर सह लगेज यान, एक एलएसएलआरडी, चार सामान्य द्वितीय श्रेणी, तीन शयनयान श्रेणी, पांच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, दो वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी और एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का कोच शामिल होगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से इस विशेष ट्रेन का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# होटल और ढाबों से लेकर बॉर्डर तक सघन अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत शुक्रवार देर रात व्यापक अभियान चलाया। यह अभियान एसएसपी डा.मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर संचालित किया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और पुलिस टीमों को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात कर जिलेभर में एक साथ कार्रवाई की गई। इस दौरान वांछित अपराधियों, वारंटियों और संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ सख्ती बरती गई। साथ ही होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट्स की जांच, तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई, बिना नंबर प्लेट वाहनों की चेकिंग, अवैध शराब और हथियारों के खिलाफ अभियान तथा संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। अभियान के तहत 52 स्थानों पर चेकिंग की गई और 45 बार होटल व रेस्टोरेंट्स का निरीक्षण किया गया। जिले की 65 सीमाओं और बैरियर प्वाइंट्स पर भी जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 84 लोगों का सत्यापन किया गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 8 चालान काटे गए और 2 वाहनों को सीज किया गया, जबकि पुलिस एक्ट में 24 लोगों पर कार्रवाई की गई। एसएसपी ने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# डीएम ने की धान की क्रॉप कटिंग

## रबी फसल के उत्पादन का सटीक आंकलन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रबी फसल के उत्पादन का सटीक आंकलन करने के लिए शनिवार को डीएम ललित मोहन रयाल ने हल्द्वानी तहसील के हरिपुरा तुलाराम राजस्व गांव में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराया। उन्होंने किसान नागेंद्र सिंह के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के प्लाट पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल कटाई कराई और उपज का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर फसलों की स्थिति और उत्पादन की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज, उत्पादन और उत्पादकता के आंकड़े



तैयार किए जाते हैं। इसलिए यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल कटाई का कार्य वैज्ञानिक तरीके से किया जाए, जिससे वास्तविक उत्पादन का सही आंकलन हो सके। उन्होंने किसानों को फसल क्षति से बचाव के लिए फसल बीमा कराने की सलाह दी और बताया कि इसी प्रक्रिया के आधार पर बीमा दावों का निर्धारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग कृषि क्षेत्र में उत्पादन के वैज्ञानिक आकलन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे प्राप्त आंकड़े समर्थन मूल्य निर्धारण, खाद्यान्न खरीद और विभिन्न योजनाओं के संचालन में उपयोगी साबित होते है। इस मौके पर तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, कानूनगो बृजेश कुमार, राजस्व उप निरीक्षक अरुण वर्मा, अपर सांयिकी अधिकारी महेंद्र सिंह डांगी, मीना नेगी, बीमा कंपनी एजेंट हेम सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# किकबॉक्सिंग में यशिका बिष्ट ने हासिल की ऑल इंडिया पांचवीं रैंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नेशनल वूमेन लीग 2025-26 में नैनीताल जिले की खिलाड़ी यशिका बिष्ट ने ऑल इंडिया स्तर पर पांचवीं



रैंक हासिल कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले और प्रदेश में खुशी का माहौल है। जय दुर्गा मार्शल आर्ट अकादमी के कोच विनोद लखेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में 26 मार्च से 31 मार्च तक चेन्नई, तमिलनाडु स्थित विनायक मिशन रिसर्च फाउंडेशन में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में देशभर की प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अकादमी की सीनियर खिलाड़ी यशिका बिष्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में पांचवीं रैंक प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि को खेल जगत में सराहा जा रहा है। यशिका की सफलता पर नेशनल एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवानी गुप्ता, टीम कोच विपिन डोगरा, देवेंद्र सिंह रावत, सुमन शाह, शालिनी भट्ट और प्रकाश पांडे सहित अकादमी के सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 11 साल से नहीं हुआ सड़कों, नालियों का निर्माण, डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड 19, रामपुर रोड स्थित पर्वतीय मोहल्ला गली नंबर 11 फेस-2 की जर्जर सड़कों और बदहाल नालियों के मुद्दे को लेकर समाजसेवी विशाल वर्मा, पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से क्षेत्र में सड़क और नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। बरसात के मौसम में नालियों का गंदा पानी घरों के अंदर तक पहुंच जाता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। साथ ही सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण महिलाओं, बच्चों और



बुजुर्गों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खराब सड़कों की वजह से दुर्घटनाओं की घटनाएं भी बढ़ रही हैं साथ ही क्षेत्रवासियों के साथ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इससे पूर्व दिनांक 28 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा था। पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्होंने लगातार संघर्ष और आंदोलन किया। उनके प्रयासों से वर्ष 2014 में 37 लाख रुपये तथा वर्ष 2025 में 28 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि सड़कों और नालियों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर वे 7 दिसंबर 2024 को रामपुर रोड स्थित पानी की टंकी पर भी चढ़े थे।

# राम वनवास का मंचन देख दर्शकों की भर आई आंखें

## उत्थान मंच में महिला रामलीला मंचन के दौरान पूरा पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हीरानगर स्थित उत्थान मंच में पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला मंचन महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को राम वनवास की लीला का मनमोहन मंचन किया तो दर्शक भाव-विभोर हो गए, तथा उनकी आंखे भर आई। जय श्रीराम के जयघोष से समूचा पंडाल गूंज उठा। मंचन के दौरान पूरा पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा। महिला रामलीला महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, एपीएस स्कूल के बीसी उपाध्याय, पार्षद मनोज जोशी व ऊंचापुल



रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद पंत सहित संस्था के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया। मंचन के दौरान राजा दशरथ कैकेई को दिए गए दो वचनों के कारण राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को राजगद्दी देने को विवश हो जाते हैं। राम के वनवास जाने का वियोग दशरथ सह नहीं पाते और उनके प्राण निकल जाते है। उधर ननिहाल में रह रहे भरत और शत्रुघ्न जब अयोध्या पहुंचते है तो स्थिति देखकर स्तब्ध रह जाते है। पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद भरत, तीनों माताओं और गुरु वशिष्ठ के साथ चित्रकूट पहुंचते है और राम से अयोध्या लौटने का आग्रह करते है। राम के वचनबद्ध होने की बात सुन भरत भावुक हो उठते है। राम-भरत मिलाप का दृश्य इतना मार्मिक रहा कि पंडाल में मौजूद दर्शकों की आंखें नम हो गई। अंत में भरत, राम की खड़ाऊं राजगद्दी पर रखकर अयोध्या लौट जाते है। आज के पात्रों में दशरथ का किरदार विनीता, केकई का मीना, मंथरा का रितु, कौशल्या का सुनीता, सुमित्रा का हनी, राम का सुप्रभा, लक्ष्मण लक्षिता, सुमंत का मेघा, सीता का सौम्या तथा बंदीजन का अदिति व कंचन ने निभाया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, हेमा हर्बोला, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट, भगवती बिष्ट, प्रेमा ब्रजवासी, कमला रौतेला, विद्या महतोलिया, पार्षद शैलेन्द्र दानू व सुशील शर्मा समेत बड़ी संख्या दर्शक मौजूद रहे।

# हल्द्वानी में 6 नए गौसदन स्थापित होंगे

## निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए भूमि चयन, डीपीआर और बजट स्वीकृति की प्रक्रिया तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में शनिवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जिला स्तरीय गौशाला स्थापना एवं संचालन अनुश्रवण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में निराश्रित गोवंश पशुओं के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों पर 6 नए गौसदनों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि शीघ्र भूमि चयन कर आगणन तैयार करते हुए निर्माण एवं संचालन की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। जिलाधिकारी ने मालधन चौड़, गोलापुर और कैंचीधाम क्षेत्र में प्रस्तावित तीन गौशालाओं की डीपीआर तैयार





कर उन्हें जिला खनिज न्यास निधि से बजट आवंटित करने के निर्देश दिए। इसके लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को शीघ्र पत्रवली प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में जिला पंचायत द्वारा निराश्रित पशुओं को गौसदनों तक पहुंचाने के लिए कैचर लिफ्टिंग वाहन अब तक न खरीदे जाने पर नाराजगी जताई गई। नए गौसदनों के लिए भूमि चिह्नित करने के संबंध में गौलापार में बड़े स्तर की गौशाला, भीमताल और कैंचीधाम के खैरना क्षेत्र में गौशालाओं के लिए संबंधित उप जिलाधिकारियों को भूमि चयन के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर निकायों को समन्वय बनाकर प्रस्ताव तैयार करने और निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया। गौलापार में गौसदन निर्माण के लिए जिला पंचायत नैनीताल, भीमताल के लिए नगर पालिका भीमताल और कैंचीधाम के लिए नगर पालिका भवाली को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। साथ ही गौसदनों के संचालन के लिए शीघ्र विज्ञप्ति जारी करने और सभी प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. केसी जोशी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, नैनीताल एसडीएम नवाजिश खालिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# इशांत ने प्रेम यादव को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑप्टिमम टेनिस अकादमी चुनाखान में ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वावधान में मेंस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड शुरू हो गए। एक लाख रुपये की प्राइज मनी वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के मैच सुबह 11 बजे से अकादमी के कोर्ट नंबर 1, 2, 3 और 4 पर खेले गए। मुकाबलों के संचालन के लिए लखनऊ से अंपायर दिव्यांशु, रोहित और संजय पहुंचे है। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में इशांत पात्रा ने प्रेम यादव को 6-2, 6-4 से हराया। अखिल जांगू ने अंकुर शर्मा को 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। आर्यवीर शर्मा ने आदित्य को 6-3, 6-1 से पराजित किया। वहीं नमय रत्रा ने प्रणब राजेश



को 6-2, 6-2 से हराया। उत्तराखंड के मानस तिवारी ने तुषार बघेल को 6-2, 6-4 से मात दी, जबकि यशप्रीत सिंह ने अनिकेत सिंह को 7-5, 6-4 से हराया। कर्नाटक के चंद्र सिद्धार्थ ने रोहन चौहान को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-2 से पराजित किया। दूसरी पाली में नैनीताल के अमर जगाती का मुकाबला कनिष्क तोमर से, मुरादाबाद के ओजस भारद्वाज का कुशाग्र बत्रा से तथा अनिरुद्ध माहेश्वरी का वंश शर्मा से मुकाबला प्रस्तावित है। टूर्नामेंट के सफल संचालन में फैन स्पोर्ट्स क्लब और अवनीश रस्तोगी की अहम भूमिका रही। टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी रविवार को होगी, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, आनंद दरम्वाल, उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सुमित गोयल और देवेंद्र सिंह रावत सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सिलेंडर वितरण में धांधली पर ठेकेदार हिरासत में

- एडीएम, महापौर और तहसीलदार ने लगाई फटकार
- ठेकेदार के लिखित माफीनामा देने और एक सप्ताह के भीतर होम डिलीवरी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने का वादा करने पर छोड़ा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इण्डेन गैस के उपभोक्ताओं को समय से होम डिलीवरी न देने और अवैध रूप से सिलेंडरों की कालाबाजारी में लिप्त होने पर आज शनिवार को सैकड़ों उपभोक्ताओं ने गैस एजेन्सी पर खूब हंगामा किया। वहीं ठेकेदार के भड़काने पर होम डिलीवरी करने वाले कर्मियों ने हड़ताल शुरू कर काम बंद कर दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही मेयर विकास शर्मा, एडीएम पंकज उपाध्याय व तहसीलदार दिनेश कुटौला कर्मियों के साथ एजेन्सी पर आ पहुंचे और उन्होंने हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं से विस्तार से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। जिसके बाद मेयर व अधिकारियों ने ठेकेदार को मौके पर बुलवाकर होम डिलीवरी का काम रोकने पर जमकर लताड़ लगाई और कहा कि आम जनता को किसी भी तरह से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। मेयर विकास शर्मा ने उसे दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित होम डिलीवरी की व्यवस्था में तुम्हारी मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। व्यवस्थाएं बिगाड़कर तुम प्रदेश सरकार को बदनाम कर रहे हो परंतु मैं धामी सरकार को बदनाम नहीं होने दूंगा। यदि तुम्हारे कर्मी सिलेंडर नहीं बांटेंगे तो वह निगम कर्मियों या बेरोजगार युवकों से सिलेंडर बंटवाने की व्यवस्था कर देंगे, लेकिन किसी भी हालत में जनता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। एडीएम ने सिलेंडरों की कालाबाजारी करने के आरोप में ठेकेदार को तत्काल हिरासत में ले लेने के निर्देश दिए, जिसे तहसीलदार द्वारा पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। मेयर व प्रशासनिक अधिकारियों के कड़े तेवरों के बाद अब उपभोक्ताओं को आशा होने लगी है कि होम डिलीवरी की व्यवस्था में काफी सुधार होगा।

काफी देर तक चली गहमागहमी के बाद ठेकेदार ने लिखित में माफीनामा दिया और एक सप्ताह के भीतर होम डिलीवरी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने का वादा किया, जिसके बाद उसे चेतावनी देकर छोड़ा गया। महापौर ने एजेंसी प्रबंधक प्रमोद पाण्डे को भी सख्त हिदायत दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत आई तो सीधे लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति की जाएगी। बाद में महापौर ने प्रशासनिक अधिकारियों और गैस एजेंसी प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर नई रणनीति तैयार की। बैठक में यह सख्त निर्णय लिया गया कि अब किसी भी दशा में गैस एजेंसी परिसर से सिलेंडर वितरित नहीं होंगे। वितरण केवल डोर टू डोर ही किया जाएगा ताकि एजेंसी पर लाइन न लगे। महापौर ने जनता से भी अपील की कि यदि गैस मिलने में कोई दिक्कत आए, तो वे सीधे नगर निगम, संबंधित पार्षद या उनके व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से खिलवाड़ करने वाले किसी भी ठेकेदार या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मार्ग अवरोधक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर बाईपास पर शुक्रवार रात बंद डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपनी शादी के लिए जीजा और दोस्त के साथ दिनेशपुर लड़की देखने गया था और वापस घर लौटते समय हादसा हो गया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



सूरजफार्म थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी निवासी 30 वर्षीय सुखदेव विश्वास पुत्र उपेन्द्र विश्वास शुक्रवार को अपने जीजा खेड़ा, रुद्रपुर निवासी काला विश्वास और दोस्त सतनाम के साथ दिनेशपुर अपने लिए लड़की देखने गया था। रात लगभग साढ़े 10 बजे जीजा और दोस्त को रुद्रपुर छोड़ने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था।

रास्ते में रुद्रपुर बाईपास पर गौतमी हॉस्पिटल के सामने बाइक बंद डिवाइडर से टकरा गई। इससे सुखदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एबुलेंस को दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सुखदेव को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुखदेव चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके सभी भाइयों और एक बहन की शादी हो चुकी है। सुखदेव सोलर पैनल लगाने का काम करता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बकाएदारों के काटे बिजली कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊर्जा निगम ने लंबे समय से बिजली का बिल जमा न करने वाले 190 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इन पर करीब 25 लाख रुपया बकाया था। ऊर्जा निगम की उपखंड अधिकारी अन्नू अरोरा के नेतृत्व में आवास विकास, ट्रांजिट कैंप, फुलसुंगा, फुलसुंगी, भदईपुरा, जयनगर क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। बताया कि इस दौरान 135 उपभोक्ताओं ने करीब 25 लाख रुपये के बकाया बिल जमा किए।

## एक नजर

# ग्राम मुकंदपुर में सिख समाज ने किया कांग्रेस नेता ठुकराल का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। ग्रामसभा बरी राई के ग्राम मुकंदपुर में सिख समाज के लोगों ने फूल मालाओं के साथ ठुकराल का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।



इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में ठुकराल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे अपने समर्थकों और निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर आगामी चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों से अब जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है और प्रदेश में आने वाला समय निश्चित रूप से कांग्रेस का है। ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस वर्ष 2027 के चुनाव में भाजपा सरकार का तख्ता पलट करेगी और भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। स्वागत करने वालों में करनैल सिंह बठला, ऋषिपाल सिंह, देवा सिंह, चौधरी योगेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह बठला, चौधरी देवेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह बरार, अमनदीप सिंह बठला, सुक्खा भुसरी, जगजीत सिंह, निशान सिंह, जसमीमत सिंह, साहब सिंह, हरेन्द्र सिंह चौधरी, गुरबक्श सिंह, सोनू, सादिक अली, जसपाल बठला, हरशाद अली, इशाक अली, प्रीतम सिंह बेदी, जरनैल सिंह बठला, युसूफ अली, सुरजीत बेदी, ललित बिष्ट, सोनी बठला, सुखविंदर बठला, आनंद शर्मा, केरू मण्डल आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के वार्षिक उत्सव में निकली भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के 8 वें वार्षिक उत्सव का शनिवार को भक्तिमय माहौल में शुभारंभ हुआ। पहले दिन सुबह भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन कर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया। मुख्य यजमान भाजपा जिलाध्यक्ष (ओबीसी मोर्चा) एवं सभासद रवि रस्तोगी व उनकी धर्मपत्नी सरोज रस्तोगी ने पंडित दिनेश भट्ट के सानिध्य में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।



पूजन के बाद निकाली गई कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर माँ दुर्गा और भोलेनाथ के जयकारे लगाती हुईं मंदिर परिसर से खटीमा रोड स्थित मोनी बाबा मंदिर पहुँचीं और पवित्र जल भरकर वापस मंदिर में लौटीं। शाम को मंदिर परिसर में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों ने माता रानी और भोलेनाथ का गुणगान किया। रविवार 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे महायज्ञ एवं हवन होगा, उसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से इस पावन आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# गेहूं क्रय केन्द्र मंडी के बजाय ग्रामीण क्षेत्र में खोलने की मांग

- उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम प्रधान संघ ने की ग्रामीण क्षेत्र में क्रय केन्द्र खोलने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं संभाग हल्द्वानी के गेहूं क्रय केन्द्रों को इस बार मंडी परिसर में खोलने के निर्णय को ग्राम प्रधान संघ ने किसानों के अहित में बताया है। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष मनजीत सिंह राणा के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को ज्ञापन सौंप कर पूर्व की भांति ही ग्रामीण क्षेत्र में क्रय केन्द्र खोलने की मांग की है।

उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सजवाण को सौपते हुए ग्राम प्रधान संघ से जुड़े ग्राम प्रधानों ने गेहूं क्रय केन्द्रों को मंडी परिसर में खोलने से छोटे एवं लघु कृषकों को अपनी पैदावार मंडी में पहुंचना अत्यधिक महंगा होगा। प्रधान संघ ने कहा है कि 20, 25 क्विंटल गेहूं लाने वाला किसान किराए के ट्रैक्टर ट्राली से मंडी में पहुंचाएगा। जिसमें किसान की फसल का एक बड़ा हिस्सा ट्रैक्टर ट्राली के किराये में खर्च होगी। उन्होंने फसल को मंडी तक पहुंचने में महंगे डीजल व धन एवं समय की बर्बादी बताई है । ज्ञापन में पूर्व की भांति ही ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं क्रय केन्द्र खोलने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों ग्राम प्रधानों में सरिता राणा, आशा बिष्ट, दीपा बिष्ट, मो. रफीक, जसवीर सिंह, राखी राणा, निशान सिंह, जिला पंचायत बिगराबाग हीरा देवी मुड़ेला आदि मौजूद रहे।

# फाजलपुर महरौला क्षेत्र में अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी

- कार्रवाई से लोगों में मचा हड़कंप
- चेतावनी के बाद भी कब्जा न हटाने पर चला प्रशासन का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** फाजलपुर महरौला क्षेत्र में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन का डंडा गरजा। एडीएम नजूल पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में पहुंची भारी भरकम टीम ने एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माणों और कब्जों को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, फाजलपुर महरौला में लंबे समय से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पक्के और कच्चे निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इस संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई थी कि लोग स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लें, लेकिन चेतावनी का कोई असर न होते देख प्रशासनिक टीम ने शनिवार को सख्ती दिखाई। मौके पर पहुंची जेसीबी ने एक के बाद एक अवैध ढांचों को गिराना शुरू कर दिया। अभियान के दौरान एडीएम मिश्रा और तहसीलदार दिनेश कुटोला भी मौजूद रहे। टीम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्तों और सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी भी अपनी-अपनी टीम के साथ तैनात रहे ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली से एसएसआई के-सी- आर्या के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

हालांकि, कुछ लोगों ने कार्रवाई का हल्का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिन लोगों ने अभी भी अतिक्रमण नहीं हटाया है, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# ग्राम प्रधान भारती सैनी ने किया पुस्तकों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय महेशपुरा में ग्राम प्रधान भारती सैनी के नेतृत्व में नि:शुल्क पुस्तकों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को नई पुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान भारती सैनी ने कहा कि गांव के हर बच्चे को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं, इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई में सहयोग करें। ग्राम प्रधान ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी तरह बच्चों को सहयोग दिया जाता रहेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति लीलाधर सैनी, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, पम्मी, वीरवती आदि मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** झनकईया पुलिस ने 2.27 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।

शुक्रवार देर शाम लोहियाहेड पुलिस चौकी प्रभारी होशियार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। पकड़िया में एक युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2.27 ग्राम स्मैक बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना नाम खेतलसंडाखाम निवासी दीपक सिंह भण्डारी बताया।

बताया कि वह स्मैक इस्लाम नगर निवासी एक व्यक्ति से खरीद कर लाया है। चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गेहूं क्रय केंद्रों की अव्यवस्थाओं पर विधायक कापड़ी ने उठाए सवाल

- प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन 200 कुंतल तोल की सीमा निर्धारित हो
- दुरुपयोग को रोकने के लिए तोल प्रक्रिया के दौरान वीडियोग्राफी कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कांग्रेस कार्यालय में विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने खटीमा में गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की वर्तमान नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए किसानों के हित में कई अहम मांगे रखी। उन्होंने कहा कि खटीमा क्षेत्र में खोले गए 35 गेहूं क्रय केंद्रों में से लगभग 75% केंद्रों को मंडी में स्थापित किया गया है जबकि इनको गांवों में स्थापित किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मंडी में 15 से 20 ट्रालियों के खड़े होने की व्यवस्था है ऐसे में जब 25 से 27 क्रय केंद्र मंडी में संचालित होंगे तो किसानों की फसल की खरीद कैसे संभव हो पाएगी।

उन्होंने कहा कि धान सीजन के दौरान जब केवल 5 से 6 क्रय केंद्र मंडी में लगाए जाते हैं तब भी लगभग एक किलोमीटर लंबी लाइन लग जाती थी और किसान अपने उपज को लेकर घंटो इंतजार करने को मजबूत रहता था ऐसे में वर्तमान व्यवस्था किसानों के लिए और अधिक परेशानी पैदा करेगी। इस मौके पर उन्होंने सरकार से मांग किया कि मंडी में संचालित सभी क्रय केंद्रों को गांव में स्थापित किया जाए ताकि किसानों को उनके नजदीक सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि 65 गांव के लिए मात्र 35 क्रय केंद्र पर्याप्त नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में संचालित अशोक फॉर्म, कुआं खेड़ा, भूड़िया थारु, मझोला सहित कई गांव में बंद किए गए क्रय केंद्रों को पुन: शुरू किया जाना चाहिए।

उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने केवल 5 लाख कुंतल गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा है जबकि धान की खरीद 65 लाख कुंतल तक की जाती है ऐसे में किसानों को उनकी फसल का उचित समर्थन मूल्य कैसे मिल पाएगा। विधायक कापड़ी ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड डील के बाद गेहूं का बाजार मूल्य लगातार गिर रहा है वर्तमान में बाजार में गेहूं की कीमत लगभग 2000 प्रति कुंतल है जबकि सरकारी समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल है इस अंतर के वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने सरकार से मांग किया कि प्रत्येक कांटे पर प्रतिदिन अधिकतम 200 कुंतल की तौल सीमा निर्धारित की जाए जिससे अधिक दिनों तक खरीद प्रक्रिया चल सके और वास्तविक किसानों को अपनी फसल बेचने का पर्याप्त अवसर मिल सके। साथ ही तौल पक्रिया के दौरान अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाए ताकि केवल वास्तविक किसानों की ही उपज खरीदी जा सके और ठेकेदारों, स्टॉकिस्टों या मिल मालिकों द्वारा दुरुपयोग को रोका जा सके।

इस मौके पर पूर्व प्रधान मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष व्यापार मंडल मोहम्मद जरीफ, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष गुलफाम, गोपाल चंद, रोहित शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लंबे समय से फरार वारंटी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद के सभी थाना प्रभारियों को न्यायालय से प्राप्त आदेशों की तामील एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में कोतवाली बाजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने ऐसे वारंटी पंकज कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी बन्नाखेड़ा, कोतवाली बाजपुर को गिरफ्तार किया, जो लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। उसके विरुद्ध वाद संख्या 929/2021 में धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को संबंधित न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेंद्र खड़ायत, चौकी प्रभारी बन्नाखेड़ा, कां. ज्ञानेन्द्र सोरायण थे।

# छोटे किसानों के लिए किराए की ट्रैक्टर ट्रॉली में फसल मंडी पहुंचना नहीं आसान

- प्रत्येक दुकान में खुलने वाले गेहूं खरीद केन्द्रों से असमंजस की बनेगी स्थिति
- किसान यूनियनों ने सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं संभाग के फरमान का किया विरोध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** समस्त क्रय एजेंसियों के गेहूं क्रय केन्द्र मंडी परिसर में खोलने संबंधित संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं संभाग हल्द्वानी के निर्देशन से क्षेत्र में किसानों की स्थिति असमंजस सी बनने लगी हैं। किसानों ने अपनी 20 से 30 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए चिंतित होने लगा हैं। संभागीय खाद नियंत्रक चन्द्र सिंह मर्तोलिया कुमाऊं सम्भाग हल्द्वानी द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी क्रय केन्द्रों को सीसीटीवी द्वारा निगरानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं एक साथ सभी केन्द्रों को उपलब्ध कराने का प्रयास है। जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के निर्देशन में इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मंडी सचिव को भी निर्देशित किया गया है। मंडी परिसर पर एक साथ खोले जा रहे 35 क्रय केन्द्रों में छोटे एवं लघु कृषक असमंजस की स्थिति में हैं। मंडी में खुल रहे क्रय केन्द्रों के बीच में गैप नहीं है। प्रत्येक केन्द्र एक दूसरे से सटा है। किराए के ट्रैक्टर ट्राली में मंडी तक गेहूं लाने वाले किसान किराये को लेकर सोचने लगा हैं। इधर ग्राम प्रधान संघ इस व्यवस्था को किसानों के अहित में बताने लगा है।

इधर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला अध्यक्ष गुरसेवक सिंह ने कहा कि सारे सेंटर मंडी परिसर में खोलना छोटे-छोटे किसानों के अहित में है। मंडी में फसल लाकर बेचने में धन, समय ही नहीं छोटे, लघु किसानों के लिए अनावश्यक परेशानी का कारण है। वहीं भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिला अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि जिला प्रशासन के इस निर्णय का शुरू में ही विरोध किया गया है। छोटे-छोटे किसानों को किराये में ट्रैक्टर-ट्रॉली से फसल को मंडी में पहुंचना धन एवं समय की बर्बादी का कारण है।

# सील गोदाम खुलवाने को लेकर किसानों ने एसडीएम से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** यूरिया खाद की कालाबाजारी पर कार्रवाई के बाद सील किए गए गोदाम को लेकर किसानों में नाराजगी सामने आ रही है। किसानों ने एसडीएम डॉ अमृता शर्मा से मिलकर गोदाम खोलने की मांग उठाई है।

बाजपुर में मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीकेएस यादव के निर्देश पर यूरिया खाद की ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत पर तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान ने कृषि विभाग की टीम के साथ एक गोदाम पर छापा मारा था। जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर गोदाम को सील कर दिया गया।

इस कार्रवाई के बाद बाजपुर बहुउद्देशीय प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नईम अहमद के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम से मुलाकात की और गोदाम को किसानों के हित में जल्द खुलवाने की मांग की। किसानों का कहना था कि गोदाम सील होने से क्षेत्र में यूरिया की कमी हो रही है, जिससे खेती प्रभावित हो सकती है। वहीं



एसडीएम ने स्पष्ट किया कि कृषि विभाग द्वारा यूरिया बिक्री को लेकर सख्त नियम लागू किए गए हैं। अब बिना आधार कार्ड और खतौनी के यूरिया नहीं दिया जाएगा। एक किसान को 5 बैग से अधिक यूरिया देने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही किसी भी किसान को जबरन अन्य उत्पादों के साथ खाद नहीं बेची जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जनपद के बाहर के किसानों को उर्वरक बेचना कालाबाजारी माना जाएगा और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई होगी। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि मुख्य कृषि अधिकारी से वार्ता कर नियमों के तहत गोदाम को किसानों की सुविधा के लिए खोला जाएगा।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने छोटे भाई फाजिल सैफी के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इससे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे छोटे भाई फाजिल सैफी से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे छोटे भाई फाजिल सैफी से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौहम्मद युनूस पुत्र स्व. श्री अब्दुल रहमान, निवासी- वार्ड नं.- 18, खेड़ा, रुद्रपुर, जिला-ऊधमसिंह नगर**

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की विभिन्न मांगों के समाधान हेतु अनिश्चितकालीन हड़ताल आज भी जारी रही। डिप्लोमा इंजीनियर अपनी मांगों के समर्थन में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहें। इस दौरान हड़ताली डिप्लोमा इंजीनियरों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से अभिलंब समाधान की मांग की। लोनिवि विश्राम गृह खटीमा में महासंघ से जुड़े इंजीनियर्स 27 सूत्रीय मांगों के समाधान हेतु बिना काम पर नहीं लौटने की बात कर रहे थे। इस दौरान वेतन विसंगतियां, न्यूनतम तीन प्रोन्नति देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने संबंधित दो दर्जन से अधिक मांगे सम्मिलित हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आनंद बल्लभ जोशी, कमल किशोर जोशी, पीयूष कुमार, प्रेम प्रकाश तिवारी, कुंदन सिंह, आदर्श, संजय, शैलेश पांडे, सुभाष आर्य, कल्पना उपाध्याय, विनोद कुमार, यशपाल सिंह, दीप चंद्र पंत, आशा मेहरा, संजीव एन गोस्वामी आदि इंजीनियर सम्मिलित रहे।



# हिमवीरों को बनाया जा रहा और भी दमदार

**आईटीबीपी बटालियन में योग से नशामुक्ति का संकल्प**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आईटीबीपी की 36वीं बटालियन में हिमवीरों को शारीरिक व मानसिक रूप से और अधिक मजबूत बनाने के लिए विशेष योग एवं नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जवानों को न केवल नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई, बल्कि योगिक क्रियाओं और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण सूत्र भी बताए गए।

कार्यक्रम में आईटीबीपी के कमांडेंट संजय कुमार सहित सभी अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। इस अवसर पर कमांडेंट द्वारा आयुर्वेद विभाग की टीम नोडल अधिकारी डॉ. सुधाकर गंगवार, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. प्रकाश सिंह बसेड़ा एवं अन्य योग विशेषज्ञों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. गंगवार और डॉ. प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य जन्म से नशे का आदी नहीं होता, बल्कि तनाव, गलत आदतों और तात्कालिक सुख की चाह उसे इस ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति प्रकृति के नियमों के अनुरूप जीवन जीए और नियमित योग करे, तो नशे से उसका जीवनभर दूर रहना संभव है। योग प्रशिक्षकों सोनिया आर्या, लीला जोशी, विजय देउपा और सुशील कॉलोनी ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए जवानों को बताया कि बिना दवाइयों के भी स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन जिया जा सकता है। कमांडेंट संजय कुमार ने आयुर्वेदिक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जवानों को दिए गए इन नैसर्गिक स्वास्थ्य उपायों को दैनिक जीवन में अपनाया जाएगा, जिससे वे और अधिक सशक्त बन सकें।

# मालधन क्षेत्र में खतरा बने पेड़ों का मुद्दा गरमाया

**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ से की कार्रवाई की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के मालधन चौड़ क्षेत्र में आबादी के बीच खड़े जोखिम भरे पेड़ों को लेकर भाजपा नेता मुखर हो गए हैं।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश आर्या से मुलाकात कर जल्द से जल्द कार्य करने की मांग उठाई।उन्होंने डीएफओ प्रकाश आर्या से चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मालधन क्षेत्र में कई ऐसे कई पेड़ हैं, जो जर्जर और खतरनाक स्थिति में खड़े हैं और कभी भी गिरकर बड़ा हादसा हो सकता है।उन्होंने कहा कि ये पेड़ आबादी के बेहद करीब हैं, जिससे स्थानीय लोगों में लगातार डर का माहौल बना हुआ है,खासतौर पर बारिश और आंधी के दौरान इन पेड़ों के गिरने का खतरा और भी बढ़ जाता है।

प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में हुई एक घटना का भी जिक्र किया, जिसमें एक पेड़ गिरने से एक मकान को नुकसान पहुंचा था। इस घटना के बाद भी पीड़ित परिवार को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। मामले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने डीएफओ से मांग की है कि जो पेड़ पूरी तरह से असुरक्षित और खतरे की स्थिति में हैं,उन्हें चिन्हित कर जल्द से जल्द हटाया जाए। साथ ही जिन लोगों को नुकसान हुआ है, उन्हें उचित मुआवजा भी दिया जाए।वहीं मामले में डीएफओ प्रकाश आर्या ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर ऐसे पेड़ों का निरीक्षण कर जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

**एक नजर**

# मुकेश महराना बने चाय विकास परिषद के उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश महराना को चाय विकास सलाहकार परिषद का उपाध्यक्ष, (दर्जा राज्य मंत्री) बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि मुकेश महराना के नेतृत्व में चाय बागानों में विकास कार्यों को गति मिलेगी, साथ ही पर्यटन, रोजगार पर्यावरण के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

बताया जा रहा है कि पार्टी में लंबे समय से सक्रिय रहते हुए मुकेश महराना ने संगठन को मजबूत करने में अहम योगदान दिया है। उनके अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और कार्यकर्ताओं को सम्मान मिल रहा है।

# विदेश में नौकरी का सुनहरा मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार युवाओं को रोजगार के नए आयाम देने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। अब प्रदेश के युवाओं को सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी आकर्षक और सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महत्वाकांक्षी पहल युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और उच्च वेतन वाले रोजगार से जोड़ना है। इस योजना के तहत उत्तराखंड कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिकृत प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से जर्मन और जापानी भाषाओं का विशेष प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जिससे युवाओं को नर्सिंग, एल्डरली केयर (बुजुर्गों की देखभाल) और होटल उद्योग जैसे क्षेत्रों में दक्ष बनाया जा सके। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को जर्मनी और जापान जैसे विक. सित देशों में रोजगार के अवसर मिलेंगे, जहां उन्हें 1 लाख से 2.5 लाख प्रति माह तक का आकर्षक वेतन प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा ग्रीस, रूस, मध्य एशिया और मिडिल ईस्ट देशों में भी सीधे रिक्रूटमेंट के जरिए नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और जल्द से जल्द आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करें। यह पहल न सिर्फ युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगी, बल्कि चंपावत की प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

**चंपावत की प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाने में भूमिका निभाएगी**

# सितावनी जंगल सफारी में मंदिर के पास सड़क पर दिखा विशाल किंग कोबरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर वन प्रभाग के सितावनी पर्यटन जोन में शनिवार सुबह जंगल सफारी पर निकले पर्यटकों को मंदिर के पास सड़क पर अचानक एक विशाल किंग कोबरा दिखाई दिया।

जब पर्यटक नियमित जंगल सफारी पर सितावनी जोन पहुंचे थे। सफारी के दौरान जैसे ही जिप्सी सीतावनी मंदिर के पास पहुंची, तभी सड़क पर एक बड़ा किंग कोबरा नजर आया। कुछ देर के लिए जिप्सी वहीं रुक गई और सभी की नजरें इस दुर्लभ सर्प पर टिक गईं। किंग कोबरा बेहद शांत अंदाज में सड़क पार करता नजर आया। इस दौरान गाइड ने सभी पर्यटकों को सतर्क रहने और दूरी बनाए रखने की सलाह दी। पर्यटक इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद करने लगे और इस अनोखे पल को यादगार बना लिया। नेचर गाइड दीप मलकानी ने बताया कि सुबह सफारी के दौरान मंदिर के पास यह दृश्य देखने को मिला। उन्होंने कहा कि अक्सर छोटे सांप जंगल में दिखाई देते हैं, लेकिन किंग कोबरा जैसा विशाल और दुर्लभ सांप बहुत कम देखने को मिलता है।

# डीएम ने दिए बरम-कनार मोटर मार्ग निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से बरम-कनार मोटर मार्ग के संबंध में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मार्ग की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, भूमि हस्तांतरण, वन स्वीकृति एवं अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) धारचूला के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरम-कनार मोटर मार्ग से संबंधित सभी आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से प्रारंभ की जाए तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह मार्ग स्थानीय ग्रामीणों की आवागमन सुविधा, आपातकालीन सेवाओं की पहुंच तथा क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्ग का संयुक्त निरीक्षण शीघ्र किया जाए, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर स्थल की वास्तविक स्थिति का आकलन करें तथा आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देशित किया कि वन्यजीव क्लीयरेंस हेतु प्रस्ताव शीघ्रता से शासन को प्रेषित किया जाए तथा आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें, ताकि प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो और परियोजना समय से पूर्ण हो सके। बैठक में उपजिलाधिकारी धारचूला वीसी से,पीएमजीएसवाई धारचूला, वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाजपुर की छात्रा राजमणि माला ने पंजाब में बढ़ाया क्षेत्र का मान, 'किसमें कितना है दम' में बनीं रनर-अप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** क्षेत्र के भौना इस्लाम नगर देहात की होनहार छात्रा राजमणि माला ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब में आयोजित "किसमें कितना है दम" (KKHD ग्रैंड फिनाले सीजन 12) प्रतियोगिता में रनर-अप स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजमणि माला, जो DAV स्कूल बाजपुर में कक्षा 9 की छात्रा हैं, ने चंडीगढ़ स्थित रायत बहारा यूनिवर्सिटी में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपने हुनर से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। राजमणि, राजकुमार दिवाकर और भुवनेश्वरी दिवाकर की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और विद्यालय परिवार ने राजमणि को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में स्थान से अधिक महत्वपूर्ण उस मंच तक पहुंचना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। राजमणि ने यह साबित कर दिखाया है कि मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। विद्यालय प्रशासन और क्षेत्रवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राजमणि आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी।

# राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के पांच विद्यार्थियों का सेंटर फॉर एक्सीलेंस में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड की महत्वाकांक्षी एवं अभिनव योजना के अंतर्गत राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के पांच मेधावी विद्यार्थियों का चयन चयन सेंटर फॉर एक्सीलेंस, देहरादून के लिए किया गया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

इस योजना के अंतर्गत राज्यभर से कक्षा 11 उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चयनित कर देहरादून स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आवासीय शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की सुदृढ़ तैयारी उपलब्ध कराना है। चयनित विद्यार्थियों में आरती, शशि भट्ट, गर्विंदर सिंह, वंश ठाकुर एवं दिव्यांशु श्रीवास्तव शामिल हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अवंती फेलोशिप योजना से जोड़ते हुए एक वर्ष तक इंजीनियरिंग एवं



मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं जेईई एवं नीट की सुनियोजित तैयारी कराई जाएगी।

इसके साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त रेमेडियल कक्षाएं, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा संदेह समाधान सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव और अधिक सुदृढ़ हो सके। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, खटीमा के इन पांच विद्यार्थियों का चयन विद्यालय के मेंटर निर्मल न्योलिया के मार्गदर्शन में हुआ है।

विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का परिणाम बताया।

# अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु परिवहन विभाग द्वारा जनपद पिथौरागढ़ में अवैध रूप से संचा. लित बाहरी राज्यों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान एआरटीओ (प्रवर्तन) श्री शिवांश कांडपाल के नेतृत्व में संचालित किया गया।

अभियान के दौरान कई गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं। जांच में पाया गया कि कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे थे, जबकि कुछ मामलों में चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस तक उपलब्ध नहीं था। इसके अतिरिक्त, कई ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर चल रहे थे, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी अत्यंत खतरनाक है। कार्रवाई के दौरान बीते सप्ताह में कुल पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को



सीज किया गया। साथ ही, विभिन्न धाराओं के तहत प्रत्येक वाहन पर लगभग 40,000 तक का जुर्माना लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तनशिवांश कांडपाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में प्रवर्तन दल के सदस्य सीमा राणा, बलदेव, बहादुर एवं महेंद्र साथ रहे।

# जिलाधिकारी से मिला राज्य आंदोलनकारियों का प्रतिनिधिमंडल

**समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राज्य आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से उनके हल्द्वानी स्थित कार्यालय में मिला। प्रति. निधि मंडल ने राज्य आंदोलनकारी से जुड़ी समस्याओं से एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। प्रतिनिधि मंडल में प्रभात ध्यानी, भुवन जोशी, पुष्कर दुर्गापाल, शेर सिंह लटवाल, बृजमोहन सिजवाली, पान सिंह नेगी,रईस अहमद थे।

राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी कहा कि 42 से ज्यादा आंदोलनका. रियों की शहादत, खटीमा- मंसूरी-मुजफ्फरनगर में अपनी इज्जत ,आबरू गंवाने तथा सैकड़ों आंदोलनकारियों को जेल में डालने, दमन उत्पीड़न के बाद नौ नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया पृथक उत्तराखंड राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर उत्तराखंड सरकार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रजत जयंती समारोह का आयोजन कर अपनी उपलब्धियां गिना रही है।उत्तराखंड राज्य निर्माण के गठन के आंदोलन में छात्र ,नौजवान ,महिलाएं, पूर्व सैनिक, व्यापारी, कर्मचारी हर वर्ग, धर्म, जाति समुदाय से जुड़े लोगों ने इस उम्मीद से भागीदारी कि राज्य गठन के बाद राज्य की सत्तारूढ सरकारें पहाड़ का पानी ,पहाड़ की जवानी



,पहाड़ की परेशानी का समाधान करने में सफल होगी।

आज जब हम राज्य स्थापना दिवस की 25 वीं वर्षगांठ को रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं तो मंथन करने की जरूरत है कि हमारी सरकारें राज्य की अवधारणा से जुड़े सवाल स्थाई राजधानी गैरसैंण, पहाड़ से पलायन, परिसीमन, बदहाल स्वास्थ्य शिक्षा, भ्रष्टाचार, सत्ता पर माफियाओं का बढ़ता दखल, परिसीमन, कुमायुं गढ़वाल को जोड़ने वाली राज्य की सीमा अंतर्गत कंडी सड़क, अवैध नशे का बढ़ता कारोबार, रोजगार, मूल निवास, भू कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों को हल करने में क्यों नहीं सफल हो पाई है ।


राज्य निर्माण आंदोलन में नेतृत्वकारी एवं सक्रिय भूमिका निभाने वाले राज्य आंदोलनकारी विभिन्न परेशानियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि राज्य आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह मिलने वाली समस्त सुविधाएं दी जाएं। उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों, उनके आश्रितों के लिए 10 प्रतिशत शैतिक आरक्षण कानून लाया गया है, लेकिन उसका लाभ अभी तक नहीं मिल पा रहा है, चिह्निनीकरण से वंचित रह गये राज्य आंदोलनकारियों के लिए चिह्निनीकरण की घोषणा के बावजूद जनपदों में चिह्निनीकरण के आवेदन लंबित है। उन आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# जनगणना-2027 की तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देशभर में करीब 15 वर्ष बाद शुरू होने जा रही जनगणना-2027 के तहत ऊधमसिंह नगर में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एक अप्रैल से शुरू हुए पहले चरण में हाउस लिस्टिंग व हाउसिंग सर्वे (एचएलवी) की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही प्रगणकों की नियुक्ति और सुपरवाइजर सर्किल के गठन का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि पहले चरण को समयबद्ध और सटीक तरीके से पूरा करने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को प्रगणक के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, जबकि उनके कार्यों की निगरानी के लिए सुपरवाइजर सर्किल बनाए जा रहे हैं।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आठ अप्रैल को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर भगवानपुर हरिद्वार एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन प्रदेश के कुल 28 परीक्षा केन्द्रों में 08 अप्रैल बुधवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक प्रस्तावित किया गया है।बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1885 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 1699 अभ्यर्थी हैं।राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 395 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 372 अभ्यर्थी अर्ह हैं। उक्त परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए जाने के लिए एक दिवसीय बैठक शनिवार को बोर्ड के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी द्वारा प्रवेश परीक्षा का परिचय एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में ही परीक्षा कराने के लिए निर्देशित किया गया। परिषद के संयुक्त सचिव सीपी रतूड़ी ने परीक्षा के आयोजन में प्राचार्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उप सचिव सुषमा गौरव ने केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंच का संचालन डा. राम चन्द्र पाण्डेय शोध अधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक में सुनील भण्डारी, प्रकाश राम, निखिल जोशी आदि मौजूद रहे।

# रामनगर में सैलानियों की भीड़, रानीखेत रोड पर लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पर्यटन नगरी रामनगर में बच्चों की छुट्टियों के चलते पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। कॉर्बेट पार्क घूमने पहुंचे सैलानियों के कारण शहर की सड़कों पर दबाव बढ़ गया है, जिससे रानीखेत रोड पर लंबा जाम लग गया।वीकेंड और स्कूलों की छुट्टियों का असर अब साफ तौर पर रामनगर की सड़कों पर दिखाई दे रहा है।

शनिवार सुबह से ही बड़ी संख्या में पर्यटक अपने परिवार के साथ कॉर्बेट पार्क की ओर रुख कर रहे हैं। इसके चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया।सबसे ज्यादा स्थिति रानीखेत रोड पर देखने को मिला।जहां वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। जाम इतना लंबा लगा कि वाहन धीरे धीरे आगे बढ़े।कई जगहों पर तो लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा।स्थानीय लोगों को भी इस जाम की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।रोजमर्रा के कामों के लिए निकलने वाले लोगों को भी भारी दिक्कत रही।वहीं, बाहर से आए पर्यटक भी जाम में फंसकर समय से अपने गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंचे।वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि छुट्टियों की वजह से भीड़ काफी बढ़ गई है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था उतनी बेहतर



नहीं दिख रही। काफी देर से जाम में फंसे रहे।हालांकि, ट्रैफिक को संभालने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है और जगह-जगह जवान व्यवस्था संभालते नजर आए। इसके बावजूद भी वाहनों की अधिक संख्या के कारण जाम की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आ पा रही है।लोगों का कहना था कि छुट्टियों और वीकेंड के दौरान रामनगर में इस तरह की स्थिति आम हो जाती है।ऐसे में बेहतर ट्रैफिक प्लानिंग और व्यवस्थाओं की जरूरत महसूस की जा रही है।

फिलहाल, प्रशासन की कोशिशें जारी हैं, लेकिन जब तक पर्यटकों की संख्या में कमी नहीं आती, तब तक जाम से राहत मिलना मुश्किल नजर आ रहा है।

# जेसीज पब्लिक स्कूल जूनियर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल जूनियर के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि नगर निगम रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विद्यालय के निदेशक सुधांशु पन्त ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का जो सपना संजोया गया है उसे सभी के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं सहयोग से साकार किया जाएगा। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने विद्यालय प्रबंधन को नवनिर्मित भवन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह संस्थान बच्चों के लिए उत्कृष्ट एवं आधुनिक शिक्षण केन्द्र के रूप में जाना जाएगा, जो इस क्षेत्र में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। महापौर विकास शर्मा ने विद्यालय के महासचिव की दूरदर्शिता एवं शिक्षा के



क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय भविष्य की आवश्यकतानुसार आधुनिक तकनीकों एवं सुविधाओं के साथ गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि यह विशाल भवन आधुनिक शिक्षण मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जो नई शिक्षा नीति के सभी मापदंडों को पूरा करता है। यहां प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, प्रधानाचार्य चेतन चौहान, विद्यालय प्रबंधन के सुरेंद्र गिरधर, इन्द्रजीत अरा. ेरा, राजेन्द्र श्रीधर, बच्चन सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, संजीव वर्मा आदि मौजूद थे।

# गैस की किल्लत पर उपभोक्ताओं ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** क्षेत्र में भारत गैस का स्थायी गोदाम न होने से उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। समस्या से नाराज उपभोक्ताओं ने शनिवार को श्मशान घाट के सामने जाम लगा दिया। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पहले भारत गैस की आरके देवी एजेंसी का गोदाम निरस्त होने के बाद उपभोक्ताओं को रुद्रपुर, भूरारानी और लालपुर के अन्य गोदामों से जोड़ा गया था। इसके चलते दिनेशपुर में शुरू से ही गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। कई दिनों तक बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। समस्या से नाराज उपभोक्ताओं ने शनिवार को श्मशान घाट के सामने जाम लगा दिया। इससे गूलरभोज-जाफरपुर मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज ने बताया कि भारत गैस उपभोक्ताओं को घर-घर होम डिलीवरी की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन मांग अधिक होने के कारण कुछ स्थानों पर दिक्कत आ रही है।

# महिला की मौत के बाद गश्त

## सूर्याजाला में वन विभाग के 50 से अधिक कर्मियों की टीम मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड की ग्राम पंचायत सूर्यागांव के तोक सूर्याजाला में शुक्रवार की शाम घास लेने गई महिला हंसी देवी की बाघ के हमले में मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है। शनिवार को मृतका की गमगीन माहौल में अंत्येष्टि की गई। दूसरी ओर नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंग. वार ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़िता के परिवार को 10 लाख का चेक सौंपा। इस बीच वन विभाग की ओर से तीन पिंजरे लगाए गए हैं वहीं 25 से ट्रैप कैमरे और टैंकुलाइज के लिए डाक्टरों की टीम लगाई हुई है। विभाग ने हमलावर का पता लगाने के लिए डीएनए सैंपल जांच के लिए देहरादून भेजा है। डीएनए सैंपल रिपोर्ट के बाद भी पता चल पाएगा की हमला करने वाला बाघ था या तेंदुआ था। क्षेत्र में 50 से अधिक वन कर्मियों की टीम गश्त में लगी हुई है। ग्रामीणों के लिए वन विभाग की ओर से चारे की व्यवस्था की गई है साथ ही सोलर लाइट भी लगाई जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिका. रियों को बताया कि क्षेत्र में बाघ और तेंदुए लगातार घूम रहे हैं। भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने वन विभाग के अधिकारियों से आदमखोर को जल्द से जल्द पकड़ने को कहा है साथ ही आदमखोर के पकड़े नहीं जाने तक गश्त जारी रखने को कहा है वहीं कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने भी डीएफओ को आदमखोर को पकड़ने के साथ पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद देने को कहा है। पूर्व विधायक डा.नारायण सिंह जंतवाल ने भी घटना पर दुख जताते हुए आदमखोर को जल्द पकड़ने की मांग वन विभाग के उच्चाधिकारियों से की है।नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंग. वार ने कहा कि मृतका के परिजनों को 10 लाख का चेक सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिंजरे तथा ट्रैप कैमरे लगा दिए गए हैं। विभाग की टीम गश्त में है साथ ही ट्रैकुलाइज के लिए भी डाक्टर लगे हुए हैं। डीएफओ ने लोगों से अकेले घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।



## नैनीताल में पर्यटक से धोखाधड़ी, पुलिस ने वापस कराई रकम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में एक बार फिर मित्र पुलिस ने अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया है। बता दें मल्लीताल क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक कैफे के कर्मचारियों ने अभय कुमार को स्क्रैच कार्ड और मुफ्त भोजन का लालच देकर अंदर बुलाया। खुद को ट्रैवल एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर उन्होंने विदेश यात्रा के आकर्षक पैकेज का झांसा दिया और पर्यटक से 58 हजार रुपये अग्रिम जमा करा लिए। ईमेल और पुख्ता जानकारी न मिलने पर पर्यटक को ठगी का अहसास हुआ जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। एसएसआई दिनेश जोशी के नेतृत्व में पुलिस ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाया। कैफे कर्मियों ने आरोपों को नकारा लेकिन गहन बातचीत और पुलिसिया दबाव के बाद वे पर्यटक की पूरी धनराशि वापस करने पर सहमत हो गए। रकम वापसी के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हुआ और मामला शांत हुआ। इस घटना ने पर्यटकों को लुभावने पैकेजों के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

## नैनीताल व कैंची धाम क्षेत्र में विशेष यातायात प्रतिबंध लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल एवं कैंची धाम क्षेत्र में रविवार (आज) अत्यधिक यातायात दबाव की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन ने विशेष प्रतिबंध लागू किए गए हैं। इसके तहत हल्द्वानी-काठगोदाम तथा कालाढूंगी एवं खैरना से नैनीताल तथा भीमताल व कैंची धाम की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के दुपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध स्थानीय निवासियों के व्यक्तिगत दुपहिया वाहनों एवं आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगा। दूसरी ओर पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से सहयोग की अपेक्षा की है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं ने जागेश्वर धाम के दर्शन किए

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के बेतालघाट स्थित खेमचंद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमचंद्र आर्य ने अपने सौजन्य से जागेश्वर धाम के दर्शन कराये वही लोहानी की ग्राम प्रधान निर्मला बिष्ट ने हरी हरी झंडी दिखाकर जागेश्वर धाम के लिए बसों को रवाना कर वरिष्ठ नेता हेमचंद आर्य का आभार जताया। इस दौरान छात्र छात्राओं को बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ वहीं छात्र छात्राओं जागेश्वर धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन किए और मंदिर के बारे में बहुत सारी जानकारियां ली। छात्र छात्राओं ने चितई मंदिर गोलू देवता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों ने मंदिर पहुंचकर बहुत ही आनंद उठाया और बच्चों ने इस यादगार पल को अपने कमरे में कैद किया।

### भावना मेहरा ने सीएम के प्रति जताई कृतज्ञता



**नैनीताल।** प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद में नवनियुक्त उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) भावना मेहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका व भाजपा संगठन का उन पर विश्वास जताने के लिए आभार प्रकट किया है। मेहरा ने कहा कि उनका संगठन में कार्य करने का उनका लंबा अनुभव रहा है। कहा कि वे टीम उत्तराखंड की तर्ज पर कार्य करते हुए जनकल्याण को प्राथमिकता देंगी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी धामी के नेतृत्व में राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर निरंतर कार्य करेंगी जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस दौरान उनके आवास पर बधाई देने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी।

### सत्ताधारियों की लौ का ज्यादा फड़फड़ाना किस तरफ इशारा कर रही है?



**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा है कि ताजातरीन अंतरराष्ट्रीय भू राजनीति की हालिया अवस्था को देखें तो हमारे देश के लिए कोई उत्साहजनक खबर नहीं है। कहा कि पहले रूस यूक्रेन युद्ध फिर इजराइल व अमेरिका तथा इरान युद्ध के कारण भारत पर अनेक संकट आए और फिर भारत के पड़ोसी देशों के साथ खट्टे होते संबंध तथा अस्थिरता का संदेश दे रही है। बिष्ट ने कहा कि देश के भीतर डर व संदेह का माहौल है। कहा कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके देश में अंतरराष्ट्रीय भू राजनीति के कारण तेल खत्म होने का डर और गैस सिलेंडरों एवं खाद्य पदार्थो की बढ़ती कीमत और कलाबाजी की घटनाएं सामाजिक अस्थिरता का इशारा कर रही है। प्रदेशों में असुरक्षित होती बहन बेटियां और नामचीनों के गुनाहों पर पर्दा डालने ही नई पूर्ण रूप से उनका राजनीतिक संरक्षण सरकार द्वारा किया जाना। समाज को कहाँ ले जा रही है? क्यों खामोश हैं सत्ताधारी, कया यह कोई बड़ी आंधी का अंदेशा है? सत्ताधारियों की लौ का ज्यादा फड़फड़ाना किस तरफ इशारा कर रही है?

### अमिता साह को मिलेगा नारी रत्न सम्मान

**नैनीताल।** नैनीताल की वरिष्ठ भाजपा नेत्री अमिता साह को राष्ट्रीय नारी रत्न से सम्मानित किया जाएगा। विश्व हिन्दी रचनाकार मंच के सौजन्य से प्रकाशित होने वाली पुस्तक भारत के महिला काव्य रत्न में अमिता साह की कविता को प्रकाशित किया गया है और मंच ने उन्हें इस पुस्तक में रचनात्मक योगदान के लिये आगामी 12 अप्रैल को हल्द्वानी में राष्ट्रीय नारी रत्न से सम्मानित करने की बात कही है।

### जीआईसी में बालिकाओं को भी मिलेगा प्रवेश

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल स्थित शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इंटर कालेज जहां अब तक केवल बालक ही प्रवेश पाते थे में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बालकों के साथ साथ बालिकाओं के प्रवेश भी प्रारंभ कर दिए गए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरएस अधिकारी ने बताया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी भीमताल की अनुमति के उपरांत यहां बालिकाओं के लिये प्रवेश प्रारंभ किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता प्राप्त यह विद्यालय मूलभूत सुविधाओं एवं खेल मैदानों से सुसज्जित है तथा कक्षा 6 से 12 तक विषयवार अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। कक्षा 6 से 8 तक विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा, गणवेश तथा पाठ्य सामग्री एवं मध्याह्न भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है। इंटरमीडिएट स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के साथ एनसीसी भी संचालित है।

### पर्यटकों की भीड़-भाड़ से बढ़ गयी रौनक

**नैनीताल।** नैनीताल में तीन दिन की लगातार अवकाश के कारण सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। शनिवार को नगर के अधिकांश होटल और होम स्टे हुए पैक हो गए। सैलानी होटलों की तलाश में परेशान नजर आए। बता दें खाड़ी देशों में हो रहे युद्ध के कारण सैलानियों की आमद बड़ी है। जिसके चलते नैनीताल ही नहीं बल्कि समीपवर्ती पर्यटन स्थलों में भी सैलानियों की भीड़ पहुंची हुई है। नैनीताल में वीरवार शाम से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो शनिवार देर पहुंचते रहे। इस बीच जिस कारण नगर की सड़कों में पूरे दिन यातायात चरमराया रहा। बिड़ला मार्ग, मस्जिद चौराहा, चिड़ियाघर रोड तथा हल्द्वानी रोड और भवाली में घड़ी घड़ी जाम लगते रहाए जबकि पार्किंग की तलाश में पर्यटक भटकते नजर आए। पुलिस को यातायात दुरुस्त करने में पूरे दिन कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## डिप्लोमा इंजीनियर की हड़ताल यथावत

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर महासंघ की लंबित 27 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर सभी इंजीनियर शनिवार को भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। हड़ताल के दौरान हुई सभा में आंदो. लित इंजीनियरों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान महासंघ के प्रांतीय संगठन के शाखा अध्यक्ष दीप चंद्र चौधरी समेत एसएस डंगवाल, विपिन पुरोहित, मनमोहन बिष्ट, गोविन्द सिंह जनौटी, तुला राम टम्टा, राजेन्द्र गिरी, किशोर कुमार, जीसी जोशी, वन्दना, वेद प्रकाश, शालू प्रजापति, मोहन सिंह, नीरज तिवारी, विवेक सिंह तथा मनोज सिंह व विजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों की नियुक्ति में अनियमितताओं पर हाई कोर्ट सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में बरती गई अनियमितताओं पर कड़ी टिप्पणी की है। लेकिन नियम विरुद्ध नियुक्त शिक्षकों की सेवा में व्यवधान डाले बिना कोर्ट ने नियुक्ति से वंचित 11 अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता निकालने के निर्देश शिक्षा निदेशालय को दिए हैं। इन अभ्यर्थियों के लिए कोर्ट के निर्देश पर पद रिक्त रखे गए हैं। मामले के अनुसार वर्ष 2016 में हुई नियुक्ति प्रक्रिया में कई अभ्यर्थियों की नियम विरुद्ध नियुक्ति होने व 11 योग्य अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित रखे जाने का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिसे नियुक्ति से वंचित विनय कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिसमें शिक्षा विभाग के अलावा बड़ी संख्या में वे प्राथमिक शिक्षक प्रतिवादी हैं जिन्हें नियुक्ति मिल गई थी। इधर

**शिक्षा निदेशालय को वंचित 11 अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता निकालने के निर्देश**

शिक्षा विभाग ने नवंबर 2025 में सहायक अध्यापक प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की है। कोर्ट के निर्देश पर इस नियुक्ति प्रक्रिया में पूर्व में नियुक्ति से वंचित 11 अभ्यर्थियों के लिए पद रिक्त रखने के निर्देश हैं। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए इस बात पर हैरानी जताई कि सीबीएसई और एनसीटीई द्वारा अपात्र घोषित किए जाने के बावजूद, चयन समिति ने बिना योग्यता जांचे बड़ी संख्या में अपात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सिफारिश कैसे कर दी। अदालत ने पूर्व में आदेश दिया था कि वर्ष 2025 के विज्ञापन की 11 रिक्तियों को सुरक्षित रखा जाए ताकि उन योग्य याचिकाकर्ताओं को समायोजित किया जा सके, जिन्हें 2016 की भर्ती में अवैध रूप से नियुक्ति से वंचित कर दिया गया था। कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की कि विभाग बार-बार शपथ पत्र दाखिल कर अपने पुराने गलत फैसलों को सही ठहराने की कोशिश कर रहा है, जो न्यायिक निर्देशों को विफल करने जैसा है। सुनवाई के दौरान विभागीय सचिव ने सर्वोच्च न्यायालय के देवेश शर्मा बनाम भारत संघ मामले का हवाला देते हुए याचिकाकर्ताओं को बीएड डिग्री धारक होने के कारण अपात्र बताया। किंतु याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि राज्य खुद पूर्व में स्वीकार कर चुका है कि ये अभ्यर्थी 2016 के विज्ञापन के अनुसार पूरी तरह पात्र थे। उन्होंने तर्क दिया कि यह कानून उन पर लागू नहीं होता क्योंकि उनकी पात्रता पर पहले कोई विवाद नहीं था। न्यायालय ने एक बैलेंसिंग ऑर्डर (संतुलित आदेश) पारित किया है, जिसका उद्देश्य उन निजी प्रतिवादियों, जिनको नियुक्ति मिल चुकी है, की सेवाओं में बाधा डाले बिना याचिकाकर्ताओं को न्याय देना है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को उन 11 रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए जो विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए रिक्त रखे गए थे। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वे इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का रास्ता निकाले। हाईकोर्ट ने इस मामले में उदार रुख अपनाते हुए अधिकारियों को आदेश के अनुपालन या कानूनी रास्ता निकालने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 अप्रैल 2026 को तय की गई है। फिलहाल, संबंधित अधिकारियों को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी गई है।

# डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 56 लाख स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** विधानसभा के रामगढ़ ब्लॉक के सुरमानें बैंड से मल्ला गहना व

**जल्दी शुरू होगा डामरीकरण व सुधारीकरण का कार्य: मंत्री कैड़ा**

शीतला से छतोला मोटर मार्ग खराब था जिस कारण ग्रामीणों, किसानों को अवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों ग्रामीणों को काफी परेशानिया होती थी, गाड़ी कीचड़ में फंस जाती थी। ग्रामीणों ने मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग पर सुधारीकरण व डामरीकरण करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुए लोनिवि के अधिकारियों से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था। मंत्री कैड़ा ने दो मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 56 लाख स्वीकृति कर जिसका शासन से शासनादेश जारी हो होने के बाद टैण्डर प्रकिया शुरू हो गई है। मंत्री कैड़ा ने कहा जल्दी ही दोनों मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर डामरीकरण का कार्य किया जायेगा।



# डीएफओ कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कल

## किसान महासभा की बैठक: आठ सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए हो रहा है आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** किसान महासभा बागजाला कमेटी के पूर्व घोषित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत बागजाला गांव के विकास पर वन विभाग का अवरोध खत्म करने की मांग पर 6 अप्रैल को डीएफओ तराई पूर्वी कार्यालय हल्द्वानी के सम्मुख धरना प्रदर्शन किया जायेगा. आज इस आंदोलन की तैयारी की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आजादी से भी पहले बसे गांव बागजाला को वन विभाग के माध्यम से अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ने का षड्यंत्र कर बागजाला गांव के लोगों को पहले से सरकार द्वारा दी गई बुनियादी सुविधाओं पंचायत प्रति. निधि चुनने का अधिकार, सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई नहरों और नए भवन निर्माण, गांव में जल जीवन मिशन अन्तर्गत चल रहे हर घर नल, हर घर जल के निर्माण पर रोक लगा दी गई। जिसके कारण बागजाला वासियों को जनान्दोलन को बाध्य होना पड़ रहा है। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि वन विभाग की जारी हठधर्मिता के खिलाफ बाग. जाला गांव के जनहित में उठाई जा रही जायज मांगों को पूरा करने की मांग पर आगामी 6 अप्रैल को बाग. जाला गांव के लोग अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में जनआंदोलन की शुरूआत डीएफओ तराई पूर्वी कार्यालय हल्द्वानी के सम्मुख एक चेतावनी धरने से करेंगे, यदि तब भी समाधान न हुआ तो पुन: अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जायेगा। बैठक में आनंद सिंह नेगी, डा. कैलाश पाण्डेय, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, गणेश राम, पंकज चौहान, रईस अहमद, चंदन सिंह मटियाली, असलम, बबलू, रेशमा, दौलत सिंह, दिनेश चंद्र, नईम बानो, जेबुननिशा, हेमा देवी, उमा देवी, रफी, मकसूद, शोभा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।






**कैबिनेट मंत्री खजानदास ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट**

**देहरादून।** प्रदेश के समाज कल्याण मन्त्री खजानदास ने शनिवार को लोक भवन में उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान समाज कल्याण मंन्त्री द्वारा सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण तथा अल्पसंख्यक कल्याण सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया गया। मंत्री ने समाज के हित में हम इसके अतिरिक्त और अधिक क्या-क्या काम कर सकते हैं के साथ-साथ विभिन्न विकास योजनाओं, नीतिगत मुद्दों सहित अनेक समसामयिक विषयों पर चर्चा की। मंत्री खजान दास द्वारा राज्यपाल से मिलकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की गई।

## पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता की पहल

# 15 जून तक होगा लाभार्थियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जवाबदेही तय: शहरी क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी व ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी की निगरानी में होगा सत्यापन**



**देहरादून।** समाज कल्याण एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लाभार्थियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जनपद में सभी पेंशन प्राप्तकर्ताओं का समयबद्ध सत्यापन कर अपात्र एवं मृत पेंशनरों को सूची से हटाया जाए।

विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, तीलू रौतेली, बौना पेंशन तथा 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों हेतु पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित सभी व्यक्तियों का सत्यापन किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे और किसी भी अपात्र को भुगतान न हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने सत्यापन कार्य हेतु शहरी क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। अधिकारियों को अपने अधीनस्थ पटवारी/लेखपाल तथा ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए है। सत्यापन के दौरान यदि कोई पेंशनर मृत पाया जाता है तो उसकी मृत्यु तिथि तथा अपात्र पाए जाने पर उसका कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाएगा। सीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सत्यापन कार्य पूर्ण कर उसकी रिपोर्ट 15 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से संबंधित सहायक समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध कराएं। इसके पश्चात जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। देहरादून जनपद में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के 76,128, दिव्यांग पेंशन के 11,596, 0-18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग पेंशन के 1,121 तथा किसान पेंशन के 672 लाभार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार, महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत विधवा पेंशन के 32,011 तथा परित्यक्ता पेंशन के 8,140 लाभार्थी सम्मिलित हैं। पेंशनरों की ग्रामवार एवं वार्डवार सूची विभागीय वेबसाइट ेच.ना.हवअ.पद पर उपलब्ध कराई गई है। आवश्यक जानकारी के लिए विभाग के नामित कम्प्यूटर ऑपरेटर के मोबाइल नंबर 7906905177 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले टैक्सी व स्कूटी और बाइक चालकों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। बता दें शनिवार को पुलिस ने मालरोड समेत तल्लीताल और मल्लीताल जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में बिना हेलमेट, ओवरलोडिंग और नोपार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। विशेष रूप से उन टैक्सी बाइक और स्कूटी चालकों पर कार्रवाई की गई जो प्रतिबंधित क्षेत्र माल रोड पर चल रहे थे। गौरतलब है कि शहर में केवल वर्ष 2017 से पहले के परमिट वाली टैक्सी बाइकों को ही अनुमति है लेकिन नियमों की अनदेखी कर चल रहे दर्जनों वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यातायात नियमों को तोड़ने वालों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी और भारी जुर्माने के साथ वाहन जबती की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# शूर्पनखा नासिका छेदन व सीता हरण ने किया रोमांचित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल रामलीला मैदान में आयोजित प्रथम महिला रामलीला के छठे दिन शनिवार को सूर्पणखा की नाक काटने और सीता हरण का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से भगवान की जीवंत लीला को दिखाया। यहां पंचवटी में रावण की बहन शूर्पनखा ने राम को देखा और उन पर मोहित हो गई। उसने राम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे राम ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि वे विवाहित हैं और एक पत्नी व्रत का पालन करते हैं। राम के इनकार से क्रोधित होकर शूर्पनखा राक्षसी रूप में सीता की ओर दौड़ी। लक्ष्मण ने उसका नाक काट दिया। अपमा. नित शूर्पनखा रोते हुए रावण के दरबार में पहुंची। शूर्पनखा की बात सुनकर रावण ने अपने मामा मारीचि

**शीशमहल में महिला राजनीति का छठा दिन**

को मायावी मृग का रूप धारण करने के लिए तैयार किया। मारीचि ने मायावी मृग बनकर राम और लक्ष्मण को जंगल की ओर दूर ले जाने का कार्य किया। राम और लक्ष्मण के आश्रम से दूर जाने पर, रावण साधु वेश में आया और सीता का हरण कर लिया। सीता के विलाप को सुनकर दर्शक शोक में डूब गए।

यहां राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण- अंशिका जीना, सीता- खुशी जोशी, सूर्पनखा- प्रिया जोशी और गीता पाण्डेय, खर-चंपा रौतेला, दूषण- दीपा तिवारी, रावण-दीपा कोश्यारी, मारीच- हीना जोशी, जोगी रावण- रमा उनियाल, जटायु- जया तिवारी थी। इस अवसर पर शीशमहल पुरुष रामलीला कमेटी के मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चन्द्र तिवारी व अध्यक्ष मोहन चन्द्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर छठे दिन की लीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में ललित जोशी, रश्मि जैन, सुजाता माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलित किया। प्रमोद पलड़िया, कमल पलडिया, ऊषा मुकेश, सुचित्रा जयसवाल, अतुल जायसवाल आदि मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष तनुजा जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया। इस अवसर पर महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, योगिता बनोला, योगेंद्र साहू, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, कामिनी पाल, सीमा देवल, शालिनी गुप्ता, ऊषा मुकेश, समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, दिनेश फुलारा, केशव दत्त तिवारी, गौरव जोशी, मोहन चन्द्र जोशी, वरिष्ठ अधिवक्ता मकरंद प्रताप सिंह व गिरीश सिंह खाती सहित तमाम लोग उपस्तिथ थे।

# प्राथमिक विद्यालयों के साथ भेदभाव अन्यायपूर्ण: तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य के प्राथमिक विद्यालय को विद्यालय विकास अनुदान की दूसरी अंतिम किस्त का बजट ही रिलीज नहीं किया गया जिससे प्राथमिक शिक्षकों में गहरी नाराजगी है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंतर्गत विद्यालयों के विकास हेतु विभिन्न मदों में धनराशि दो किस्तों में जारी की जाती है जिसमें से बजट का आधा हिस्सा पहली किस्त के रूप में और अवशेष हिस्सा दूसरी किस्त के रूप में भेजा जाता है परंतु इस बार शिक्षक इंतजार करते रहे परंतु बजट की अंतिम जारी नहीं हुई जबकि माध्यमिक विद्यालय हेतु बजट की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है जिससे शिक्षकों में गहरी नाराजगी है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने इसे प्राथमिक विद्यालयों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया बताते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की है। संगठन का कहना है की प्रारंभिक शिक्षा के प्रति इसी उदासीनता के चलते आज समाज का रुझान सरकारी विद्यालयों के प्रति कम हो रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदा. धिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि बजट जारी नहीं होने से उन शिक्षकों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है जिन्होंने दूरस्थ विषम क्षेत्र में होने के कारण प्रत्येक वर्ष की भांति प्रथम किस्त के साथ ही भुगतान की प्रत्याशा में अग्रिम में कार्य करवा दिया है। उन्होंने इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री सहित शासन एवं विभाग को पत्र भेज कर शीघ्र बजट जारी करने की मांग की है।

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत



समीर रिजवी ने 90 रन बनाए, पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 8वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। यह डीसी की लगातार दूसरी जीत है।

शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट दिल्ली ने 4 विकेट खोकर 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 बाल पर 90 रन बनाए। उनकी सीजन में यह लगातार दूसरी और आईपीएल की लगातार फिफ्टी है। उनके अलावा पाथुम निसांका ने 44 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए दीपक चाहर, कार्बिन बाश और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। वहीं, नीतीश राणा को जसप्रीत बुमराह ने रन आउट किया। इससे पहले, एमआई के लिए स्टैंड -इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक (51 रन) लगाया। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35, नमन धीर ने 28 और मिचेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाए। डीसी के लिए मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन को 1-1 विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज के मैच में नहीं खेले। टास के समय सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए आज वे टीम की कमान संभाल रहे हैं। 18वें ओवर की पहली बाल पर डेविड मिलर ने शानदार चौका जड़ा। इसी शाट के साथ दिल्ली 6 विकेट से जीत गई। कार्बिन बाश ने दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका देते हुए समीर रिजवी की शानदार पारी का अंत किया। रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों में 90 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। हालांकि इस बार वे शाट को सही तरह से प्लेस नहीं कर पाए और गेंद सीधे तिलक वर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद डेविड मिलर और रायनन रिकेल्टन ने उनकी बेहतरीन पारी की सराहना की।

# हम बाहरियों को प्रभावित नहीं करना चाहते: श्रेयस

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान ने कहा कि हमने ड्रेसिंग रूम में फैसला किया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सातवें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक नौवीं बार पीछा किया है। इस टूर्नामेंट में यह किसी टीम द्वारा सर्वाधिक बार किया गया कारनामा है और वे यहां तक चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ पहुंचे हैं। मुकाबला जीतने के बाद श्रेयस ने कहा, ष्हमने ड्रेसिंग रूम में ए निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है। साधारण तौर पर ड्रेसिंग रूम के अंदर के लोगों को चैलेंज करना है न कि बाहर के लोगों को।ष उन्होंने कहा, ष्मुझे खुशी हो रही है कि पहले दो मैचों में ही सबको बल्लेबाजी करने का मौका मिला है। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बहुत बढ़ जाता है। जब भी हम दबाव कि स्थिति में होते हैं तो लोगों को पता है कि इससे कैसे निपटना है। मेरे खडाल से बल्लेबाजी के लिए पिच अच्छी थी, लेकिन तीन ओवर में 25 रन के साथ हमने अच्छी शुरुआत की थी। अचानक उन्होंने वहां से तेजी पकड़नी शुरू कर दी। लेकिन अहम ए था कि हम शांत रहें। इसके साथ ही ओवर रेट भी ऐसी चीज है जिस पर हमें ध्यान रखना होगा क्योंकि अंतिम दो ओवरों में यदि पांच फील्डर अंदर रहेंगे तो आपको ये पता होता है कि एक ही लाइन पर गेंदबाजी करनी है। हमें केवल इसी चीज पर फोकस रखना है।



## श्रेयस अय्यर पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के मैच नंबर 7 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार सं. हता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का दूसरा अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। प्लेइंग ग्प के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

# आरसीबी के खिलाफ सीएसके को करनी होगी वापसी

**बेंगलुरु।** क्रिकेट सिर्फ बल्ले और गेंद का खेल होता, तो कोई इसे इतने ड्रामे के साथ लिखने की जहमत नहीं उठाता। लेकिन फिर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स कभी भी सिर्फ क्रिकेट नहीं रहा है। यह एक नाटक है, और कभी-कभी, आंकड़ों के साथ परोसा गया दिल टूटने का एहसास भी।

इस लंबी चलने वाली गाथा का ताजा एपिसोड चिन्नास्वामी स्टेडियम में आ रहा है, एक ऐसी जगह जहां बाउंड्री छोटी हैं, खिलाड़ियों का मिजाज और भी छोटा है, और गेंदबाज अक्सर ऐसे लोगों की तरह दिखते हैं जिन्होंने जदिगी में कोई गलत मोड़ ले लिया हो। बेंगलुरु एक खास तरह के अंदाज के साथ मैदान में उतरता है, ऐसा अंदाज जो चेन्नई के खिलाफ हाल के मुकाबलों में एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि लगातार तीन बार जीतने से आता है। क्रिकेट की भाषा में, इसे मोमेंटम (गति) कहा जाता हैद्ध इंसानी भाषा में, इसे आत्मविश्वास कहा जाता है जो कभी-कभी घमंड की हद तक पहुंच जाता है। दूसरी ओर, चेन्नई एक ऐसे अनुभवी सज्जन की तरह आती है जिसने अपना चश्मा कहीं खो दिया हो। उन्हें पता है कि क्या करना है, उन्हें याद है कि यह कैसे करना है, लेकिन किसी तरह, इस सीजन के शुरुआती मैचों में इसे ठीक से कर पाना उनके लिए मुश्किल रहा है। दो हारों ने पहले ही दबे-छिपे सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं, ऐसे सवाल जो पहले तो विनम्रता से पूछे जाते हैं, और फिर जब नतीजे बेहतर नहीं होते तो जोर से दोहराए जाते हैं। बेंगलुरु की बल्लेबाजी कुछ ऐसी रही है कि दर्शक गेंदबाजों के अस्तित्व को ही भूल जाते हैं। विराट कोहली एक बार फिर इस उथल-पुथल के बीच एक मजबूत सहारा बने हैं, और इतनी सहजता से पारी को संभालते हैं कि यह एक रस्म जैसा लगने लगता है। देवदत्त पडिक्कल ने अपनी निडर बल्लेबाजी से टीम में युवा जोश भरा है, जबकि रजत पाटीदार ने दिखाया है कि पारी को खत्म करना (फिनिशिंग) सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक बयान भी है। साथ मिलकर, उन्होंने बेंगलुरु को तेज शुरुआत करने और उससे भी तेज अंत करने की सहूलियत दी है। उनके पीछे एक सहायक टीम है जो सिर्फ सहायक बनकर रहने से इनकार करती है। फिलिप सॉल्ट अपने इरादे जाहिर करते हैं, जितेश शर्मा टीम को लचीलापन देते हैं, टिम डेविड एक ऐसे शांत लेकिन खतरनाक खिलाड़ी की तरह आते हैं जो छोटी-मोटी बातों के बजाय छक्के मारना ज्यादा पसंद करता है। रोमा. रियो शेफर्ड अपनी ताकत और मोमेंटम, दोनों से टीम में योगदान देते हैं। क्रुणाल पांड्या, जो हमेशा से एक उपयोगी ऑलराउंडर रहे हैं, अपनी शांति से टीम के सभी हिस्सों को एक साथ जोड़ते हैंद्ध उनकी यह शांति बताती है कि उन्होंने इस खेल को इतना करीब से देखा है कि अब इस खेल में आने वाली कोई भी चुनौती उन्हें हैरान नहीं कर सकती। उनके गें. दबाज भी सिर्फ दर्शक बनकर नहीं रहे हैं। जैकब डफी ने अपनी अनुशासित और असरदार गेंदबा. जी से तुरंत ही अपनी छाप छोड़ी, और अहम मौकों पर विकेट चटकाए। भुवनेश्वर कुमार, जो एक पुरानी घड़ी की तरह भरोसेमंद हैं, ने गेंदबाजी को कसी हुई रखा है, जबकि सहायक गें. दबाजों ने यह सुनिश्चित किया है कि विरोधी टीम कभी भी पूरी तरह से सहज न हो पाए। चेन्नई की बल्लेबाजी की कहानी कुछ और ही है-एक ऐसी कहानी जिसमें उम्मीद तो है, लेकिन उसमें निरंत. रता की कमी आड़े आती रहती है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर पारी की शुरुआत को सही दिशा देने की जम्मिेदारी है, जबकि संजू सैमसन अपनी कलात्मकता और किसी भी शांत ओवर को एक धमाकेदार ओवर में बदलने की क्षमता लेकर आते हैं। आयुष म्हात्रे ने एक आत्मविश्वास से भरी अर्धशतकीय पारी खेलकर पहले ही अपनी काबिलियत की झलक दिखा दी है, और सरफराज खान अपनी तेज-तर्रार बल्लेबाजी से मध्यक्रम में एक अलग ही तरह का रोमांच और अप्रत्याशितता जोड़ते हैं। हालांकि, शिवम दुबे इस टीम में सबसे दिलचस्प खिलाड़ी बने हुए हैं। उनकी जब चाहें तब बाउंड्री पार करने की क्षमता उन्हें एक हथियार भी बनाती है और एक चेतावनी भी। चिन्नास्वामी जैसे मैदान पर, जहां गेंद सोच से भी ज्यादा तेजी से बाउंड्री की ओर भागती है, उनका किरदार और भी ज्यादा अहम हो जाता है। अगर वह क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहते हैं, तो वह किसी की भी परवाह किए बिना पूरे मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। बाकी के बल्लेबाज टीम को गहराई तो देते हैं, लेकिन उनमें हमेशा निरंतरता देखने को नहीं मिलती। चेन्नई के सामने चुनौती प्रतिभा की कमी नहीं है, बल्कि सही समय पर उस प्रतिभा को एकजुट होकर प्रदर्शन में बदलने की है। आखिर, क्रिकेट सिर्फ अलग-अलग खिलाड़ियों का जमावड़ा नहीं है, बल्कि उन खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल और संवाद का खेल है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, चेन्नई की टीम थोड़ी कमजोर नजर आई है। तेज गेंदबाजों में मैट हेनरी सबसे ज्यादा भरोसेमंद साबित हुए हैंद्ध उन्होंने विकेट तो चटकाए हैं, लेकिन अक्सर उन्हें अपने साथी गेंदबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया है।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स कभी भी सिर्फ क्रिकेट नहीं रहा है, यह एक नाटक है, और कभी-कभी, आंकड़ों के साथ परोसा गया दिल टूटने का एहसास भी

# पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए आस्ट्रेलिया लौटे कमिंस

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के नियमित कप्तान पैट कमिस अपनी पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं।



पिछले साल जुलाई से ही मैदान से दूर चल रहे कमिस इस बीच केवल एक एशेज टेस्ट खेल पाए थे। अब आईपीएल 2026 के बीच में ही वह अपनी इंजरी का अपडेट लेने के लिए टीम कैंप छोड़कर ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार, यह स्कैन पहले से ही तय था और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्धसीएत्र की देखरेख में किया जाएगा। गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच खत्म होने के बाद कमिस भारत से रवाना हुए। अगर रिपोर्ट सही आती है और बोर्ड से मंजूरी मिलती है, तो उनके 17 अप्रैल तक वापस टीम से जुड़ने की संभावना है। यह पूरी कवायद टीम की पुरानी योजना का हिस्सा है। कमिस ने आईपीएल शुरू होने से पहले ही साफ कर दिया था कि, ष्अगर स्थिति अनुकूल रही, तो मैं टूर्नामेंट के दूसरे हाफ और नॉकआउट मुकाबलों द्धयदि एसआरएच पहुंचती हैत्र में खेलता नजर आऊंगा।ष वह टूर्नामेंट के आगाज से ही टीम के साथ थे और नेट सत्र में गेंदबाजी का अभ्यास भी कर रहे थे। हैदराबाद ने अपना पहला मैच 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ खेला था। कमिस की गैर-मौजूदगी में इशान किशन ही टीम की कमान संभालना जारी रखेंगे। उन्हें कप्तान तब नियुक्त किया गया था, जब यह साफ हो गया था कि पैट शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कमिस आखिरी बार पिछले साल दिसम्बर में तीसरे एशेज टेस्ट में एक्शन में दिखे थे।

जुलाई में पहली बार उनकी पीठ में तकलीफ शुरू हुई थी। हालांकि, उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप खेलने की उम्मीद जताई थी, लेकिन रिकवरी के दौरान एक ष्मामूली झटकेष की वजह से उन्हें बाहर बैठना पड़ा। भारत आने से कुछ दिन पहले कमिस ने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर अपनी चोट को लेकर बात की थी।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से जीती वनडे सीरीज

**बेसिन रिजर्व।** न्यूजीलैंड ने शनिवार को वेलिगटन के बेसिन रिजर्व में खेले गए तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 66 रनों से हराकर महिला वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

मैडी ग्रीन के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए वापसी की, जब टीम का स्कोर 3 विकेट पर सिर्फ 3 रन था। इस पतन की शुरुआत टुमी सेखुखुने ने की, जिन्होंने सूजी बेट्स और अमेलिया केर, दोनों को आउट किया, जबकि अयांडा लुबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई, क्योंकि ग्रीन और ब्रुक हॉलिडे के बीच 211 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मैच में वापसी कर ली। ग्रीन 141 रनों पर नाबाद रहीं, जबकि हॉलिडे अपने शतक से सिर्फ दो रन पीछे रह गईंद्ध इस तरह न्यूजीलैंड ने 306/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की और उसके ओपनरों ने मिलकर 68 रनों की साझेदारी की। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ट और एनेरी डर्कसेन के बीच 77 रनों की एक और साझेदारी हुई, जिसने प्रोटियाज को मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने में मदद की। हालांकि, 26वें ओवर में वोल्वार्ट के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और टीम का स्कोर 145/1 से गिरकर 154/4 हो गया। पारी को संभालने की तमाम को. शिशों के बावजूद, नियमित अंत. राल पर विकेट गिरते रहने के कारण लक्ष्य का पीछा करने की प्रक्रिया पटरी से उतरती रही।

# वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी का दिल दौरा पड़ने से निधन

**लखनऊ।** वरिष्ठ खेल पत्रकार एवं टॉइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ के पूर्व खेल संपादक संतोष सूरी का शनिवार को हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वह करीब 68 वर्ष के थे। परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार आज भोर करीब तीन बजे उन्हे सीने में दर्द की शिकायत पर गोमतीनगर स्थित डा राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनका अंतिम संस्कार गोमती नगर स्थित बैकुंठ धाम में कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों ने उन्हे अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धाजंलि अर्पित की। खेल पत्रकार जगत में परफेक्ट जेंटलमैन की पहचान रखने वाले सूरी 1984 में टाइम्स ऑफ इंडिया के लखनऊ संस्करण से जुड़े थे हालांकि 2016 में रिटायरमेंट के बाद वह मिड डे के साथ जुड़ कर लगातार क्रिकेट की रिपोर्टिंग कर रहे थे। अपने लगभग छह दशक के करियर में उन्होंने क्रिकेट विश्वकप समेत कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं को कवर किया। सूरी को खेल जगत से जुड़ी हर छोटी बड़ी घटनाओं का विश्लेषण सरल और सटीक अंदाज में करने की महारथ हासिल थी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट और यहां के कई उदईमान क्रिकेटरों के बारे में उन्हे इतना गहरा ज्ञान था कि उन्हे यूपी क्रिकेट का इन्साइक्लोपीडिया कहा जाता था। उनके साथी और वरिष्ठ पत्रकार असीम मुखर्जी और सैयद सबूर मोहम्मद का कहना है कि सूरी यूपी क्रिकेट पर एक किताब लिखना चाहते थे। जर्मनी के बर्लिन में 1958 में जन्मे सूरी ने बैंगलोर में पत्रकारिता का ककहरा सीखा था हालांकि गुजरात के जामनगर और पंजाब के पटियाला में भी उन्होंने काफी समय गुजारा। सूरी पत्रकारिता के अलावा क्रिकेट खेलने के भी शौकीन थे। उन्होंने स्कूल क्रिकेट के अलावा कई क्रिकेट क्लबों में मध्यम तेज गेंदबाज के तौर पर प्रतिनिधित्व किया था। पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू के साथ भी उन्होंने क्रिकेट खेला जबकि नब्बे के दशक में लोकप्रिय शीशमहल क्रिकेट



# एसआरएच की नजर बड़े स्कोर पर, एलएसजी को वापसी की तलाश

**हैदराबाद।** भारत में क्रिकेट, ज्यादातर अहम चीजों की तरह, शायद ही कभी सीधी रेखा में चलता है। यह कभी टेढ़ा-मेढ़ा चलता है, कभी चौंकाता है, कभी तारीफ बटोरता है, और कभी-कभी उन लोगों को भी जमीन दिखा देता है जो सोचते हैं कि उन्होंने इसे पूरी तरह समझ लिया है।

हैदराबाद की एक गर्म दोपहर में, दो टीमें बहुत अलग-अलग तरह के बोझ लेकर मैदान में उतर रही हैं- एक के पास आत्मविश्वास का बोझ है, तो दूसरी के पास सुधार करने का। सनराइजर्स हैदराबाद इस मुकाबले में उस टीम के सहज आत्मविश्वास के साथ उतर रही है जिसने अपनी बैटिंग की लय पा ली है। उनके हालिया प्रदर्शन निडर स्ट्रोकप्ले और लगातार आक्रामक इरादों पर आधारित रहे हैं। अभिषेक शर्मा सबसे बेहतरीन योगदान देने वालों में से एक रहे हैं, उन्होंने तेज गति से रन बनाए हैं और पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए माहौल तैयार कर दिया है। उनके आक्रामक रवैए ने यह पक्का किया है कि हैदराबाद शायद ही कभी अपनी पारी की शुरुआत रक्षात्मक अंदाज में करती है। उनके साथ, ट्रैविस हेड ने अपनी साफ और जोरदार हिटिंग से इस आक्रामकता को और भी मजबूत बनाया है। दोनों ने मिलकर एक ऐसा टॉप ऑर्डर बनाया है जो सिर्फ पारी को आगे ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शुरू से ही विरोधी टीम के गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो जाता है। मिडिल ऑर्डर में, हेनरिक क्लासेन ने टीम को स्थिरता और पारी को फर्निश करने की ताकत दी है। पिछले मैच में उनके शांत स्वभाव के साथ बनाए गए अर्धशतक ने उनके संयम और टाइमिग, दोनों गुणों को दिखाया( यही वो गुण हैं जिन्होंने इस सीजन में हैदराबाद की सफलता में उन्हें एक अहम खिलाड़ी बनाया है। यहां तक कि उनके कप्तान, ईशान किशन ने भी टीम को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाई है)। उन्होंने कप्तानी और बैटिंग, दोनों जम्मिेदारियों को पूरी लगन के साथ निभाया है। कुल मिलाकर, हैदराबाद लगातार 200 से ज्यादा का स्कोर बना रही है यह एक ऐसा ट्रेंड है जो न सिर्फ उनकी अच्छी फॉर्म को दिखाता है, बल्कि उनकी खेल की सोच को भी जाहिर करता है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी की कहानी थोड़ी ज्यादा उलझी हुई है। जहां जयदेव उनादकट और ईशान मलिगा जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में असरदार गेंदबाजी करते हुए कुछ अहम विकेट लिए हैं, वहीं पूरी गें. दबाजी यूनिट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कमी दिखी है। रन काफी ज्यादा दिए गए हैं, खासकर पावरप्ले में, और टीम अक्सर अपनी बैटिंग की ताकत पर निर्भर रहती है ताकि गेंदबाजी की इन कमियों की भरपाई की जा सके। दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम है, जो इस सीजन के शुरुआती दौर में अभी भी अपनी लय और तालमेल की तलाश में है। उनके अभियान की शुरुआत हार के साथ हुई थीद्ध उस मैच में उनकी बैटिंग लाइन. अप लड़खड़ा गई थी और खिलाड़ी कोई बड़ी पार्टनरशिप नहीं बना पाए थे, जिसके चलते गें. दबाजों के पास बचाव के लिए काफी कम स्कोर बचा था। अब सारी जम्मिेदारी ऋषभ पंत के कंधों पर आ गई हैद्ध उनकी कप्तानी और बैटिग की फॉर्म ही लखनऊ के भविष्य को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाएगी। उन्हें न केवल पारी को संभालना होगा, बल्कि उस टीम में आत्मविश्वास भी जगाना होगा जो अभी तक पूरी तरह से जम नहीं पाई है। उनके साथ, मिशेल मार्श और एडेन मार्करम से टीम को स्थिरता और ढांचा देने की उम्मीद है। दोनों के पास पारी को संभालने का अनुभव और संयम है, जिसकी कमी लखनऊ को अब तक खली है। मध्य क्रम में, निकोलस पूरन उनके सबसे विस्फोटक विकल्प बने हुए हैं।

उनकी तेजी से रन बनाने की क्षमता उन्हें किसी भी स्थिति में एक खतरनाक खिलाड़ी बनाती है, हालांकि उनका प्रभाव काफी हद तक उस आधार पर निर्भर करता है जो उनके लिए पहले से तैयार किया गया हो। अगर लखनऊ को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करना है, तो अब्दुल समद और अन्य जैसे सहयोगी खिलाड़ियों को आगे बढ़कर योगदान देना होगा। गेंदबा. जी के मामले में, लखनऊ के पास ज्यादा संतुलित आक्रमण है। मोहम्मद शमी अपने अनुभव और नियंत्रण के साथ तेज गेंदबाजी इकाई की अगुवाई करते हैं, और अक्सर उन्हें शुरुआती झटके देने का काम सौंपा जाता है। एनरिक नोर्त्जे अपनी तेज गति से गेंदबाजी करते हैं, जबकि मोहसिन खान ने बीच के ओवरों में अनुशासन बनाए रखने की क्षमता दिखाई है। अगर ए गेंदबाज अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, तो वे हैदराबाद जैसी मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को भी चुनौती दे सकते हैं। हैदराबाद में परिस्थितियां बल्लेबाजी के अनुकूल रहने की उम्मीद है। पिच पर गेंद सही उछाल के साथ आती है, जिससे स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाज आत्मविश्वास के साथ गेंद की लाइन में आकर शॉट खेल पाते हैं। मैच के बाद के चरणों में स्पिनरों को कुछ मदद मिल सकती है, लेकिन कुल मिलाकर, यह मैदान बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के लिए जाना जाता है।



हैदराबाद की एक गर्म दोपहर में, दो टीमें बहुत अलग-अलग तरह के बोझ लेकर मैदान में उतर रही हैं, एक के पास आत्मविश्वास का बोझ है, तो दूसरी के पास सुधार करने का

### एसटीएफ व सिविल लाइन पुलिस का साउथ सिविल लाइन में छापा

# 101 खाली सिलेंडर बरामद, महिलाओं का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** साउथ सिविल लाइंस क्षेत्र में एसटीएफ देहरादून की टीम ने छापेमारी करते हुए 101 एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। बरामद सिलेंडरों में अधिकांश सिलेंडर 'इंद्रा गैस' नामक कंपनी के बताए जा रहे हैं। सभी सिलेंडर खाली पाए गए हैं। मौके पर खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम को भी बुलाया गया, जो मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार उक्त सिलेंडर गदरजुड़ा निवासी एक व्यक्ति के बताए जा रहे हैं, जिनकी वहां एक निजी कंपनी की गैस एजेंसी संचालित है। जिस स्थान से सिलेंडर बरामद हुए, उसे गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। गोदाम के ठीक सामने एजेंसी स्वामी का आवास भी है। छापेमारी के दौरान खाद्य आपूर्ति निरीक्षक मदन रावत भी मौके पर पहुंचे। एसटीएफ टीम में निरीक्षक अबुल कलाम, एसआई विद्यादत्त जोशी, हेड कांस्टेबल देवेंद्र ममगाईं, महेंद्र सिंह नेगी, संजय तथा सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस की टीम शामिल रही।



गोदाम में ताला लगाकर घर में घुसी महिलाएं-सिलेंडरों की सूचना पर पहुंची एसटीएफ टीम ने कथित गोदाम में प्रवेश कर सिलेंडरों की गिनती की और कागजी कार्रवाई के लिए बाहर निकली। इसी दौरान सामने स्थित घर में मौजूद महिलाओं ने टीम के साथ अभद्रता की और गोदाम में ताला जड़ दिया। इसके बाद वे घर के अंदर जाकर दरवाजे बंद कर बैठ गईं। टीम के काफी प्रयासों के बावजूद महिलाएं बाहर नहीं आईं। फिलहाल पुलिस व खाद्य आपूर्ति विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

- ❖खाद्यापूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडर लिए कब्जे में
- ❖निजी कंपनी के गोदाम पर हुई कार्रवाई, स्वामी घर का ताला लगाकर फरार

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा नाबालिक को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया 28 मार्च 2026 को देवेंद्र उर्फ मंगल पुत्र बुद्ध प्रकाश निवासी ग्राम मानपुर थाना भावनपुर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश हाल निवासी भोगपुर ने थाने पर सूचना दी की अभियुक्त वंश पुत्र पप्पू निवासी ग्राम भोगपुर थाना लक्सर द्वारा उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फूसला कर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दीथी घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा वांछित अभियुक्त की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए पुलिस को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए अभियुक्त को रुड़की क्षेत्र से गिरफ्तार कर नाबालिक अपहर्ता को सकुशल बरामद किया गया गिरफ्तार आरोपी का नाम वंश पुत्र पप्पू निवासी ग्राम भोगपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी यशवीर सिंह नेगी हेड कांस्टेबल रियाज अली विनोद कुमार होमगार्ड सरस्वती कांस्टेबल महिपाल सी आई यू रुड़की शामिल रहे। पकड़े गए आरोपी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### मन्दिर में चोरी मामले का खुलासा

## चोर माल सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में मन्दिर चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के बाद सक्रिय हुई पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल आरोपी को दबोचा, बल्कि चोरी गया सामान और नगदी भी बरामद कर ली।

घटना 3 अप्रैल 2026 को कोतवाली गंगनहर क्षेत्र के एक मन्दिर में हुई चोरी से जुड़ी है, जिसमें अज्ञात चोर द्वारा मन्दिर से आभूषण व नकदी चोरी कर ली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिर की सूचना के आधार पर 4 अप्रैल को दून स्कूल रोड से कलियर पुल की ओर जाने वाले रास्ते से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नवाज पुत्र इसरार निवासी सिविल लाइन, रुड़की बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से मन्दिर से चोरी किए गए दो मंगलसूत्र, बिछुए, पायजेब, मांग टीका, लांग सहित मूर्ति के टूटे हिस्से और करीब 668 रुपये नगद बरामद हुए। आरोपी ने कबूल किया कि वह नशे की लत के चलते छोटी-बड़ी चोरियां करता था और इसी के लिए उसने मन्दिर को निशाना बनाया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में वृद्धि करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनीष कवि, कांस्टेबल लाल सिंह, अजयवीर और अजय दत्त की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## ढंढेरा नपं चेयरमैन ने साथियों सहित की भाजपा में वापसी

### अशोक नगर संघर्ष समिति के अध्यक्ष हर प्रकाश काला ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ढ़ंडेरा नगर पंचायत के निर्दलीय अध्यक्ष सतीश नेगी ने अपने साथियों के साथ फिर से भाजपा में घर वापसी कर ली है।

पूर्व मुख्यमंत्री एंव हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटट की मौजूदगी में फिर से वापसी की गयी है। इस अवसर पर अशोकनगर संघर्ष समिति के अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने ढंढेरा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद को एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं को जल्द निस्तारण की मांग की।

इस अवसर पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा में घर वापसी से भाजपा को फायदा मिलेगा ओर आने वाले विस चुनाव में एक बार फिर प्रदेश में एकतरफा भाजपा की ही सरकार बनेगी। उन्होंने भाजपा में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ही देश व प्रदेश का विकास करा सकती है ओर सबको साथ लेकर चलने में सक्षम है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने पूर्व सीएम एवं सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है। अशोक नगर के जर्जर सभागार के निर्माण के लिए सांसद निधि से धन आवंटित करने, 2-ढ़डेरा के फाटक नं 512पर 2013 से प्रस्तावित ओवर फ्लाई ब्रिज आम जन की सुविधा हेतु शीघ्र बनवाने 3-कालोनियों के बीच से जा रही, 33हजार के वी की विद्युत लाइन को शीघ्र अन्य शिफ्ट करने, 4-ढडेरा नगर पंचायत में पानी निकासी हेतु समुचित व्यवस्था करने जैसे कि सब्जी मंडी में नाली बनने के बाद भी पानी जमा हो रखा है, ढ़डेरा तालाब का पानी कीर्ति नगर के गली नं 7से 8ईंच पाइप लाइन डालकर कीर्ति नगर के गली नं 7 से ढडेरा लक्सर रोड़ पर डाल दिया गया है जो कीर्ति नगर के लिए भयंकर समस्या है।




## टला बड़ा हादसा, सिलेंडर रिसाव पर समय रहते पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** शनिवार को थाना खानपुर क्षेत्र अंतर्गत लक्सर, पुरकाजी राजमार्ग पर दो वाहनों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि वाहनों में गैस सिलेंडर लदे हुए थे, जिनमें से एक सिलेंडर में रिसाव हो रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना खानपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पाया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पड़े थे और एक ब्छळ सिलेंडर से गैस का रिसाव हो रहा था, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर यूनिट को मौके पर बुलाया और संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद लीक हो रहे सिलेंडर को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया गया। घटना के कारण मार्ग पर यातायात बाधित हो गया था, जिसे पुलिस द्वारा शीघ्र ही सुचारु रूप से चालू कराया गया। यदि समय रहते यह कार्रवाई न की जाती, तो अत्यंत ज्वलनशील गैस के कारण गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं थे। साथ ही, गैस प्लांट प्रबंधन की ओर से भी सूचना मिलने के बावजूद मौके पर देरी से पहुंचना लापरवाही को दर्शाता है। प्रथम दृष्टया यह मामला सुरक्षा मानकों की अनदेखी का प्रतीत होता है। वाहन चालकों द्वारा लापरवाही एवं उतावलेपन में वाहन चलाना भी दुर्घटना का कारण माना जा रहा है, थाना खानपुर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया।

## भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान कलियर व रुड़की में हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कलियर विधानसभा एवं रुड़की विधानसभा में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

कलियर विधानसभा के इमलीखेड़ा मंडल का कार्यक्रम हुआ। दोनों ही स्थानों पर कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा,हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत ने प्रतिभाग किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, नीतियों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को संगठन की मूल विचारधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। मंत्री प्रदीप बत्रा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी, मंडल एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में संगठन की कार्यप्रणाली, आगामी रणनीतियों एवं जनसंपर्क अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की गई।




## ऑपरेशन प्रहार में अवैध शराब के साथ तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन/मंगलौर।** मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मादक पदार्थों और अवैध शराब की अंतर्राज्यीय तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मंगलौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 60 टेट्रा पैक 'महबूबा' मार्का देशी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, 3 अप्रैल 2026 की शाम गश्त और चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी नारसन उपनिरीक्षक हेमदत्त भारद्वाज को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि एक व्यक्ति ब्रह्मपुर रोड से अवैध शराब लेकर गुजरने वाला है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ब्रह्मपुर रोड स्थित ट्यूबवेल के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद पीले-हरे रंग के कट्टे से कुल 60 टेट्रा पैक (प्रत्येक 200 एमएल) 'महबूबा' मार्का देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान परीक्षित पुत्र आजाद, निवासी ग्राम धमात, थाना पुरकाजी, जनपद मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), उम्र 32 वर्ष के रूप में बताई। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब को मुजफ्फरनगर से हरिद्वार क्षेत्र में बेचने के उद्देश्य से ला रहा था। वैध लाइसेंस या परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। थाना मंगलौर में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### डीएवी इंटर कॉलेज में एंटी ड्रग यूनिट का गठन

## नशे के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज एसडी सिमरनजीत कौर के निर्देशानुसार एंटी ड्रग यूनिट का गठन किया गया। इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने कहा नशा जहां आर्थिक नुकसान की जड़ है वहीं कई बार लड़ाई झगड़े की जड़ भी नशा ही बन जाता है। चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेड़ा में शनिवार को एंटी ड्रग यूनिट का गठन किया गया। इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है। जिस परिवार का एक भी सदस्य नशे का आदी हो जाता है वहां अक्सर लड़ाई झगड़ा देखने को मिलता है। कई बार तलाक का कारण भी नशा बन जाता है। नशे के कारण कई परिवारों को उजड़ते देखा गया है ।नशा करने से जहां मनुष्य शारीरिक रूप से कमजोर होता है वही आर्थिक हानि भी होती है। कई बार झगड़े की जड़ भी नशा करने वाला आदमी बन जाता है। समाज में फैली इस बीमारी को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है ।जागरूकता अभियान चलाने के लिए ही एंटी ड्रग्स यूनिट का गठन किया गया है ।यूनिट में कैप्टन सुशील कुमार आर्य को एंटी ड्रग यूनिट का नोडल अधिकारी नामित किया गया तथा छात्र शिवम कुमार सतपाल सिंह सिकंदर सिंह अनमोल को सदस्य नामित किए गए। पूरी यूनिट द्वारा शपथ ली गई कि वह गांव-गांव जाकर नशे के विरुद्ध अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार बलेश कुमार प्रदीप कुमार कुलदीप त्यागी सुमित कुमार आशीष कुमार सौरव कुमार विनीत कुमार निधि चौधरी शिखा सैनी नीलम गुंजन तथा विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कूड़ा डंपिंग जोन में लगी आग

**रुड़की।** रात्रि लगभग 9:00 बजे फायर स्टेशन रुड़की को सूचना मिली कि थाना कलियर क्षेत्र के अंतर्गत इमलीखेड़ा स्थित नगर पंचायत के कूड़ा डंपिंग जोन में भीषण आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन रुड़की की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर स्टेशन भगवानपुर की टीम को भी घटनास्थल पर भेजा गया। दोनों फायर यूनिट्स ने मोटर फायर इंजनों के जरिए लगातार पानी की बौछार कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव कुमार व उसकी पत्नी स्वाती का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने गौरव कुमार व स्वाती को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद गौरव व स्वाती के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**श्रीमती सुनीता पत्नी स्व. संजीव नि. दुर्गा मंदिर वाली गली, कुम्हारघडा कनखल हरिद्वार।**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री की जन्मतिथि 13. 12.2015 व पास्पोर्ट में नाम जैनब (JAINAB) दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री का शैक्षिक अभिलेख में नाम जैनब (ZAINAB) है, दोनों नाम मेरी पुत्री के ही हैं इसलिए मेरी पुत्री के सही नाम जैनब (ZAINAB) के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **शमा नरगिस पत्नी शाहनवाज नि.168 मौ. इस्लामनगर माहीग्रिान रूडकी जिल हरिद्वार।**

## अवैध खनन पर पुलिस की छापेमारी तीन ट्रैक्टर-ट्राली की सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर सीज किया गया है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा 4 अप्रैल 2026 को रात्रि में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए ग्राम प्रतापपुर रायसी थाना लक्सर जनपद हरिद्वार क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना पर तीन ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर सीज कर दिया है। उन्होंने बताया उच्च अधिकारियों के आदेश पर अवैध खनन लक्सर कोतवाली क्षेत्र में किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जाएगा आज की इस छापेमारी में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे सरकार के द्वारा वैध खनन खोल देना चाहिए जिससे आम जनता को कुछ लाभ हो सके अगर वैध खनन नहीं खोला गया तो एक वक्त वो आएगा लोग अपने मकान बनाने को तरस जाएंगे और भुखमरी आ जाएगी।

### बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

## प्रधानाचार्य ने छात्रों को दिलाई स्वच्छता-सेवा की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय जिलाधिकारीके मार्गदर्शन में एक विशेष स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के अनुपालन में की गई, जिसमें छात्रों ने विद्यालय परिसर में श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने न केवल सड़कों और सार्वजनिक स्थलों से कचरा हटाया, बल्कि स्थानीय दुकानदारों को गीले और सूखे कचरे के निस्तारण की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने कहा: षशिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना भी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस अभियान के लिए हमारे छात्रों को अवसर देना गौरव की बात है। स्वच्छता एक संस्कार है जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में उतारना चाहिए। हमारे छै के स्वयंसेवक न केवल आज सफाई कर रहे हैं, बल्कि वे समाज के लिए चेंज मेकर की भूमिका निभा रहे हैं।



जिलाधिकारी ने छात्रों के इस सामूहिक प्रयास की प्रशंसा की और उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी स्वयंसेवकों और उपस्थित स्टाफ को परिसर और शहर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय की पहल पर छात्र अत्यंत उत्साहित हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य अमित कपिल, परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढौंडियाल, डॉ उदयन, कमल मिश्रा, विशेष कुमार, विकास गौतम, देवराज, अक्षय कुमार और स्वयंसेवियों में अभिषेक, सुधांशु, राज, अरमान तथा भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बस अड्डा हटाया, तो कांग्रेस करेगी आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी द्वारा अपने कैंप कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों से चर्चा की गई चर्चा के दौरान राजेंद्र चौधरी ने कहा कि रुड़की महानगर में स्थित पुराना बस अड्डा रुड़की का सेंटर पड़ता है जहां से महानगर के समस्त क्षेत्र लगभग लगभग बराबर दूरी पर है लेकिन कुछ लोग इस बस अड्डे को सालियर ले जाना चाहते हैं ताकि वहां पर भूमाफिया की जमीनों की कीमत बढ़ जाए और जनता भाड़ में जाए। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि जहां पर बस अड्डा हस्तांतरण की बात की जा रही है वह भूमि नगर निगम की है उस पर खेती हो रही है वह उपजाऊ भूमि है और उसके कुछ भाग में संपूर्ण महानगर का कूड़ा इकट्ठा होता है और वहां पर कूड़ा प्लांट लगाया हुआ है ऐसे में वहां बस अड्डा स्थानांतरित नहीं किया जा सकता । राजेंद्र चौधरी ने कहा कि मंत्री महोदय रुड़की बस अड्डे से रोशनाबाद जिला मुख्यालय,एम्स अस्पताल ऋषिकेश,जाली ग्राउंड अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर बस सेवा करनी चाहिए और रुड़की बस अड्डे का उच्चीकरण कर शानदार बस अड्डे के रूप में बनाया जाना चाहिए। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि रुड़की में गैस की भारी किल्लत है शादियों का सीजन है और लोगों को एजेंसी वाले गैस नहीं दे रहे हैं छोटे व्यापारी रेडी पटरी वाले तथा होटल वालों के सामने भी गैस की भारी समस्या बन गई है जिससे बेरोजगारी बढ़ाने की आशंका है उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से छोटी रेडी पटरी वालों को शादी वालों को गैस मिलने की सुविधा शुरू होनी चाहिए।





आगरा। कई गांवों में बारिश और ओलावृष्टि के बाद क्षतिग्रस्त हुए गेहूं की फसल को इकट्ठा करता मजदूर।

## 23 साल बाद दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट

### अब तक ईरानी हमलों में अमेरिका के 7 विमान तबाह, तेहरान की रणनीति नहीं समझ पा रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान जंग के एक महीने बाद ट्रम्प ने 2 अप्रैल को अमेरिकी जनता को संबोधित किया। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की हवाई सेना को तबाह कर दिया है और उनके पास जवाब देने की क्षमता नहीं बची है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर कब्जा हो चुका है।

उनके विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं और ईरान कुछ नहीं कर पा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे ही दावे किए। लेकिन हालात अब अलग कहानी बता रहे हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए। 23 साल में पहली बार अमे. रिकी लड़ाकू विमान दुश्मन की गोलीबारी में गिराए गए। इससे पहले 2003 में इराक युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था। ईरानी मीडिया के मुताबिक सबसे पहले अमेरिकी एफ-5ई

**पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए**



फाइटर जेट को मार गिराया गया। यह ईरान के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में उड़ान भर रहा था। एफ-5ई फाइटर जेट के क्रू को ढूंढने के लिए अमेरिकी विमान ।-10 अटैक एयरक्राफ्ट पहुंचा तो उस पर भी हमला हुआ। ए-10 हमले के बाद कुवैत के हवाई क्षेत्र तक पहुंच गया, जहां पायलट ने सुरक्षित तरीके से इजेक्ट किया। पायलट सुरक्षित है, हालांकि विमान कुवैत में क्रैश हो गया। एफ-5ई में दो क्रू मेंबर थे। इनमें से एक को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि दूसरा लापता है। ईरानी सरकारी मीडिया का कहना है कि पैराशूट के जरिए बाहर निकला यह क्रू सदस्य देश के दक्षिणी हिस्से में उतरने का अनुमान है। वहीं, एफ-5ई फाइटर जेट के रेस्क्यू के लिए 2 ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर भेजे गए थे। उन पर भी हमला हुआ। हालांकि, इन पर मौजूद सभी अमे. रिकी सैनिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका को ईरान के आसमान में बढ़त जरूर है, लेकिन पूरी तरह कंट्रोल नहीं है। ईरान का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। अब सवाल यह है कि कमजोर एयर डिफेंस होने के बावजूद ईरान ने इतने एडवांस अमेरिकी विमानों को कैसे निशाना बनाया, इसका जवाब है ईरान की 'असिमेट्रिक वारफेयर' यानी अलग तरीके से युद्ध लड़ने की रणनीति। ईरान जानता है कि सीधे युद्ध में अमेरिका से मुकाबला करना मुश्किल है, इसलिए कम संसाधनों में ज्यादा नुकसान पहुंचाने की रणनीति अपना रहा है। वह अक्सर अमेरिका पर चौंकाने वाले हमले कर रहा है। यही वजह है कि जंग शुरू होने के 35 दिन बाद भी अमेरिका अभी भी ईरान की रणनीति को पूरी तरह समझ नहीं पाया है। एक्सपर्ट का मानना है कि अमेरिकी विमानों और हेलिकाप्टर पर हमले के पीछे मजीद एयर डिफेंस सिस्टम या कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल (शोल्डर-फायर मिसाइल) हो सकती हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे, इसलिए वे इन मिसाइलों की रेंज में आ गए।

## अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल भागीदारी लगातार बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में रिनी संपत ने इतिहास रचते हुए वाशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में जगह बना ली है। वह इस पद के लिए बैलेट तक पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। तमिलनाडु के थेनी में जन्मी रिनी संपत बचपन में ही अमेरिका चली गई थीं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए गर्व का पल है। रिनी ने कहा कि वह सात साल की उम्र में अमेरिकन ड्रीम को पूरा करने के लिए अमे. रिका आई थीं। अब उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सपना वाशिंगटन डीसी के हर नागरिक के लिए हकीकत बने।

## अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े रक्षा बजट का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वित्त वर्ष 2027 के लिए अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट पेश किया है। ट्रम्प प्रशासन ने डेढ़ खरब डॉलर के रिकार्ड रक्षा बजट का प्रस्ताव पेश किया है। यह रक्षा बजट में 44 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि है, जिससे पेंटागन के खर्च में खासी बढ़ोतरी होगी। रक्षा बजट बढ़ाने के लिए कई घरेलू कार्यक्रमों में कटौती करने की तैयारी है। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक बजट प्रस्ताव में कहा कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए पहले दिए गए ऐतिहासिक 1 खरब डॉलर के बजट को आगे बढ़ाते हुए 2027 के लिए 1.5 खरब डॉलर की मांग की गई है, जो 44 प्रतिशत की वृद्धि है। अमे. रिकी प्रशासन का कहना है कि यह प्रस्ताव बढ़ते सुरक्षा दबावों के बीच अमेरिका की सैन्य बढ़त को बनाए रखने में मदद करेगा।

दस्तावेज में कहा गया कि 2027 का बजट इस वादे को सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सक्षम सेना बनाए रखे। प्रस्ताव में लगभग 1.1 खरब डॉलर का आधारभूत रक्षा खर्च शामिल है, जबकि करीब 350 अरब डॉलर गोला-बारूद उत्पादन और रक्षा औद्योगिक ढांचे के विस्तार के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस बजट का एक प्रमुख हिस्सा 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा



**शिक्षा-विदेशी मदद में कटौती की तैयारी**

प्रणाली विकसित करने के लिए रखा गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, गोल्डन डोम परियोजना को मजबूत वित्तीय समर्थन दिया जाएगा और इसे घरेलू सुरक्षा रणनीति के तहत प्राथमिकता मिलेगी। बजट में जहाज निर्माण के लिए 65.8 अरब डॉलर का प्रावधान भी किया गया है, जिसमें नए युद्धपोत और सहायक पोत बनाने की योजना है। साथ ही, सैन्य कर्मियों के वेतन में वृद्धि का भी प्रस्ताव है, जिसमें ई-5 और उससे नीचे के रैंक के जवानों के लिए 7 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी शामिल है। रक्षा खर्च में इस बढ़ोतरी के साथ अमेरिकी सरकार कई अन्य अहम कार्यक्रमों के बजट में कटौती की तैयारी कर रही है। आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक कि 2026 के गैर-रक्षा कार्यक्रमों की तुलना में बजट में 10 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव है।

# होर्मुज जलमरूडमध्य को तीन श्रेणी में बांटेगा ईरान

### देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा तेहरान

**तेहरान।** ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाज को तीन श्रेणी में बांटने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत 'शत्रु' देशों के जहाजों को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि 'तटस्थ' देशों को वहां से गुजरने के लिए शुल्क देना होगा और मित्र देश को आसान या बिना रोक-टोक प्रवेश की अनुमति देगा।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ था। जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की वास्तविक घेराबंदी की गई है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है। इस स्थिति ने क्षेत्र में तेल उत्पादन और निर्यात के स्तर को भी प्रभावित किया है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। वहीं ईरान ने कहा है कि अगर वह अमेरिका के साथ बातचीत करने का फैसला करता है, तो इस बात की जानकारी रूस समेत अपने मित्र देशों को देगा। एक ईरानी राजनयिक सूत्र ने कहा कि अगर ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करने का फैसला करता है, तो वह रूस समेत अपने दोस्तों को इसकी जानकारी देगा। सूत्र ने बताया कि ईरान इस मुद्दे पर रूस के प्रति पूरी पारदर्शिता दिखाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच सार्थक बातचीत हुई है। वहीं, ईरानी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के साथ बातचीत से इनकार किया था, लेकिन कहा कि ईरान को मध्यस्थों के जरिए अमे. रिका की ओर से संदेश मिले हैं, जिनमें संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत शुरू करने की इच्छा जाहिर की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



## ईरान युद्ध में अब तक 365 अमेरिकी सैनिक घायल, 13 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान अब तक कुल 365 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हुई है। बीसीसी ने अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हवासे से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि इन आंकड़ों में ईरान में हाल ही में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मार गिराए जाने और लापता चालक दल को खोजने के लिए चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घायल हुए सैनिक भी घायलों की इस सूची में शामिल हैं या नहीं। अमे. रिकी रक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 13 ही बनी हुई है।

## जर्मनी में पुरुषों के देश छोड़ने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** जर्मनी में 17 से 45 साल के पुरुषों की विदेश यात्रा को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। सरकार ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत इस आयु वर्ग के पुरुषों को तीन महीने से ज्यादा समय के लिए देश छोड़ने से पहले अनुमति लेनी होगी।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब जर्मनी अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुता. बिक, अब अगर कोई पुरुष तीन महीने से ज्यादा समय के लिए पढ़ाई, नौकरी या किसी अन्य कारण से विदेश जाना चाहता है, तो उसे जर्मन सेना यानी बुंडेसवेहर से मंजूरी लेनी होगी। यह नियम 1 जनवरी 2026 से लागू किया गया है। पहले यह नियम सिर्फ आपात स्थिति या युद्ध जैसे हालात में लागू होता था, लेकिन अब इसे सामान्य समय में भी लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत 17 से 45 साल के पुरुषों को लंबी अवधि के लिए विदेश जाने से पहले सैन्य प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह अनुमति बुंडेसवेहर के करियर सेंटर से मिलेगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जरूरत पड़ने पर सेना के लिए योग्य लोगों की जानकारी और उपलब्धता बनी रहे। जर्मनी सरकार इस कदम को सैन्य मजबूती से जोड़कर देख रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आने

**सरकार ने 17-45 साल आयुवर्ग के पुरुषों पर देश छोड़ने के मामले में पाबंदियां लगाई**

वाले वर्षों में सेना की संख्या बढ़ाई जाए। फिलहाल जर्मनी की सेना में करीब 1.84 लाख सैनिक हैं, जिसे बढ़ाकर 2035 तक 2.55 से 2.70 लाख तक करने की योजना है। ऐसे में संभावित सैनिकों का रिकार्ड रखना जरूरी माना जा रहा है। नई नीति के तहत 2008 या उसके बाद जन्मे युवाओं को सेना में रुचि से जुड़ा एक फार्म भरना होगा। यह पुरुषों के लिए अनिवार्य है, जबकि महिलाएं स्वेच्छा से इसमें भाग ले सकती हैं। सरकार का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की सैन्य जरूरतों के लिए तैयार रखना है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच जर्मनी अपनी सुरक्षा नीति को मजबूत कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह भी कहा है कि जर्मनी नाटो में एक अहम भूमिका निभाता है, इसलिए उसे अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। इस नियम को लेकर कुछ लोगों ने चिंता भी जताई है कि इससे नागरिकों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। पहले ऐसा नियम सिर्फ युद्ध या संकट के समय लागू होता था, लेकिन अब सामान्य हालात में भी इसे लागू करना एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

## एपस्टीन मामले में बड़ा समझौता

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में कुख्यात वित्त कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का घिनौना मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। नए-नए खुलासों और दस्तावेजों ने दुनियाभर के कई बड़े नेताओं और अरबपतियों की नींद उड़ा दी है।

इसी बीच इस मामले में बैंक आफ अमेरिका और पीड़ित महिलाओं के वकीलों के बीच हुए समझौते के तहत 7.25 करोड़ डॉलर (करीब 600 करोड़ रुपये) का एक फंड बनाया गया है, जिससे पीड़ित महिलाओं को मुआवजा दिया जाएगा। अदालत के अनुसार, इस फंड का फायदा 60 से 75 महिलाओं को मिल सकता है, जिनका एपस्टीन ने

- **7.25 करोड़ डॉलर का बनाया गया फंड, एक साथ कई पीड़ित महिलाओं को मिलेगा मुआवजा**
- **इस फंड का फायदा 60 से 75 महिलाओं को मिल सकता है: अदालत**

2008 के बाद यौन शोषण किया था। अमेरिकी जिला जज जेड एस. रैकाफ ने इस समझौते को शुरुआती मंजूरी दे दी है और अंतिम सुनवाई 27 अगस्त को होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पीड़ितों तक इस फंड की जानकारी पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी छूट न जाए। मामले में पीड़ित महिलाओं के वकीलों का आरोप था कि बैंक आफ अमे. रिका ने एपस्टीन के संदिग्ध लेनद. `न को नजरअंदाज किया, जबकि वह 2008 से 2019 के बीच लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था।

हालांकि बैंक ने आरोपों के बाद भी अपने बयान में कहा कि वह अपने पुराने रुख पर कायम है कि उसने किसी भी तरह के अपराध में मदद नहीं की, लेकिन इस समझौते से मामला खत्म होगा और पीड़ितों को कुछ राहत मिलेगी। जेफरी एपस्टीन को जुलाई 2019 में अवैध देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अगस्त 2019 में न्यूयार्क की जेल में उसकी मौत हो गई, जिसे आत्महत्या बताया गया।

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता रूस में नहीं हैं: राजनयिक स्रोत

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक ़ोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र 'अल-जरीदा' ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया कि नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं।


## जंग के बीच पैसा बनाने में जुटे ट्रम्प के बेटे

### ड्रोन बनाने वाली कंपनी से जुड़े, एक्सपर्ट बोले: युद्ध से फायदा कमाने वाले पहले राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक ड्रोन स्टार्टअप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुता. बिक, फ्लोरिडा की पावरस कंपनी मिडिल ईस्ट के देशों को अपने ड्रोन सिस्टम बेचने की कोशिश कर रही है। ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे, ये वही समय था जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया था।

हालांकि दोनों को कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद है। पावरस से जुड़े अधिकारियों ने अबू धाबी में अधिकारियों से मुलाकात की है। बातचीत इस बात पर हुई कि यूएई को हथियार और ड्रोन डिफेंस सिस्टम बेचे जा सकते हैं, क्योंकि वह ईरान के खिलाफ

**ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे**



अपने डिफेंस को और मजबूत करना चाहता है। इस घटना के बाद आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रपति के परिवार के लोग युद्ध से फायदा कमा रहे हैं। पावरस के सह-संस्थापक ब्रेट वेलिकोविच ने बताया कि उनकी टीम खाड़ी के कई देशों में ड्रोन डेमो दिखा रही है, ताकि यह समझाया जा सके कि उनके इंटरसेप्टर ड्रोन ईरानी हमलों से बचाव में कैसे मदद कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन देशों में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। वेलिको. विच ने कहा कि अमेरिका को चीन और रूस जैसे देशों से मुकाबले के लिए तेजी से ड्रोन तकनीक विकसित करनी होगी, नहीं तो वह पीछे रह जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। इस पूरे मामले से यह साफ होता है कि ईरान युद्ध के चलते ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम की मांग बढ़ रही है। ईरान सस्ते ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगी महंगे मिसाइल सिस्टम से उन्हें गिराने की कोशिश करते हैं। इससे लागत का बड़ा अंतर पैदा हो रहा है। यही वजह है कि सस्ते और असरदार एंटी-ड्रोन सिस्टम बनाने वाली कंपनियों के लिए बड़ा मौका बन रहा है।

## ईरान युद्ध में पाक को यूएई ने दिखाया आईना

### मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे इस्लामाबाद से वापस मांगा अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए पाकिस्तान मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इस बीच यूएई ने उसे आईना दिखाते हुए अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है। आर्थिक मोर्चे पर तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात के इस कदम से बड़ा झटका लगा है।

यूएई की तरफ से कर्ज चुक. ाने की अवधि को बार-बार बढ़ाया जा रहा था। हालांकि, शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूएई ने पाकिस्तान से इस महीने के अंत तक सारा कर्ज वापस करने के लिए कहा है। मौजूदा समय में पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा



भंडार में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि है। विदेशी मुद्रा भंडार की राशि से पाकिस्तान फिलहाल यूएई को कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में देश को बाहरी वित्तीय मदद की आवश्यकता पड़ सकती है। हालांकि, पाकिस्तान दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैलाकर ही अपनी गाड़ी को आगे खींच रहा है। 31 मार्च 2026 तक पाकिस्तान ने आईएमएफ से लगभग 729 करोड़ डॉलर का कर्ज ले रखा है। ट्रेडिंग इकोनामिक्स के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल विदेशी कर्ज दिसम्बर 2025 की दूसरी तिमाही तक लगभग 138 अरब डॉलर पहुंच गया है। आईएमएफ के अनुसार, पाकिस्तान वर्तमान में आईएमएफ के 7 अरब डॉलर के विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम के तहत काम कर रहा है। जल्द ही आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए लगभग 1.2 अरब डॉलर की अगली किस्त जारी करने पर सहमति जताई। चीन पाकिस्तान का सबसे बड़ा कर्जदाता है। चीन ने पाकिस्तान को लगभग 29 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। इसके अलावा सऊदी अरब ने करीब 9.16 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता और जमा राशि के रूप में मदद दी है। प्रोफिट बाई पाकिस्तान के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान को अप्रैल 2026 में 1.3 अरब डॉलर के यूरोबान्ड का भुगतान भी करना है। पाकिस्तानी मीडिया डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने बताया कि अबू धाबी ने रकम तुरंत वापस करने की मांग की थी।

## ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार: एंड्रे केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिगटन में ईरान-विरोधी 'हॉक्स' का साथ दिया और संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के पतन में योगदान दिया। रूस के राजदूत ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रिटेन ईरान की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करता है, लेकिन ईरानी नागरिकों के खिलाफ कथित युद्ध अपराधों की निंदा नहीं करता।

## सवालों के घेरे में ईरान युद्ध वार्ता में गतिरोध

नई दिल्ली। वर्तमान पश्चिम एशिया संकट, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के विवाद को सुलझाने के लिए ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच मध्यस्थता करने की पाकिस्तान की महत्वाकांक्षाएं विफल होती दिख रही हैं क्योंकि खबरों के अनुसार ईरान ने इस्लामाबाद में वार्ता करने से इनकार कर दिया है।

यद्यपि ईरान या अमेरिका-इजरायल की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ईरानी अधिकारियों के इस प्रक्रिया को खारिज करने और तेहरान के मध्यस्थों को औपचारिक रूप से सूचित करने के बाद कि वह इस्लामाबाद की वार्ता में भाग नहीं लेगा, पाकिस्तान की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस कूटनीतिक गतिरोध के साथ, क्या इस्लामाबाद इस

**क्या पाक मध्यस्थता से बाहर है, क्या भारत को इसमें शामिल होना चाहिए**

प्रक्रिया से बाहर है और भारत (ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में) इसमें शामिल होगा? यह प्रश्न अभी भी बना हुआ है। दोनों पक्षों के सीधे बयानों से बढ़ते कूटनीतिक अलगाव का संकेत मिलता है। ईरान के विदेश मंत्रालय और मुंबई स्थित इसके महावाणिज्य दूतावास ने पाकिस्तान के नेतृत्व वाली किसी भी मध्यस्थता में भाग लेने से इनकार किया है। ईरान ने पहले ही ट्रम्प प्रशासन की 15-सूत्रीय शांति योजना को खारिज कर दिया है, जो इस्लामाबाद के माध्यम से तेहरान भेजी गई थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि पाकिस्तान के मंच उनके अपने हैं, हमने उनमें भाग नहीं लिया। उन्होंने मध्यस्थों (पाकिस्तान) के माध्यम से दिए गए अमेरिकी प्रस्तावों को 'अत्यधिक, अनुचित और अवास्तविक' बताकर खारिज कर दिया है। दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने शुरू में 'सार्थक वार्ता' की मेजबानी के लिए तत्परता व्यक्त की थी और दावा किया था कि वाशिंगटन और तेहरान दोनों ने इस्लामाबाद की भूमिका पर विश्वास जताया है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 2 अप्रैल को अपने प्रयासों में कुछ 'बाधाओं' को स्वीकार किया, हालांकि उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद अपना कूटनीतिक प्रयास जारी रखेगा। पाकिस्तान की मध्यस्थता विफल होने की खबरें केवल अटकलों पर नहीं, बल्कि ठोस तथ्यों पर आधारित हैं।



## कलयुग राइजिंग

# भारत की एआई फिल्म ने रचा इतिहास

**मुंबई।** कलियुग राइजिंग-द बिगिनिंग ने प्रतिष्ठित हिग्सफील्ड मेक योर एक्शन प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में स्थान हासिल किया। 100 से अधिक देशों से आई 9,000 से अधिक प्रविष्टियों में से वैश्विक स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त करते हुए, यह उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय एआई फिल्म बनी। यह परियोजना कृत्रिम बुद्धिमत्ता-प्रथम रचनात्मक स्टूडियो इमैजिन इफ और फिल्म निर्माता प्रतया साहा को एक साथ लाती है, जहां कहानी कहने की महत्वाकांक्षा और अत्याधुनिक तकनीक का संगम होता है।

# ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी रश्मिका

**रश्मिका मंदाना इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी, यह इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा।**

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जापान के टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर छाने वाली हैं।रश्मिका मंदाना इंटरनेशनल लेवल पर एक बार फिर भारत को प्रस्तुत करने वाली हैं। वह इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। यह इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा। रश्मिका इससे पहले भी 2024 में इस अवॉर्ड शो का हिस्सा रह चुकी हैं और उस समय वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय प्रेजेंटर बनी थीं। रश्मिका ने खुद इस खबर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि वह एक बार फिर जापान जाकर एनीमे से जुड़े टैलेंटेड लोगों के साथ इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। उल्लेखनीय है कि एनीमे अवॉर्ड्स दुनियाभर के कलाक. ारों, क्रिएटर्स और एनीमे लवर्स को एक साथ लाने वाला बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां बेहतरीन काम को सम्मानित किया जाता है।



# लीसा मिश्रा ने छह महीने तक आवाज खोने के बारे में किया खुलासा

**मुंबई।** गायिका और अभिनेत्री लीसा मिश्रा ने हाल ही में अपने जीवन का एक बेहद निजी अनुभव साझा किया, जिसे आमतौर पर लोग एक सफल और लगातार परफॉर्म करने वाले कलाकार से जोड़कर नहीं देखते। लीसा मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी आवाज लगभग छह महीने के लिए पूरी तरह चली गई थी। इसका कारण वोकल नोड्यूल्स थे, जो ज्यादा इस्तेमाल और दबाव के कारण वोकल कॉर्ड्स पर बनने वाले छोटे-छोटे कठोर उभार होते हैं। लीसा इस समय को अपने करियर का सबसे कठिन दौर मानती हैं। एक पेशेवर गायिका के लिए आवाज सिर्फ एक साधन नहीं होती, बल्कि उसकी पहचान, रोजगार और भावनात्मक सहारा भी होती है। इसे खो देना न सिर्फ करियर के लिए बड़ा झटका होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत भारी पड़ता है। लीसा ने बताया कि यह अनुभव उनके लिए कितना मुश्किल था, क्योंकि इस दौरान उन्हें डर, आत्म-संदेह और अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ा। अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। हाल ही में लीसा ने लगातार चार दिनों तक कई शो किए, और इस दौरान उनकी आवाज पूरी तरह ठीक रही, बिना किसी परेशानी के।

























